भाद्रपद कृष्ण पक्ष 01, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 28.9° न्यून. 21.3°
रांची: अधिक. 29.8° न्यून. 21.9°

रांची, रविवार
10 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-189, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 12



## हमें गर्व है हमारी सेना पर

राष्ट्रीय नवीन मेल






**रिंकू बनर्जी 'मधु'**

चोटी बर्फीली हो हिमालय की
या तपता रेत हो रेगिस्तान का
अतन्द्र प्रहरी देश का हैं ये
वीर सेनानी हिंदुस्तान का।।
गर्व हमें हैं उनपर सदा से
शौर्य जिनके हैं रग-रग में
देश के आबरू की रक्षा में
तत्पर सैनिक हिंदुस्तान का।।

हमारे सेना के शौर्य, बलिदान, त्याग और देशभक्ति की गाथा हमेशा से इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। और, इसबार पहलगाम के, विश्व के कुछ क्रूरतम घटनाओं में शामिल कुकृत्य जैसे धर्म पूछकर सिंदूर मिटाना, जिंदगी उजाड़ने के बाद हमारी जल-थल और नभ सेना की जो शौर्यगाथा है, उसे हम कभी भुला नहीं सकते। यह 'ऑपरेशन सिंदूर' हम भारतवासियों की वेदना से परिपूर्ण मन एवं अश्रुपूरित नैन को न्याय और सम्मान से भर दिया है। हमें गर्व हैं हमारी वीर भारतीय सेना पर। जय हिंद।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत ने आतंक पर किया कड़ा प्रहार

# मार गिराए पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट समेत छह विमान

- एयर चीफ मार्शल ने बेंगलुरु में एलएम कात्रे व्याख्यान में किया खुलासा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत ने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार करते हुए उसके छह विमान मार गिराए थे। भारत ने पाकिस्तान के जिन विमानों को मार गिराया, उनमें 5 पाकिस्तानी लड़ाकू विमान शामिल थे। इनमें अलावा, एक इंटेलिजेंस कलेक्ट करने वाला विमान भी भारतीय सेना ने ढेर किया है। शनिवार को भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने यह जानकारी दी।

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को बेंगलुरु में यह बड़ा खुलासा किया है। वह यहां आयोजित एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे व्याख्यान के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। साथ ही, पाकिस्तानी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विमान को भी भारत ने ढेर कर दिया था। यह विमान हवाई निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने से जुड़े काम में मदद करता है। वायुसेना के मुताबिक पाकिस्तानी सेना के विमानों को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया गया। जानकारी के अनुसार, जैकोबाबाद एयरबेस पर खड़े कुछ विमानों को भी निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना ने बोलारी एयरबेस पर सटीक हमलों में एक पाकिस्तानी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विमान को ध्वस्त किया। वायुसेना के अनुसार यह जानकारी विश्वसनीय खुफिया इनपुट्स पर आधारित है। ज्ञात हो कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में एस-400 सिस्टम का पहली बार इस्तेमाल हुआ था। माना जा रहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान व उसके तुरंत बाद यह वास्तविक जानकारी इसलिए बाहर नहीं आई, क्योंकि तब भारतीय वायुसेना तकनीकी इनपुट्स का विश्लेषण कर रही थी।

जानकारी के अनुसार, भारतीय वायुसेना ने सभी पांच लड़ाकू विमान और पाकिस्तानी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विमान को 7 मई को मार गिराया था। ज्ञात हो कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' के आतंकियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी। इसके बाद भारत ने आतंकवादियों के खात्मे के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के भीतर और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था।

भारतीय सेना के इस हमले में सौ से अधिक आतंकवादियों की मौत हुई। वहीं, पाकिस्तान सेना ने भारतीय सैन्य और नागरिक ठिकानों को अपना निशाना बनाने की कोशिश की। इसका करारा जवाब देते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस और एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट कर दिए। ज्ञात हो कि भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह सिद्ध करने में कामयाब रहा है कि 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) पाकिस्तान स्थित शेष पेज 11 पर



### आज भारत की सेना में हर हालात से निपटने की ताकत

हाल ही में संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पाकिस्तान ही नहीं, भारत की तरफ टेढ़ी निगाह से देखने वाले हर देश को यह समझ लेना चाहिए कि आज भारत की सेनाओं में हर हालात से निपटने की ताकत और कुव्वत है। हम जानते हैं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कौन सा देश क्या कर रहा था। हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान को शह देने वाली ताकतों को भी संदेश दे दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक जिद्दी बच्चे की तरह मानता ही नहीं है। इसलिए पूरी दुनिया के लिए यह जरूरी है कि पाकिस्तान पर आतंकवाद को लेकर हर तरह का रणनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव बनाया जाए।

## आयकर विभाग ने जारी की आईटीआर-5 एक्सेल यूटिलिटी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शनिवार को आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर-5 एक्सेल यूटिलिटी जारी की। इस यूटिलिटी का इस्तेमाल साझेदारी फर्मों, सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) और सहकारी समितियों द्वारा अपना वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिए किया जा सकता है। व्यक्तियों के संघ, व्यक्तियों के निकाय, कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति, सहकारी समितियां, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत समितियां, स्थानीय प्राधिकरण, और कुछ व्यावसायिक ट्रस्ट और निवेश निधि अन्य पात्र संस्थाएं हैं। व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ), कंपनियों और आईटीआर-7 का उपयोग करने वाले लोगों के अलावा अन्य संस्थाएं आईटीआर-5 फॉर्म का उपयोग कर सकती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर आयकर विभाग ने कहा, आईटीआर-5 की एक्सेल उपयोगिता अब लाइव है और दाखिल करने के लिए उपलब्ध है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

### किसानों से मिलकर उनकी दिक्कतों एवं जरूरतों के बारे में ली जानकारी

### ग्रामीणों से मिले, उनका हालचाल पूछा और बचपन की यादें भी ताजा की



## सीएम ने नेमरा में खेती-किसानी का लिया जायजा, किसानों से कहा

# आपकी मदद के लिए तत्पर है राज्य सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 'बाबा' के निधन के बाद जिंदगी के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। वे बेचैन और व्यथित हैं, लेकिन सक्रिय हैं। इस सक्रियता में राज्य के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। अपने व्यस्त जीवन में मुख्यमंत्री को नेमरा गांव में बचपन की यादें ताजा हो रही हैं, लेकिन वे अपना कर्तव्य भी नहीं भूल रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा में हरे-भरे खेत, पेड़ों की लहराती टहनियां, नीले आसमान के नीचे फैली हरियाली और मिट्टी की सोंधी खुशबू के बीच कोई भी व्यक्ति प्रकृति की सुदरता में खो जाएगा। लेकिन, सीएम सजग हैं और राज्य के किसानों के विकास के बारे में सोच रहे हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने शनिवार को नेमरा गांव की पगडंडियों पर चलते हुए धनरोपनी में लगे किसानों-महिलाओं के साथ बातचीत की। उन्होंने नेमरा के बरमसिया और बड़का नदी दोईन में किसानों से बातचीत करते हुए कहा, स्थानीय तौर पर बारिश के पानी का खेती के लिए इस्तेमाल किए जाने के बहुत फायदे हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि छोटी बरसाती नदी के पानी को चेक डैम के जरिए खेतों तक पहुंचाने की सरकार की योजना का लाभ लें। स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर अपनी खेती की बेहतरी से अपनी आमदनी बढ़ाने का प्रयास करें। सरकार आपके साथ खड़ी है, आपकी मदद के लिए तत्पर है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, प्रकृति के ऐसे नजारों को देखने के लिए लोग दूर-दूर देशों तक घूमने जाते हैं। अपने झारखंड के गांवों में तमाम ऐसे दृश्य प्रकृति ने बिखेर रखे हैं। हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सजग रहने की जरूरत है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किसानों से लंबी बातचीत की। उन्होंने खेती-बाड़ी की मौजूदा स्थिति, बारिश के हालात, खाद और शेष पेज 11 पर



### गांव का विकास ही राज्य का विकास है

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ग्रामीणों के साथ बातचीत में कहा कि हमारी सरकार गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही है। हमारी सरकार किसानों के हित में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार गांव के विकास, सड़क, सिंचाई और शिक्षा सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयासरत है।

## हथियार व गोलियों के साथ टीएसपीसी उग्रवादी गिरफ्तार

- चतरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई रंगदारी और हथियार तस्करी के कई मामलों में वांछित था आरोपी

**चतरा ।** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना पर चतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तृतीय प्रस्तुति समिति कमेटी (टीएसपीसी) के कुख्यात उग्रवादी को हथियार और भारी मात्रा में गोलियों के साथ गिरफ्तार किया। शनिवार को गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया उग्रवादी जमादार गंझू उर्फ पहाड़ी गंझू, लावालौंग थाना क्षेत्र के कनवातरी गांव का निवासी है। उसे लावालौंग थाना क्षेत्र के खामडीह जंगल से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देशी कट्टा, तीन देशी राइफल, 92 राउंड गोली, दो मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड, टीएसपीसी का पोस्टर, एक केमोफ्लाज वर्दी और एक बैग बरामद किया गया। एसपी अग्रवाल ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि शेष पेज 11 पर

## सरायकेला में दो मालगाड़ियों की टक्कर, दर्जनों डिब्बे पटरी से उतरे



- पितकी रेलवे गेट और चांडिल स्टेशन के बीच हुआ हादसा

**नवीन मेल डेस्क**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले में स्थित चांडिल जंक्शन के पास शनिवार को एक बड़ी रेल दुर्घटना हुई। आद्रा रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र में शनिवार के तड़के लगभग 4:00 बजे पितकी रेलवे गेट और चांडिल स्टेशन के बीच दो मालगाड़ियों की टक्कर हो गई। इस हादसे में दर्जनों बोगियां पटरी से उतर गईं और रेल परिचालन पूरी तरह ठप हो गया।

जानकारी के अनुसार, टाटानगर से पुरुलिया की ओर जा रही एक आयरन ओर से लदी मालगाड़ी चांडिल स्टेशन पार करने के बाद पटरी से उतर गई। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही दूसरी मालगाड़ी पटरी से उतरी ट्रेन की बोगियों से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दूसरी ट्रेन के भी कई डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य शुरू किया। फिलहाल, हादसे में किसी की जान जाने की खबर नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, उनलोगों ने सुबह में तेज आवाज सुनी। जब वे घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने दोनों मालगाड़ियों को आपस में टकराते हुए पाया। लोगों ने कहा कि अगर उस समय कोई यात्री ट्रेन वहां से गुजर रही होती, तो एक बड़ी त्रासदी हो सकती थी।

शेष पेज 11 पर

### लोहरदगा में पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

## दो अंतरराज्यीय तस्कर ब्राउन शुगर के साथ हुए गिरफ्तार

- पूछताछ में स्वीकार किया सासाराम से ब्राउन शुगर लाकर लोहरदगा में बेचते हैं

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 13 ग्राम ब्राउन शुगर के लोहरदगा रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को विगत कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन के आसपास अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री हो रही है। विगत शुक्रवार (8 अगस्त) की शाम विश्वसनीय सूचना मिली कि दो व्यक्ति समाहरणालय मैदान के पास ब्राउन शुगर बेचने आने वाले हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने शुक्रवार की रात में करीब 8:30 बजे मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही दोनों संदिग्ध भागने लगे। पीछा कर एक व्यक्ति 32 वर्षीय अमजद अंसारी (पिता बसी अंसारी, निवासी राहतनगर, लोहरदगा) को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से करीब 13 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद हुई। भागे हुए दूसरे आरोपी 22 वर्षीय तबरेज खलीफा उर्फ सोनू खलीफा (पिता कलाम खलीफा, निवासी सोमार बाजार, लोहरदगा) को पुलिस ने रात में ही सोमार बाजार से गिरफ्तार कर लिया।

शेष पेज 11 पर

## इंडिया › प्लास्टिक है वैश्विक समस्या, जानते सब हैं मानता कोई नहीं

बार-बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध सहित इनके थैलों पर रोक लगी है पर मनाता कोई नहीं नतीजा है कि मुहल्लों की नालियों के जाम से लेकर आवारा घूमते पशुओं की मृत्यु के कारक प्लास्टिक से हो रहे प्रदूषण से हर वय, जाति या आयु वर्ग प्रभावित है। इससे होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में हर स्तर पर चिंता जताने के साथ उससे मुक्ति संबंधी उपायों पर बात भी की जाती है। पर जब व्यक्तिगत उपयोग की बात आती है तो दृष्टिकोण पूर्णतया बदल जाता है। शायद यही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे विभिन्न संवादों एवं संधियों के निर्णायक स्वरूप तक पहुंचने में बाधक बन रहा है। जेनेवा (4 से 10 अगस्त तक) में चल रहे सम्मेलन में दुनिया के लोग प्लास्टिक के विभिन्न अवयवों की उत्पत्ति से लेकर उसके निष्पादन तक, पर्यावरण हानि को रोकने के लिए एक निर्णायक संधि तक पहुंचने का प्रयास किया गया । प्लास्टिक को सन 2022 में जब संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक समस्या मानते हुए निर्णायक संधि के लिए वार्ता प्रारंभ करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया, तब से लेकर अब तक छोटे समूह में वार्ताओं के अतिरिक्त पांच चक्र प्लास्टिक से जुड़े सभी हितधारक वर्गों को सम्मिलित करते हुए आयोजित हुए। पर हर बार निर्णय अगले दौर की वार्ता के लिए लंबित छोड़ दिया जाता रहा है।वर्तमान में 46 करोड़ टन प्लास्टिक के उत्पादन में से दो टन सीधे तौर पर प्रदूषण का कारक बन रहा है। मोटे अनुमान के अनुसार, 25 वर्षों में प्लास्टिक से हो रहा नुकसान उसके चार गुना उत्पादन वृद्धि के साथ 281 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। प्लास्टिक पर वैश्विक संधि के पूर्ववर्ती वार्ताओं में असहमति का मुख्य कारण इसके क्रियान्वयन की सीमाओं को लेकर रहा है, विकसित देशों का एक बहुत बड़ा वर्ग संधि को मात्र प्लास्टिक से उत्पन्न कचरे तक सीमित रखना चाहता है, जबकि दूसरा वर्ग बाध्यता को डिजाइन से लेकर निष्पादन तक जुड़े हुए समस्त अवयवों को शामिल करने की मांग कर रहा है। इस मांग के तहत प्लास्टिक उत्पादन के लिए उपयोग हो रहे हानिकारक रसायनों पर पाबंदी को भी शामिल करना है। दूसरी सबसे बड़ी असहमति प्लास्टिक के विकल्प खोजने और आमजन तक पहुंचाने के लिए आवश्यक आर्थिक सहायता जुटाने को लेकर है। प्लास्टिक के विकल्प खोजने के लिए न तो सभी देश सक्षम हैं और न ही सभी के उपभोग का समान तरीका है।वैश्विक रूप से निर्णायक संधि नहीं होने के कारण समस्त राष्ट्रों द्वारा समान रूप से रणनीति को अमल में नहीं लाया जा रहा है। यदि कहीं प्रतिबंध है, तो उससे लगती हुई सीमा पर उत्पादन एवं उपयोग बेरोकटोक चल रहा है। संयुक्त राष्ट्र की इस संधि के माध्यम से प्लास्टिक के उत्पादन से लेकर उपयोग तक हर स्तर पर अंकुश लगाने का प्रयास अपेक्षित है। यदि पृष्ठभूमि को देखा जाए, तो आम सहमति नहीं बन पाई है, जैसे अमेरिका ने स्वयं को जलवायु परिवर्तन संबंधी पहल से अलग कर रखा है, उसी प्रकार तेल उत्पादक राष्ट्र समझ के बावजूद पॉलीमर उत्पादन पर रोक के लिए सहमत नहीं हैं। विकसित देश कहीं भी स्वयं के कृत्यों की भरपाई करने में रुचि नहीं प्रदर्शित करते और सक्षमता के चलते वार्ताओं का रुख अपनी ओर कर देते हैं। अपेक्षा है, जेनेवा में चल रही प्लास्टिक प्रदूषण संबंधी वार्ता निर्णायक साबित होगी, जिसके तहत प्लास्टिक उत्पादन में कमी, पुनःचक्रण के मानदंड, प्रदूषण रोकने संबंधी पुख्ता कदम, शोध संबंधी प्रावधानों के साथ-साथ अल्प आय श्रेणी के राष्ट्रों को विकसित राष्ट्रों द्वारा आर्थिक सहयोग देने पर भी सहमति बनेगी। इस संधि का होना सृष्टि के लिए भी नितांत आवश्यक है।



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**



एआई जेनरेटेड

## अड़की में सड़क हादसा, बाइक सवार 3 युवकों की गई जान

### तमाड़-खूंटी मार्ग पर छड़ लदे ट्रेलर ने मारी टक्कर

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/खूंटी।** खूंटी के अड़की थाना क्षेत्र के तमाड़-खूंटी मार्ग पर खुदीमाड़ी के पास शनिवार को मोटरसाइकल सवार तीन युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतकों की पहचान पूरनानगर निवासी घसिया लोहार के पुत्र 25 वर्षीय ब्यास लोहरा एवं 28 वर्षीय मनोज लोहरा (दोनो सगे भाई थे) तथा ब्यास लोहरा के साढ़ू रांची जिला के सोनहातु भूसुडीह निवासी 19 वर्षीय राज लोहरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, ब्यास लोहरा अपनी पत्नी से मिलने खूंटी सदर अस्पताल जा रहा था, जो वहीं एडमिट है। वह अपने सगे भाई मनोज लोहरा और साढ़ू राज लोहरा के साथ पूर्णानगर से खूंटी के लिए निकला था। दिन में करीब दो बजे खूंटी जा रहे एक अज्ञात छड़ लदे टेलर ने उनकी मोटरसाइकल को टक्कर मार दी।

इस टक्कर के बाद तीनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना अड़की पुलिस को दी, जिसने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वह तेज गति से खूंटी की ओर भाग निकला।

# जमशेदपुर में अत्याधुनिक अंतरराज्यीय बस टर्मिनल निर्माण की प्रक्रिया शुरू

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** औद्योगिक नगरी जमशेदपुर को आधुनिक परिवहन सुविधा देने की दिशा में राज्य सरकार ने अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुगम और आरामदायक परिवहन के संकल्प के तहत मानगो डिमना चौक के पास 13 एकड़ जमीन पर यह डिपो तैयार होगा।

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने परियोजना को हेम (हाइब्रिड एन्युइटी मोड) पर बनाने की सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है और प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार को उच्च गुणवत्ता युक्त आईएसबीटी निर्माण का निर्देश दिया गया है। इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जुडको को दी गई है। कर्नाटक की आइडेक एजेंसी ने परियोजना का खाका तैयार किया है, जिसकी लागत 145.24 करोड़ रुपये होगी।

टर्मिनल भवन पांच मंजिला (दो बेसमेंट, ग्राउंड प्लस तीन मंजिल) होगा, जबकि वाणिज्यिक भवन एक बेसमेंट, ग्राउंड और तीन मंजिल का होगा। परिसर में 50 आदर्श पार्किंग, 23 एलिगेटिंग बस वे, 300 कार और 350 बाइक पार्किंग, जल संसाधन विभाग का कार्यालय एवं गोदाम, एसटीपी, डब्ल्यूटीपी, ईटीपी और आंतरिक-सड़क व्यवस्था होगी।

फर्स्ट फ्लोर पर 80 सीटों वाला एसी वेटिंग हॉल, 120 बेड का यात्री डोरमेट्री, 60 बेड का चालक डोरमेट्री, फूड कोर्ट, शॉप्स, सुरक्षा कार्यालय, ट्रेवल एडमिन ऑफिस और शौचालय होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर 23 बस वे, 18 टिकट काउंटर, क्लॉक रूम, लॉजिस्टिक सेंटर, रेस्टोरेंट, पब्लिक शौचालय और फूड कोर्ट की सुविधा रहेगी। परिसर को झारखंडी कला और पेंटिंग्स से भी सजाया जाएगा।

# हमें अपने वीर सैनिकों पर गर्व है : संजय सेठ

- रक्षा राज्य मंत्री ने दिल्ली में राजपूताना राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में जवानों को बांधा रक्षा सूत्र

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शनिवार को भारतीय सेना के वीर जवानों के साथ रक्षाबंधन मनाने के लिए नई दिल्ली स्थित राजपूताना राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर (आरआरआरसी) पहुंचे। रक्षा राज्य मंत्री ने वीर जवानों को रक्षा सूत्र बांधा एवं मिठाइयां खिलाई। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री सेठ ने कहा, आज हमारे देश के वीर सैनिकों की बदौलत ही हमारा देश सुरक्षित है। हमारे वीर सैनिक अपने-अपने परिवार से दूर रहकर भारत माता की सेवा में लगे हैं। हमें अपने वीर सैनिकों पर गर्व है। आज वीर सैनिकों के पास अपने को पाकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार वीएसएम और राजपूताना राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर रमन शर्मा भी उपस्थित थे।

# निशिकांत खुद को गिरफ्तार कराने पहुंचे थाना, पुलिस ने किया इनकार



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/गोड्डा।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे शनिवार को अपने समर्थकों के साथ देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर थाना पहुंचे और हाल ही में दर्ज मामले के विरोध में गिरफ्तारी देने की पेशकश की। मंदिर परिसर में जबरन प्रवेश को लेकर उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया था, जिसे वह पूरी तरह निराधार बता रहे हैं। थाने पहुंचने से पहले एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में दुबे ने कहा कि यह मामला राजनीतिक षड्यंत्र के तहत दर्ज किया गया है। उन्होंने सवाल उठाया, "जिस व्यक्ति का मंदिर में एक भी यजमान नहीं है, वह अंदर क्या कर रहा था? अगर मैंने कानून-व्यवस्था तोड़ी होती तो पुलिस और मजिस्ट्रेट खुद मेरे खिलाफ केस दर्ज करते, फिर एक व्यक्ति के शिकायत पर यह मामला कैसे बन गया?

### कहा - सदन तक ले जाएंगे लड़ाई

सांसद ने आरोप लगाया कि यह सरकार उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं भगोड़ा नहीं हूं। भगोड़ा तो वह मुख्यमंत्री हैं जो गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली भाग गए थे। बैद्यनाथ धाम थाना में पहुंचने के बाद भी पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी नहीं की। इस पर दुबे ने कहा कि अब वह इस लड़ाई को सदन तक ले जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि वह देवघर के एसपी, डीसी और डीजीपी के खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएंगे।

# पैसे-पद के लालची पदाधिकारी नेताओं के खिलाफ कर रहे षडयंत्र : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष



बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा है कि राज्य में पैसे और पद के लालच वाले पदाधिकारी उच्च पद पर बैठे नेताओं के खिलाफ षडयंत्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा, झारखंड में विधानसभा चुनाव के वक्त झारखंड के किस सीनियर पुलिस अधिकारी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा को षडयंत्र कर फंसाने का प्रयास करने के लिए किसे दो-दो बार पैसे देकर दिल्ली और गुवाहाटी भेजा था, इसका खुलासा भी प्रमाण के साथ बहुत जल्द होगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, क्या ये सब नीच काम आपकी जानकारी में हो रहा था या आपकी बिना जानकारी में, आपको इसका खुलासा करना चाहिए। हेमंत जी, क्या आपको नहीं लगता कि जो अफसर पद और पैसे के लालच में देश के किसी प्रतिष्ठित ऊंचे पद पर बैठे व्यक्ति के बारे मे ऐसी घटिया हरकत और षडयंत्र करने का दुस्साहस कर सकता है, वह बुरा वक्त आने पर अपने फायदे के लिए आपके साथ भी ऐसा घटिया और गंदा काम नहीं कर सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, वैसे आपको बता दूं कि एक समय इन्हीं लोगों ने आपके कार्यकलापों का कच्चा चिट्ठा लिखकर दस्तावेजों के साथ सौ से भी ज्यादा नामी-बेनामी शिकायती चिट्ठियां दाएं-बाएं हाथ से दस्तखत कर-करवा कर आपके खिलाफ जगह-जगह भेजने-भिजवाने का 'काम' संभाल रखा था। बेहतर होगा कि अपनी खुद की एजेंसियों को लगवाकर इस बारे में विस्तार से पता करवा लीजिए और फिर भी जानकारी का अभाव रह जाए, तो हमसे व्यक्तिगत संपर्क कर इन सब की जानकारी अपनी आंख से देख-समझ लीजिएगा। हो सकता है ये सब देखकर आपकी आंख खुल जाए और आस्तीन के सांपों को पहचान पाने में दिकक्त न हो।

### सुर्खियों में बने रहने की कोशिश करते हैं बाबूलाल : डॉ. तनुज खत्री



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने कहा कि "बाबूलाल मरांडी क्सर सनसनीखेज और भ्रामक बयान देकर केवल सुर्खियों में बने रहने की कोशिश करते हैं।" उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि बाबूलाल मरांडी के पास किसी भी विषय पर ठोस एवं प्रमाणिक जानकारी है, तो उन्हें चाहिए कि वह यह प्रमाण पूरी जिम्मेदारी और संवैधानिक दायरे में रहते हुए सरकार या संबंधित जांच एजेंसियों को सौंपें। डॉ. खत्री ने कहा, "लोकतंत्र में आलोचना और सवाल उठाना पूरी तरह से जायज़ है, लेकिन बिना किसी पुष्टि और तथ्यात्मक आधार के गंभीर आरोप लगाना न केवल जनता को भ्रमित करता है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को भी चोट पहुँचाता है। इस प्रकार के बयानों से राजनीतिक माहौल बिगड़ता है और जनता के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकता है।" उन्होंने आगे कहा कि झारखंड जैसे संवेदनशील राज्य में इस तरह के बयानों को "ड्रामा" की तरह पेश करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। राजनीतिक जीवन में ज़िम्मेदारी और पारदर्शिता सर्वोपरि होनी चाहिए। जनता उम्मीद करती है कि उसके नेता तथ्यों और सच्चाई के आधार पर ही बोलें, न कि केवल राजनीतिक लाभ के लिए सनसनी फैलाएँ। अंत में डॉ. खत्री ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकतांत्रिक मूल्यों, जनहित और विकास के लिए प्रतिबद्ध है और राजनीतिक संवाद को स्वस्थ और तथ्यपरक बनाए रखने का आह्वान करता है।

# संस्कृत भाषा के साथ हो रहा है सौतेला व्यवहार : धर्मेन्द्र तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जनता दल (यूनाईटेड) के



वरिष्ठ नेता, धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि झारखंड में संस्कृत भाषा के विद्यार्थियों को न तो स्कूल और न ही शिक्षक नसीब हो रहे हैं। उन्होंने संस्कृत दिवस के मौके पर कहा कि राज्य में मात्र तीन ही अंगीभूत डिग्री संस्कृत कॉलेज हैं, उनमें से सबसे प्रमुख किशोरगंज स्थित संस्कृत स्कूल है, जो लगभग 100 वर्ष पुरानी है। इस विद्यालय की हालत अत्यंत ही दयनीय है। इस संस्कृत कॉलेज में उप शास्त्री (इंटर) में नामांकन बंद है और संस्कृत की पढ़ाई भी बंद है। साथ ही इस 100 वर्ष पुराने विद्यालय के परिसर में अवैध कब्जा और अतिक्रमण भी हो रहा है। मगर शिक्षा विभाग इससे अनजान बन बैठा है। श्री धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि एक तरफ तो सरकार सभी भाषाओं को समान रूप से शिक्षा देने की बात करती है, मगर संस्कृत के साथ भेदभाव बरतती है, इसके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, जो अनुचित है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा विश्व के प्राचीनतम भाषा में से एक है और इसकी जननी भारत देश है। संस्कृत भाषा को देव भाषा की गरिमा से संबोधित किया जाता है, किन्तु झारखण्ड में यह भाषा काफी उपेक्षित है, झारखंड में संस्कृत भाषा कराह नहीं रही है बल्कि मृतप्राय हो गयी है, जिससे सनातन संस्कृति को मानने वालों को ग्लानि महसूस होती है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि संस्कृत भाषा के उत्थान पर सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए। शिक्षा विभाग को इसके नियमित पठन-पाठन के लिए प्रखंड स्तर पर संस्कृत विद्यालयों की स्थापना एवं संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति करानी चाहिए, किन्तु दुर्भाग्य से यह अब तक नहीं हो पाया है। श्री तिवारी ने शिक्षा विभाग एवं राज्य सरकार मांग किया कि देव भाषा संस्कृत अन्य राज्यों की तरह झारखण्ड में भी अपनी पहचान बनाए रख सके, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में सरकारी संस्कृत विद्यालय एवं विश्वविद्यालय खोले जाए, संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति की जाय।

## विश्व आदिवासी दिवस समारोह

# इस बार दिशुम गुरु के सम्मान में संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया : बबलू मुंडा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शनिवार को कन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री बबलू मुंडा की अगुवाई में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के समाधी स्थल पर 151 मिट्टी का दीपक जलाकर एवं भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर झारखंड के सभी वीर शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया। केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि हर वर्ष विश्व आदिवासी दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है, लेकिन इस वर्ष दिशुम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन जी का निधन के कारण गुरुजी के सम्मान में विश्व आदिवासी दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। श्री बबलू मुंडा ने कहा कि झारखंड के वीर शहीदों, हमारे पूर्वजों ने एवं झारखंड आंदोलनकारी दिशुम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन जी ने जो सोचकर झारखंड का निर्माण किया था वह झारखंड आज नहीं है। झारखंड के वीर शहीदों एवं आदरणीय शिबू सोरेन का सपनों के साथ छलावा हो रहा है। आज झारखंड प्रदेश में सीएनटी एक्ट एसपीटी एक्ट कानून रहते आदिवासियों की जमीन की लूट जोरों पर है। झारखंड प्रदेश में खनिज संपदा का अंबार है फिर भी झारखंड के आदिवासी समाज अनुदान में जी रहे हैं। झारखंड में आदिवासीयों की रूढ़ी प्रथा एवं धार्मिक व्यवस्था को नष्ट करने में लगे हुए हैं। झारखंड के आदिवासी समाज आज भी उच्च शिक्षा से कोसो दूर है। यही सब विषयों को चुस्त दुरुस्त करने को लेकर आज विश्व आदिवासी दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर संकल्प लिया गया। मुख्य पहान श्री जगलाल पहान ने कहा कि हमारा जल जंगल जमीन का हक अधिकार बचाने का संकल्प लिए, आज जमीन माफिया के खिलाफ संगठित होकर आवाज उठाने की जरूरत है ताकि अपने अस्तित्व को बचा सके आज जरूरत है कि भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हू, चंद भैरव, आदरणीय दिशुम गुरु शिबू सोरेन के पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पहान, महादेव टोप्पो, झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा, सुरेन्द्र लिंडा, संजय नायक, मुकेश मुंडा, आशीष मुंडा, विशाल मुंडा, संतोष मुंडा, महादेव मुंडा, राकेश मुंडा, मानिष मुंडा, सोनू मुंडा, अन्जन मुंडा, रिसव मुंडा, अनुकल मुंडा, युवराज मुंडा, नरेश मुंडा, शम्भू टोप्पो, माईकल टोप्पो आदि उपस्थित थे।

# बीएयू ने कार्तिक उरांव के गांव लिट्टाटोली में मक्के के उन्नत बीज का किया वितरण



- यह गांव पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय कार्तिक उरांव का जन्म स्थान है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) ने शनिवार को जनजातीय उप योजना के तहत आदर्श ग्राम के रूप में विकास के लिए चयनित गुमला जिला के करौंदा लिट्टाटोली गांव में 240 किलो बीज का वितरण किया। क्वालिटी प्रोटीन हाइब्रिड मक्का (शक्तिमान-5) के बीज का वितरण कुल 60 किसानों के बीच किया गया। ज्ञात हो कि करौंदा लिट्टाटोली गांव प्रमुख जनजातीय नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय कार्तिक उरांव का जन्म स्थान है। इस गुणवत्तायुक्त हाइब्रिड बीज की उत्पादन क्षमता प्रति हेक्टेयर 70 से 75 क्विंटल है। इन किसानों को फसल विकास के विभिन्न चरणों में उर्वरक तथा आवश्यकता आधारित फसल संरक्षण रसायन भी उपलब्ध कराया जाएगा। फसल विकास के अनुश्रवण तथा सिंचाई, रोगों एवं कीड़ों से बचाव और खरपतवार प्रबंधन आदि विषयों के संबंध में आवश्यक परामर्श प्रदान करने के लिए के लिए बीएयू के वैज्ञानिकों का दल दो बार उस गांव का भ्रमण करेगा तथा एक दिन गांव में प्रक्षेत्र दिवस का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन बीएयू के पौधा प्रजनन एवं आनुवंशिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर पौधा प्रजनक डॉ चंद्रशेखर महतो और डॉ सुनील कुमार ने किसानों को मक्का उत्पादन की आधुनिक तकनीक की जानकारी दी। आयोजन में क्षेत्र अधिदर्शक ललितेश्वर सिंह और जयंत कुमार की भी प्रमुख भूमिका रही।

## डालसा का रिनपास योजना 'डॉन' पर जागरूकता कार्यक्रम

# नशामुक्त समाज का निर्माण ही उद्देश्य : कविता कुमारी खाती

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** माननीय झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव के निर्देश पर डालसा टीम के द्वारा रिनपास कांके, रांची में नशीले दवाओं के दुरूपयोग तथा उनके खतरे पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिप्टी, कविता कुमारी खाती, पीएलवी भारती देवी, सम्पा दास, प्रिति पाल एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

एलएडीसी डिप्टी, कविता कुमारी खाती ने नशा के सेवन, नशीले दवाओं के दुरूपयोग एवं उनसे होनेवाले खतरों पर फोकस किये। नशा से धन व स्वास्थ्य की हानि होती है। नशा से घर-परिवार बर्बाद हो जाता है। प्रीति पाल ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को नशे के सेवन से दूर रखें। नशा का कु-प्रभाव सीधे मस्तिष्क पर पड़ता है और बच्चे व नौजवान अपराध की ओर अग्रसर होते है। खाती ने एनडीपीएस एक्ट पर भी फोकस किए। पीएलवी भारती शाहदेव ने कहा कि डालसा, रांची के द्वारा समय-समय पर नशा उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तथा नुक्कड़ नाकटक का भी आयोजन किया जाता है। हमलोगों का उद्देश्य युवाओं व बच्चों को नशा से दूर करना तथा नशामुक्त समाज का निर्माण करना हैं। पीएलवी प्रीति पाल ने सड़क पर रहने वाले बच्चों के समग्र विकास और उन्हें नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरे से बचाने पर फोकस किये। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे अगर कोई बच्चे ड्रग्स का सेवन करते हुए दिखते है, तो उन्हें चिन्हित कर हमें बतायें, नशीड़ी बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए डालसा भरसक प्रयास करेगा।

पीएलवी सम्पा दास एवं प्रीति पाल ने कहा कि मानसिक रोगियों को नशा से छुटकारा पाने के लिए और उसके इलाज के लिए रिनपास और सीआईपी में लाने और उनका मनोचिकित्सक के परामर्श से दवा लेने से नशा से पीड़ित रोगियों का इलाज संभव है।

# कांग्रेस ने सादगी पूर्वक मनाया आदिवासी दिवस

**रांची।** शनिवार को अगस्त क्रांति दिवस और विश्व आदिवासी दिवस मना रहा है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस जनों ने बड़ी सादगीपूर्ण तरीके से यह दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, झारखंड कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति, जगदीश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। जेपी चौधरी सभागार में 1857 से लेकर 1947 तक के आजादी के नायकों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर आजादी के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## विश्व आदिवासी दिवस | 'आदिवासी लोग व एआई' विषय पर व्याख्यान का आयोजन, बोले टोलहीशेल

# अमूर्त आदिवासी संस्कृति पर किया जा सकता है कार्य

- कहा, संस्कृति का संरक्षण आवश्यक है, जो लोककथाओं के माध्यम से संभव हो सकता है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस पर झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के मानव विज्ञान और जनजातीय अध्ययन विभाग (डीएटीएस) ने शनिवार को 'आदिवासी लोग और एआई : अधिकारों की रक्षा, भविष्य को आकार देना' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्कॉटलैंड के टोलहीशेल खालिंग मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो रवींद्रनाथ शर्मा, संस्कृति अध्ययन संकाय के डीन और मानव विज्ञान और जनजातीय अध्ययन विभाग के प्रमुख थे।

मौके पर राजकिशोर महतो भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, रांची फील्डस्टेशन के प्रमुख, डॉ सोमनाथ रुद्र सीयूजे के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ रजनीकांत पांडे सहायक प्राध्यापक, डीएटीएस, टीएन कोइरेंग सहायक प्राध्यापक, डीएटीएस भी उपस्थित थे।

यह व्याख्यान भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के फील्ड स्टेशन, लुप्तप्राय भाषा केंद्र, स्वदेशी ज्ञान और सतत विकास केंद्र, समान अवसर प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय कैडेट कोर, सीयूजे, रांची के सहयोग से आयोजित किया गया था।

टोलहीशेल खालिंग का सत्र कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वदेशी समुदायों के प्रतिच्छेदन पर केंद्रित था - यह पता लगाना कि कैसे उभरती प्रौद्योगिकियां अवसर प्रदान कर सकती हैं और स्वदेशी अधिकारों, संस्कृतियों और भविष्य के संरक्षण के लिए चुनौतियां भी खड़ी कर सकती हैं। मुख्य आकर्षण में से एक यह था कि भले ही भारत सरकार आदिवासी संस्कृति के मूर्त हिस्से पर ध्यान केंद्रित करते हुए धरती आबा जनभागीदारी अभियान जैसी विभिन्न योजनाएं लेकर आई है, लेकिन कहीं न कहीं संस्कृति का एक बहुत ही महत्वपूर्ण, अमूर्त हिस्सा गायब है। इसलिए, यह एक ऐसा दायरा है, जहां विश्वविद्यालय अमूर्त आदिवासी संस्कृति पर काम करने के लिए कार्रवाई कर सकते हैं। उन्होंने फ्रोजन-2 फिल्म का भी उदाहरण दिया, जो 'सामी' लोगों की एक लोककथा थी। संस्कृति का संरक्षण आवश्यक है, जो लोककथाओं के माध्यम से संभव हो सकता है।

भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के रांची फील्ड स्टेशन के प्रमुख, राजकिशोर महतो ने लेवी स्ट्रॉस के बारे में भी जोर दिया, जो एक मानवविज्ञानी थे और उन्होंने सामाजिक संरचना के बारे में विचार व्यक्त किए थे, जो मूल रूप से लोककथाओं और लोकगीतों पर आधारित है। भूगोल विभाग के प्रमुख डॉ सोमनाथ रुद्र ने भी कहा कि जनजातीय अध्ययन में संस्कृति और भाषाओं का अन्वेषण करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग किया जा सकता है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्वानों, छात्रों और समुदाय के सदस्यों के बीच संवाद को बढ़ावा देना था। साथ ही, डिजिटल युग में स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों की सुरक्षा के महत्व पर बल देना था।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सीयूजे के मानव विज्ञान और जनजातीय अध्ययन विभाग में विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजन के लिए विभाग की पहल की सराहना की।

# आरपीएफ पोस्ट रांची ने ऑपरेशन 'सतर्क' के तहत मोबाइल चोर को पकड़ा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार आरपीएफ रांची मंडल सतर्क मोड में कार्य कर रही है इसी दौरान को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर ट्रेन संख्या 18624 एक्सप्रेस से एक महिला यात्री का मोबाइल फोन प्लेटफार्म संख्या 01 से चोरी हो गया। आरपीएफ टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक संदिग्ध युवक को मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 3 मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपी ने अपना नाम विशाल राम, आयु 20 वर्ष, निवासी पलामू, झारखंड बताया और अपराध स्वीकार किया। मोबाइल फोन को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को जीआरपीएस रांची के हवाले कर दिया गया। पीड़िता के पति ने मोबाइल की पहचान कर लिखित एफआईआर दर्ज कराई। इस कार्य में आईपीएफ शिशुपाल कुमार, एसआई सूरज पांडे, एसआई अश्वनी कुमार, एसआई कमल दास, फ्लाइंग टीम रांची डिवीजन और सीआईबी टीम/रांची का विशेष योगदान रहा।

## आज से भाद्रपद मास की शुरुआत, मांस-मछली के दुकानों पर टूट पड़े लोग

# महीने भर के शाकाहार के बाद लोगों ने बताया, मांसाहार क्यों और क्यों नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**





सावन के महीने में अधिकतर लोग सात्विक भोजन करना ही पसंद करते हैं यानी मांसाहार त्याग कर शाकाहारी भोजन करते हैं पुरे महीने। लेकिन सावन ख़त्म होते ही मांसाहार करना शुरू कर देते हैं। ऐसे में जो सावन के महीने में मांसाहार छोड़ते हैं वो और जिन्हें मांसाहार करते ही नहीं वैसे लोगों ने नवीन मेल ने बात की और जाना एक महीने के लिए छोड़ने पर कैसा लगता है या खाने की इच्छा इस बीच होती है या नहीं होती उन्हें कैसा लगता है। वहीं, जो मांसाहार करते ही नहीं या बहुत पेहले छोड़ चुके हैं वो कैसा महसूस करते है। जहां, अलग अलग और दिलचस्प प्रतिक्रियाएं सामने आई।



**सूरज पांडे** ने कहा सावन के महीने में किसी भी प्रकार के मांस का सेवन नहीं करते हैं। इसके पिछे उन्होंने कारण बताया कि भगवान शिव की आराधना का महिना होता है सावन और दूसरा सावन के महीने में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, बारिश के कारण पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, और मांसाहारी भोजन को पचने में अधिक समय लगता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती है। हालांकि सावन के बाद लोग मांसाहार की शुरुआत कर देते हैं। उन्होंने कहा मेरे भी मुश्किल होता है एक महिना छोड़ना। खान पान हमें अपनी इच्छानुसार करनी चाहिए यह किसी के दबाव में आकर अपने खाने पान के तरीके को बदलना उचित नहीं।

### बिना मांसाहार जीवन का अनुभव होता है अलग : राघव राज



**राघव राज** ने कहा मांसाहार जरूरी नहीं है लेकिन लोग अपने स्वाद के लिए खाते हैं। हालांकि सावन के महीने में अधिकतर हिंदू मांसाहार त्याग देते हैं। उन्होंने कहा मई भी इस महीने में मांसाहार नहीं करता हूं पिछले कई वर्षों से ये चला आ रहा था कि सावन भर बिना मांसाहार के रहना और सावन ख़त्म होते ही मांसाहार की तरफ आकर्षित हो जाना। लेकिन मेरे अनुसार यह कहीं से उचित नहीं लगता की एक महीने भक्ति में विलीन रहकर मांस छोड़ देना फिर मांस का सेवन करना इसलिए इस वर्ष से मैंने मांसाहार सदा के लिए छोड़ दिया है। बिना मांस खाए जीवन का अनुभव ही अलग होता है।

### अपने अपने तर्क देकर करते हैं लोग मांसाहर : आकाश मेहता



**आकाश मेहता** ने कहा जिंदगी के कई मायने और उसूल हैं। उसमे मांसाहार भी शामिल है। लोग मांसाहार करते हैं और उसके पीछे अपने अपने अनुसार तर्क बैठा देते हैं। सावन में नहीं खाकर अपनी भक्ति को सिद्ध करते हैं लेकिन सावन के बाद फिर से मांस पर टूट पड़ते हैं। उन्होंने कहा कई लोग तो खाते ही नहीं है। वैसे तो यह प्राकतिक का नियम है एक जीव दुसरे जीव को खाकर जीवित रहता है। क्योंकि उनके पास कुछ और उपाय नहीं होता। लेकिन इंसानी जीवन के लिए कई दुसरे उपाए हैं जिसके सहारे इंसान बिना मांसाहार के जीवत रह सकता है। उन्होंने कहा किसी जीव को मारकर कर खाना अपने स्वार्थ के लिए यह कहीं से शोभा नहीं देता।

### मांस ना खाने से नहीं होता अलग अनुभव : लक्की राज



**लक्की राज शुक्ला** ने कहा मांस खाना गलत नहीं है सब अपने अपने अनुसार अपने जीवन को जीते हैं। सबके खान पान और खाने के तरीके भिन्न होते हैं। उन्होंने कहा सावन में नहीं खाकर उनके सावन महीने के अलावा कभी कभी मांस का सेवन कर लेता हूं। बिना मांस खाए कुछ खास अलग अनुभव नहीं होता है। ये जरुर कहा जा सकता हैं मांस ना खाने से थोड़ी लालसा तो होती है चाहे वह सावन का महिना हो या अन्य महिना। चूंकि शुरु से ही हम इस खान पान के बीच रहे हैं।

## आदिवासियों में जीवित है उनकी संस्कृति और मान्यता

# आरक्षण के नाम पर आदिवासी पहचान का दिखावा चिंता का विषय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**





पुष्नी मुंडा

लगभग 70 वर्ष की पुष्नी मुंडा ने बताया कि आदिवासी ऐसा समुदाय है जो कल भी वैसा ही था जैसा आज है। अपनी संस्कृति और प्राकृतिक की पूजा से प्रचलित। आदिवासी का महत्व बताते हुए पुष्नी मुंडा ने कहा आदिवासी जो जल जमीन की रक्षा करने वाले होते हैं आदिवासी कहलाते हैं। आज के समय में आरक्षण के लिए आदिवासी होने का दिखावा करते हैं। मुंडा, उरांव, टोप्पो, कुजूर, संथाली और भी कई इस में शामिल हैं। हमारी पूजा में सरना, कर्मा, प्राकृतिक ओर सोहराय की पूजा होती है। सोहराय पूजा दीपावली के बाद मनाया जाता है जो पशु पक्षी की पूजा होती है। आदिवासी कभी अपनी भाषा और वेशभूषा पहनने से या बोलने से कभी पीछे नहीं हटते हैं। आदिवासी दिवस के दिन भी लोग काफी उत्साहित होते हैं क्योंकि आज लालपड़ सारी पहन कर सभी लोग निकलते हैं।

### आदिवासी होने के कई पहचान हैं

आदिवासी होने की पहचान है महिलाओं के माथे पर गोदना, आदिवासी के घर में हंसुआ, तीर धनुष, आंगन में सरना झंडा और भी अनेक चीजें है जो आदिवासियों की संस्कृति का प्रमाण देते हैं।

### युवाओं में अपनी संस्कृति का दीवानापन पहले जैसा झलकता है : पुष्पा मुंडा



आदिवासी युवाओं में अपने धर्म को लेकर जागरुक किया जा रहा है। आदिवासी समुदायों में बच्चे से बूढ़े तक सभी अपने धर्म का पालन करते हैं। उन्होंने कहा ये भी कहना गलत नहीं होगा कि आज कई लोग आदिवासी होने का दिखावा करके हमारी संस्कृति को बदनाम करने की कोशिश करते हैं।

# डेंटल क्लिनिक का सीपी सिंह ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची के विधायक सीपी सिंह ने शनिवार को सनसाइन स्माइल डेंटल क्लिनिक, किशोरगंज चौक का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में ओमप्रकाश, अरुण कुमार झा, अशोक यादव, नीरज चौधरी एवं अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद थे। मौके पर उपस्थित लोगों ने इस क्लीनिक के लिए दंत चिकित्सक डॉ यश, डॉ मानवी झा, डॉ हिमानी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं।

# भारतीय भाषा व संस्कृति ट्रेनिंग प्रोग्राम का रक्षाबंधन के साथ हुआ समापन

- सीयूजे की छात्राओं ने कोरियाई प्रतिभागियों को बांधी राखी
- आठ दिवसीय सैमसंग ग्लोबल एक्सपर्ट्स 2025 संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सैमसंग ग्लोबल एक्सपर्ट्स 2025 भारतीय भाषा और संस्कृति ट्रेनिंग प्रोग्राम का रक्षाबंधन के साथ शनिवार को समापन हुआ। इस आठ दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह में भारत के 28 अलग-अलग राज्यों के 28 अलग-अलग भाषाओं में 28 गानों की प्रस्तुति दी गई। कोरियाई भाषा विभाग के विद्यार्थियों ने सारी प्रस्तुति दी। एक प्रतिभागी ने भारत के अपने इस अनुभव को बहुत ही सुंदर बताया। भाषा, संस्कृति और संगीत की ट्रेनिंग को पूरी टीम ने काफी सराहा और अगले वर्ष फिर आने के लिए वादा किया। कोरियाई प्रतिभागी जाई यंग ने हिंदी में अपने अनुभव को साझा किया। कोरियाई प्रतिभागियों भारत के भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन के पर्व को भी मनाया। इसमें सीयूजे की छात्राओं ने कोरियाई प्रतिभागियों को राखी बांधकर भाई-बहन के प्रेम को दर्शाया। समापन समारोह में प्रो मनोज कुमार, डीन अकादमिक, डॉ बीबी मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक, प्रो श्रेया भट्टाचार्जी, अध्यक्ष भाषा संकाय, प्रो रबिंद्रनाथ सरमा, सुदूर पूर्व विभागाध्यक्ष भी मौजूद थे।

# मन वचन कर्म को पापों से मुक्त कर देती है सच्ची राखी : निर्मला बहन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हरमू रोड के चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को पवित्र धागों का त्योहार राखी अद्भुत रीति से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि यह पर्व ऐसे समय की याद दिलाता है, जब परमात्मा ने प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा कन्याओं-माताओं को ब्राह्मण पद पर आसीन कर भाई-बहन के संबंध की पवित्रता की स्थापना का कार्य किया और जिसके फलस्वरूप सतयुगी पवित्र सृष्टि की स्थापना हुई। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, रक्षा बंधन केवल स्थूल तन की रक्षा का ही नहीं, बल्कि आपदाओं, सतीत्व, माया के बंधन व काल के पंजे से रक्षा का प्रतीक है। सच्ची राखी सूक्ष्म शुद्ध वृतियों को धारण करने का वह बंधन है, जो मन वचन कर्म को पापों से मुक्त कर देती है। देश में आज अनेक प्रकार के पापाचार व हिंसक कार्य हो रहे हैं, उनसे स्व की व सर्व की रक्षा करने के लिए यह राखी बंधन का रिवाज पतित पावन परमात्मा द्वारा पवित्रता की प्रतिज्ञा कराने वाला है।निर्मला बहन ने कहा, पांच लड़ियों की सुंदर राखी ही है स्व रक्षक, कुल रक्षक, सेवा रक्षक, मयार्दा रक्षक तथा राष्ट्र व विश्व रक्षक। कोई भी लड़ी ढीली होने से समाज की मर्यादा भंग होकर आपसी संबंधों में विकृति आती है।

# श्रावण पूर्णिमा पर श्री राधा कृष्ण मंदिर पुंदाग में हुआ भक्ति का अनुपम संगम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट से संचालित श्री राधा कृष्ण मंदिर, पुंदाग में शनिवार को श्रावण पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, श्रृंगार, भजन-कीर्तन तथा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। पुजारी अरविंद पांडे ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री राधा कृष्ण की पूजा संपन्न कराई। इसके बाद भव्य श्रृंगार किया गया। भजन-कीर्तन हुआ और अंत में सामूहिक आरती तथा सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद एवं भोग का वितरण किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने श्रावण पूर्णिमा के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह तिथि न केवल भगवान शिव को समर्पित होती है, अपितु यह रक्षाबंधन एवं वेदों के ज्ञान की संवाहक भी है। इसी दिन ऋषि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा ऐसे आयोजनों का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान करना नहीं, बल्कि समाज में सद्भाव, सेवा और अध्यात्म का संदेश फैलाना है।

## आज / कल




# भगवान वेंकटेश का हुआ महाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शनिवार को स्नान-दान की पूर्णिमा, श्रवण नक्षत्र तथा उपाकर्म (श्रावणी कर्म) वेद और पांचरात्र के विधान से संपन्न कराया गया। प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में भगवान वेंकटेश के दिव्य विग्रह का विश्वरूप दर्शन हुआ। फिर सुप्रभातम, वेंकटेश करावलंब और मंगलाशासन के बाद षोडषोपचार पूजा हुआ। तिरूवाराधन करके दूध, दधि, शहद, नारियल जल और गंगा एवं गंडकी के पवित्र जल से महाभिषेक कराया गया। इसके बाद विभिन्न प्रकार से पूजोपचार संपादन कर सर्वाभरण भूषिता श्रीश्रीदेवीजी, सर्वसहा श्रीभूमिदेवीजी और अनुपमेय लोकेश भगवान श्रीनिवास को रेशमी वस्त्रों तथा सद्भूषणों से सुसज्जित करके नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गई। बालभोग निवेदित किया गया। महास्तुति की गई। आज उद्यास्तमन सेवा सहित महाभिषेक के यजमान महावीर प्रसाद व धर्मपत्नी निर्मला नरसरिया रांची निवासी थे। खीर महाप्रसाद विकास शर्मा एवं धर्मपत्नी रुचिता शर्मा रांची निवासी ने निवेदित किया। गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर दिनभर के महानुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। आज राम अवतार नरसरिया, प्रदीप नरसरिया, राजेश सुल्तानिया, रंजन सिंह, प्रभास मित्तल, ओमप्रकाश गाड़ोदिया समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भगवान के दरबार में पूजा-अर्चना कराई।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

- सत्यनारायण कथा एवं शालिग्राम पूजन किया गया
- श्री श्याम भंडारे में 2500 से ज्यादा भक्तों ने लिया प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रक्षाबंधन के अवसर पर हरमू रोड के श्याम मंदिर में शनिवार को मंदिर में विराजमान खाटूनरेश सहित सभी देवी-देवताओं व गुरुजनों को नवीन पोशाक बागा पहनाकर विशेष दिव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर पंचमेवा व विशेष प्रसाद भोग अर्पित किया गया। विशेष श्रृंगार की सेवा पुनीत अग्रवाल, रितु अग्रवाल, निकुंज अग्रवाल, परी अग्रवाल ने निवेदित की। इस अवसर पर यजमान परिवार ने पंचमेवा भोग अर्पित कर बाबा श्याम को प्राकृतिक पंखा डुलाकर अपनी अरदास अर्जी लगाई। इस अवसर पर नवीन अग्रवाल ने भी अपने पूरे परिवार के साथ मंदिर में हाजरी लगाई। कोलकाता से मंगाए गए फूलों की मोटी-मोटी मालाओं से बाबा श्याम का अनुपम श्रृंगार किया गया था। श्री श्याम मंदिर में मंदिर के आचार्य ने प्रातः 9:30 बजे से सत्यनारायण कथा एवं शालिग्राम पूजन किया। इसमें बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। साथ ही, श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 166वें श्री श्याम भंडारे का भी आयोजन किया था। 2500 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ नारसरिया, अध्यक्ष गोपाल मुरारका, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, श्यामसुंदर शर्मा, कृष्णा सिन्हा, सौरव अरुण ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। सभी ने ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों को भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। सिन्हा परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम भंडारे में पूर्व अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ नारसरिया, अध्यक्ष गोपाल मुरारका, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, कृष्णा सिन्हा, सौरव, अरुण, शालिनी, स्वदेश स्वर, अरुण, सौरवी, मनीषा, गौरव, माला श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, रतन शर्मा, अनुज मोदी, पवन केडिया, कमलेश सावा, वेद भूषण जैन, राहुल अग्रवाल, कौशल चौधरी, अंकित कुमार, कृष्णा कुमार, संकेत चौधरी, उपेंद्र पांडे सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया। ये जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।





## केरल में भाग लेने के लिए झारखंड राज्य के प्रतिभागियों के ट्रायल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया

# ऑल-एज ग्रुप एरोबिक जिम्नास्टिक्स नेशनल चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम घोषित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** आगामी ऑल-एज ग्रुप एरोबिक जिम्नास्टिक्स नेशनल चैंपियनशिप 2025-26, जो 8 से 10 सितंबर 2025 तक सायना नेहवाल स्काई कोर्ट्स, रीजनल स्पोर्ट्स सेंटर (राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम), कडावंथरा, कोच्चि-20, एर्नाकुलम, केरल में भाग लेने के लिए झारखंड राज्य ट्रायल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से प्रतिभाशाली जिम्नास्ट्स ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। चयन समिति ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन, तकनीकी दक्षता और फिटनेस के आधार पर टीम का चयन किया।

### चयनित खिलाड़ियों की सूची

नाव्या राव - गोड्डा,अभिप्षा - देवघर, सृष्टि - देवघर, दिव्यांशी - रांची,पृथ्वी भट्टाचार्य - रांची, राजकुमार - देवघर
अभिराज सुधांशु - देवघर]संजीवनी - देवघर,वैष्णवी - दुमका,आकृति - देवघर
अथर्व - रांची, उत्सव - देवघर,पियूष - रांची, रुद्र - रांची
रक्षित - देवघर, आशीष - रांची,प्रगति - रांची,चंदा कुमारी- रांची, रिधिका यादव-देवघर, मुस्कान गुप्ता - धनबाद, आकाश कुमार- रांची,आवेश आलम - गोड्डा,सोनू कुमार- रांची,
कुमारी ऋष्टि राज- रांची, अमित गोप - रांची, सूरज केशरी - देवघर, परमेश्वर- धनबाद,ऋष्टि - रांची,
सुमन- देवघर,चाहत केरकेटा- रांची, नयन कच्छप - रांची, रोहित- देवघर,कृतिका - देवघर, निधि - रांची, रिया - रांची,दशमी - रांची,करिश्मा - रांची,टोनू गोपाल - रांची,मुस्कान ठाकुर - देवघर, टन्नू कुमार यादव - रांची

*इनके चयन पर झारखंड जिम्नास्टिक संघ के संरक्षक डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, अध्यक्ष श्री रंजन कुमार, उपाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव, प्रशासनिक सचिव दीपक साहू, रंजीता रंजन, लक्ष्मण सिंह बिष्ट,गोविंद झा, शशिकांत पांडे, सरोज यादव,तथा श्रीमती मुक्ति लता खेस ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और आशा व्यक्त की कि ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम रोशन करेंगे।*

## दलादली के नाग देवता शिव मंदिर में देवाधिदेव महादेव की हुई महाआरती



**रांची।** जिले के रिंग रोड, सुभाष मुंडा चौक (दलादली चौक) समीप नाग देवता मंदिर परिसर में नाग देवता मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में भव्य गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिव्य आरती को बनारस से आए गंगायात्री टीम द्वारा संपन्न किया गया। इस अवसर पर नाग देवता मंदिर ट्रस्ट के सचिव सह पूर्व रातू प्रमुख सुरेश मंडा, कोषाध्यक्ष रामभरोष महतो, दलादली दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुधीर महतो, सचिव अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजय राय, राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, रामाशीष शर्मा, अशोक दुबे ने संयुक्त रूप से कहा कि श्रावण मास के समापन के अवसर पर गंगायात्री पीयूष पाठक, आरती कर्ता कमल नयन मिश्रा, डमरू वादक राजन पांडेय जी के द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर देवाधिदेव महादेव की दिव्य आरती की गई। जिसका उद्देश्य जल निकायों की स्वच्छता, निर्मलता और पर्यावरण संरक्षण है। उन्होंने कहा कि गंगा आरती देवी गंगा को समर्पित एक धार्मिक अनुष्ठान है, जो भारतीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण देवी हैं। आरती के माध्यम से भक्त गंगा नदी के प्रति अपने कृतज्ञता और भक्ति व्यक्त करते हैं। गंगा आरती में भक्त गंगा नदी के जल को पवित्र मानते हुए जीवन और समृद्धि के लिए आस्था और श्रद्धा रखते हुए मां गंगा से आशीर्वाद मांगते हैं। गंगा आरती एक आध्यात्मिक अभ्यास भी है, जो भक्तों को परमात्मा के करीब लाता है, और उन्हें आध्यात्मिक रूप से शुद्ध करता है। उन्होंने कहा कि गंगा आरती केवल एक धार्मिक अनुष्ठान हीं नहीं, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव भी है, जो भक्तों को गंगा नदी के महत्व और पवित्रता का अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि वैसे श्रद्धालु जिन्हें वाराणसी की गंगा आरती में शामिल होने का अवसर नहीं मिल पाया है वैसे श्रद्धालु इस आरती में शामिल होकर दिव्य आरती का दर्शन कर पाएंगे। इस दिव्य महाआरती कार्यक्रम में मुख्य रूप से दलादली दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक जेपी ओझा जी,नाग देवता मंदिर ट्रस्ट के उप सचिव बिरसू मुंडा , समाजसेवी चन्नू दुबे ,बबन सिंह जी , शंभू सिंह जी , अर्जुन पाठक जी, लाल बमबम नाथ शहदेव जी, अनिल सिंह जी, छोटू चौधरी, प्रदीप कुमार पप्पू, रितेश सिंह, गौतम राय, जितेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला,बच्चे एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे।

## आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**ठाकुरगांव ।** शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वीरेंद्र भगत चौक (इटेहे मोड़) में एक कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष सह विद्यायक प्रतिनिधि बबलू उरांव की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा में माल्यार्पण कर किया गया तथा उनकी आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर अध्यक्ष बबलू उरांव ने कहा कि गुरुजी हम आदिवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत है उनके बताए रास्ते पर चलना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। मौके पर सचिव मदन महली, कोषाध्यक्ष शिवशंकर उरांव, मुखिया ललिता देवी, मुखिया सीता देवी, बंधना उरांव, शहदेव उरांव, सोमा उरांव, दुर्गा उरांव समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली भव्य शोभायात्रा

# पुरखों को याद किया और उनके दिखाए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

**सुनील गुप्ता, बेड़ो**

- **महादानी मैदान में बीएनएस की धारा 163 लागु रहने के कारण प्रखंड प्रशासन ने उन्हें सिर्फ विनती प्रार्थना करने की इजाजत दी थी**



विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर हजारों आदिवासियों ने आदिवासी संगठनों के संयुक्त मोर्चा के बैनर तले बेडो. के ऐतिहासिक महादानी में गाजा बाजा ढोल नगाड़ा के साथ पैदल एवं बाइक के माध्यम से केशा मोड़ से ऐतिहासिक महादानी मैदान सरना स्थल तक जुलूस के शक्ल में विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के दौरान सड़कों पर आदिवासियों की संस्कृति एवं परंपरा जीवंत हो उठी थी। नाचते झूमते गाते आदिवासियों का समूह जुलूस के रूप में ऐतिहासिक महादानी मैदान के निकट सरना स्थल पहुंचे। इस मौके पर आदिवासियों ने अपने पुरखों को याद किया और सरना प्रार्थना का आयोजन किया। इसके पश्चात दो मिनट का मौन रखकर दिशोम गुरु शिबु सोरेन को श्रद्धांजलि दी। महादानी मैदान में बीएनएस की धारा 163 लागु रहने के कारण प्रखंड प्रशासन ने उन्हें सिर्फ विनती प्रार्थना करने की इजाजत दी थी। फिर बाद में आदिवासियों ने डुमरटोली के तेला टिकरा में जाकर जन सभा का आयोजन किया। जहां उन्होंने खुलकर अपनी बातें रखी। इस दौरान आदिवासियों की परंपरा,संस्कृति रीति-रिवाज, वेशभूषा, आदिवासियों की शिक्षा, सहित जल जंगल जमीन की रक्षा का संकल्प लिया गया। इस मौके पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, वीर बुधु भगत, सिद्धु कान्हो, चांद भैरव, रूनिया झुनिया, तेलंगा खड़िया सहित अन्य वीर शहीदों के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व संयुक्त रूप से चुमानी उरांव एवं आशा उरांव ने किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष उरांव ने किया। इस मौके पर सरना समाज के अगुआ अनिल उरांव, सुखदेव उरांव, अमित उरांव, मंगल तिर्की, करण उरांव, संदीप उरांव, जल्ही महतो, सुशीला भगताईन, राखी बाडा, रीतु उरांव, जगमणी उरांव, पर्वतिया केरकेट्टा, रान्दो पहनाईन, बुधनाथ उरांव, कार्तिक उरांव, सुका तिर्की, सुकरा भगत, बसंती उरांव, पुनीता उरांव, जयमंगल भगत, चारो उरांव, संजय उरांव,अनुप उरांव, एतवा भगत, बतिया उरांव, फूलमणी मिंज, पंकज उरांव, राजेन्द्र भगत, सहित दर्जनों लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस थी। डीएसपी अशोक कुमार राम, सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय, बेडो. के थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, नरकोपी के थाना प्रभारी नागेश्वर साव, इटकी के थाना प्रभारी मनीष कुमार सहित दर्जनों पुलिस के पदाधिकारीयों को ड्यूटी पर लगाया गया था।

# टोल में अव्यवस्था से स्थानीय वाहन चालक परेशान





**मांडर। मांडर टोल प्लाजा में टोल में अव्यवस्था से स्थानीय वाहन चालक परेशान हैं. यहां वाहन चालकों से टोल वसूली को लेकर रोजाना विवाद होता है. और विवाद के कारण लोग लंबे जाम में फंसे रहते हैं. वाहन चालक वह भी एक स्थानीय अस्पताल के चिकित्सकों से बकझक करते टोलकर्मियों का वीडियो हुआ है वायरल**

### इस अभियान के तहत भाजपा पार्टी राज्य में 70 लाख तिरंगा बांटेगी

# भाजपा का तिरंगा अभियान-झारखंड में हर घर तक तिरंगा पहुंचाने का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**खूंटी।** पीएम मोदी के आह्वान पर झारखंड सहित देशभर में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी तिरंगा अभियान चला रही है. जिसके तहत प्रदेश भाजपा राज्य के हर घर तक तिरंगा पहुंचाने का काम करेगी. पार्टी ने इसके लिए बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय ध्वज मंगवाया है. जिसकी बिक्री के साथ साथ लोगों को मुफ्त में घर पर लगाने के लिए दिया जायेगा. बीजेपी मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने जानकारी देते हुए कहा कि इस अभियान के तहत राज्य के 60 से 70 लाख परिवारों तक तिरंगा पहुंचाने का काम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता करेंगे. इस तरह से देखें तो अकेले झारखंड में स्वाधीनता दिवस पर भाजपा द्वारा करीब 70 लाख तिरंगा का इस्तेमाल किया जाएगा. इसके लिए व्यापक तैयारियां की गई है. उन्होंने कहा कि तिरंगा राष्ट्रीय पहचान और सम्मान से जुड़ा हुआ है. इसलिए इसमें सभी की भागीदारी होगी चाहे वह गरीब हो या अमीर हो सभी के लिए स्वाधीनता दिवस गर्व की बात है. भारतीय जनता पार्टी ने तिरंगा अभियान को व्यापक मनाने के लिए गली मोहल्ले से लेकर शहर के हर कोने तक राष्ट्रीय ध्वज लगाने का निर्णय लिया है. इसके लिए मंडल से लेकर जिला स्तर पर बैठकों का दौर जारी है और सभी कार्यकर्ताओं को इसमें सक्रिय रूप से भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं. केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष से लेकर प्रदेश कार्य समिति के सभी पदाधिकारी और बड़े नेताओं को विशेष रूप से जिम्मेदारी दी है. 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसके अलावा शहीदों के स्थल स्मारक को साफ सफाई पार्टी के कार्यकर्ता के द्वारा किया जाएगा. पार्टी ने मंडल एवं जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया है, जिसमें समाज के प्रबुद्ध वर्ग, युवा और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं.

## ब्रह्माकुमारी पाठशाला में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन



**सिल्ली।** ब्रह्माकुमारी पाठशाला सिल्ली द्वारा रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में सिल्ली थाना प्रभारी को बी.के. मंजू बहन साथ में बी.के. रेखा बहन ने राखी बांधी। यह कार्यक्रम आत्मिक सुरक्षा,नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक प्रेम का संदेश देने वाला है। रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा आध्यात्मिकता पर प्रकाश डालते बताया कि राखी बांधना केवल धार्मिक परंपरा नहीं,बल्कि एक आध्यात्मिक बंधन का प्रतीक है, जिसमें भाई-बहन के रिश्ते को ईश्वर के प्रेम, पवित्रता तथा सुरक्षा से जोड़ा जाता है। ब्रह्माकुमारी पाठशाला सिल्ली के संचालिका बी के मीना बहन ने कुछ प्रमुख बातें बताई कि इसका उद्देश्य सभी व्यक्तियों में सद्भावना,आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना है।ब्रह्माकुमारी बहनें राखी बांधने के साथ अच्छे विचार, शुभकामनाएं और आत्मिक सुरक्षा की भावना जगाती हैं ।ऐसे आयोजनों में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, और शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों को भी राखी बांधी जाती है, जिससे समाज में एकता और प्रेम का संदेश मिलता है।

## न्यूज बॉक्स

### सारजमडीह हजाम टोली में डायरिया से कई लोग हुए पीड़ित



**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड के सारजमडीह हजाम टोली में दो तीन दिनों से डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है। गांव के संजु प्रमाणिक 12 को रांची ले जाया गया है। वहीं भुमिका प्रमाणिक 22 का इलाज बुंडू के एक निजी अस्पताल में भर्ती चल रहा है। गांव के अमर प्रमाणिक की पत्नी स्व. कमलाकांत प्रमाणिक की पत्नी का इलाज चल रहा है। एक दो लोगों का इलाज गांव में ही किया जा रहा है। समाजसेवी नीतीश पांडे ने बुधवार को तमाड़ बीडीओ से बात कर चिकित्सा का दल भेजने की मांग की है।

### भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में रक्षाबंधन पर प्रतियोगिता आयोजित



**मांडर।** कंदरी स्थित भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में रक्षाबंधन के अवसर पर राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी और पारंपरिक राखियाँ बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायकों ने सौंदर्य, मौलिकता और प्रस्तुतिकरण के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के परिणामः प्रथम स्थानः सुमन तिर्की (हंसराज हाउस), द्वितीय स्थानः स्मृति लकड़ा (श्रद्धानंद हाउस), तृतीय स्थानः मोनिका तिर्की (दयानन्द हाउस), डॉ. दीपाली पराशर ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होती हैं और भारतीय परंपराओं को बढ़ावा देती हैं।

### जिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की आमसभा आयोजित



**मांडर।** मुरमा आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की तृतीय वार्षिक आम सभा में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने भाग लिया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और आगामी वित्तीय वर्ष की कार्य योजना पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य बिंदुः लेखा-जोखा प्रस्तुतिः समिति के पदाधिकारियों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का विस्तृत लेखा-जोखा चार्ट पेपर के माध्यम से प्रस्तुत किया। - कार्य योजनाः आगामी वित्तीय वर्ष के लिए समिति की कार्य योजना पर चर्चा की गई और इसमें सभी सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। महिला सशक्तिकरणः इस तरह के आयोजनों से महिला समूहों को अपने आर्थिक विकास के लिए बेहतर योजनाएं बनाने और उन्हें लागू करने में मदद मिलती है, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायता मिलती है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सरिता तिग्गा, महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष सिरोफिना मिंज और जेसेलपीएस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इस आयोजन से महिला समूहों को अपने आर्थिक विकास के लिए बेहतर योजनाएं बनाने में मदद मिली।

### भारतीय जनता पार्टी की बैठक में हर घर तिरंगा पर हुई चर्चा



**चान्हो/मांडर।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक में हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा पर चर्चा हुई। पूर्व सांसद सुदर्शन भगत और युवा नेता सन्नी टोप्पो उपस्थित रहे। चान्हो में 11 और 12 अगस्त को और मांडर में 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर तिरंगा लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे और समाज के सभी वर्गों को इसमें शामिल होने का आह्वान किया गया है। यह कार्यक्रम देश प्रेम से ओत-प्रोत रहेगा और राष्ट्र प्रेम की भावना जगाने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

### विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर जुलूस निकाला गया



**मांडर/चान्हो।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् एवं बाबा कार्तिक उराँव रात्रि पाठशाला द्वारा मांडर में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रभात-फेरी निकाला गया। जिसमे आदिवासीयों के संवैधानिक हक-अधिकार पर स्लोगन लिखित तख्तियों के साथ झारखंडी महापुरुषों के जयकारों के साथ सादगी एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से पंक्ति बद्ध होकर मांडर बाजार टांड़ से मिशन होऐ हुए प्रखंड मुख्यालय के फोरेस्ट मैदान में जाकर सभा की गयी। सभा में झारखंड राज्य की परिकल्पना के अग्रणी संघर्षशील जननायक दिसोम गुरु स्व. शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर तथा मौन धारण कर श्रद्धासुमन अर्पित की गयी। वहीं दोपहर बाद मांडर प्रखंड से युवा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में जुलूस मांडर होते मुड़मा तक गई। आदिवासी महासभा द्वारा चान्हो में भी इस मौके पर कार्यक्रम आयोजित की गई। सभा को तिफिल तिग्गा, कार्तिक लोहरा, अनिल उराँव एवं परमेश्वर उराँव ने संबोधित किया।

### गैड़ा में लाखेश्वर धाम प्रवेश द्वार का पूर्व सांसद ने किया उद्घाटन

# लाखेश्वर धाम द्वार का निर्माण कराना सराहनीय कार्य है : रवींद्र राय



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गैड़ा में भव्य लाखेश्वर धाम प्रवेश द्वार का उदघाटन कोडरमा के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय ने फीता काटकर किया. मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, सुरेंद्र भाई मोदी, मुखिया सुमन देवी, निर्माण कर्ता इस्कॉन संस्था के बासुदेव साव, उनकी धर्मपत्नी वीणा देवी, उपमुखिया चंद्रदीप पांडेय मौजूद थे. कार्यक्रम को लेकर मंच संचालन संजय पांडेय ने किया.रविन्द्र राय ने कहा कि बासुदेव साव के द्वारा भव्य लाखेश्वर धाम द्वार का निर्माण कराना सराहनीय कार्य है. उनमें अपने पिता के धर्म का प्रभाव है जो धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए वह निरंतर आगे बढ़ रहे हैं. आज संस्कृति और परंपरा में कमी आ रही है जिनसे लोगों को सिख लेनी चाहिए. विधायक अमित यादव ने कहा कि बासुदेव साव में धर्म के प्रति लगाव व आस्था है. वह ऐसा काम कर रहे हैं जो यादगार बनें. गरीबों, लाचारों को मदद करें हमें उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है. इस अवसर पर वीणा देवी, पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि केदार साव, बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, रमेश चंद्र यादव, श्यामा प्रसाद साव, मनोज यादव, देवीलाल साव, यमुना साव, राजेंद्र प्रसाद यादव, रीतलाल प्रसाद, शत्रुघ्नपांडेय समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

## शहादत दिवस पर शहीद निर्मल महतो को दी गई श्रद्धांजलि

विष्णुगढ़। आजसू पार्टी के संस्थापक शहीद निर्मल महतो का 38वां शहादत दिवस शुक्रवार को जिला उपाध्यक्ष लीलो महतो के आवासीय सभागार में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल तथा संचालन नागी पंचायत के मुखिया कुंवर हांसदा ने किया। कार्यकर्ताओं ने शहीद निर्मल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी संस्थापक सह झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो का झारखंड आंदोलन में अहम योगदान रहा। आजसू के संस्थापकों का झारखंड की अन्य राजनीतिक पार्टियों से मोहभंग हो गया था और वे अधिक उग्र आंदोलन चाहते थे। इसी को लेकर उन्होंने 22 जून 1986 को आजसू पार्टी का गठन किया। झारखंड के लिए उन्होंने अपना बलिदान भी दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। जिला उपाध्यक्ष ने कहा की सूदखोरों, महाजनों के खिलाफ तथा अलग राज्य के लिए चलाये गये आंदोलन में निर्मल दा की अहम भूमिका रही। दिशोम गुरु शिबू सोरेन इनके आक्रामक छवि से काफी प्रभावित थे। मौके पर सचिव करण यादव, प्रखंड कोषाध्यक्ष दीपू अकेला, गोविंद महतो समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चयनित शिक्षकों की काउंसिलिंग कल से शुरू

**हजारीबाग।** जिले के मिडिल स्कूलों के लिए चयनित शिक्षकों की काउंसिलिंग डायट में 11 से 12 अगस्त तक होगी। इसमें चयनित शिक्षकों के कागजातों का मिलान किया जाएगा। यदि सभी अभ्यर्थियों के कागजात सही पाये जाएंगे तो साइंस विषय के लिए जिले को 81 शिक्षक मिल सकेंगे। बताया जाता है कि काउंसिलिंग के लिए एक टीम का गठन किया गया है। टीम अभ्यर्थियों के शिक्षण-प्रशिक्षण समेत अन्य प्रमाण पत्रों का मिलान करेगी। इसके बाद जिला शिक्षा स्थापना समिति द्वारा शिक्षकों का पदस्थापन किया जाएगा। इस बाबत डीएसइ आकाश कुमार ने बताया कि काउंसिलिंग को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस नियुक्ति से क्लास छह से आठ के लिए शिक्षकों की कमी को दूर किया जा सकेगा। अन्य विषयों की काउंसिलिंग बाद में की जाएगी। इसके लिए अब तक अभ्यर्थियों की सूची प्राप्त नहीं हुई है।

### भाईयों के दीर्घायु होने की कामना के साथ बहनों ने उनकी कलाई पर बांधी राखी

# भाईयों ने बहनों की रक्षा का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर सहित जिलाभर में 9 अगस्त को भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षा बंधन उत्साह के साथ मनाया गया। मौके पर बहनों ने अपने भाईयों की आरती उतारते हुए माथे पर तिलक लगाकर कलाई पर राखी बांधी। राखी बांधने के उपरांत बहनों ने मिठाई खिलाकर भाई के दीर्घायु होने की कामना की। जबकि भाईयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देते हुए उनकी की रक्षा करने का संकल्प लिया। साथ ही पुरोहितों द्वारा भी भक्तों के कलाई पर पूर्णिमा के मौके पर रक्षा सूत्र बांधा गया ।**पूर्णिमा को लेकर पूजा के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़ :** पवित्र सावन माह की पूर्णिमा तिथि को लेकर शनिवार को मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर पूजा अर्चना संपन्न करवाते हुए पुजारी मिथलेश तिवारी ने कहा कि पवित्र सावन माह की पूर्णिमा तिथि की कथा का विशेष महत्व होता है। कहा कि हर वर्ष सावन पूर्णिमा पर रक्षा बंधन त्योहार मनाया जाता है। इसलिए हिन्दू धर्म में इस पूर्णिमा पर कथा सुनने का विशेष महत्व है। श्री तिवारी ने कहा कि आज के दिन भगवन शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। कहा कि आज के दिन स्नान और दान का भी खास महत्व है। साथ ही आज के दिन व्रत रखकर कथा सुनने का विधान है। इससे सभी कष्ट मिटते हैं और खुशहाली आती है।

### बहनों ने भाइयों के कलाई पर बांधे रक्षासूत्र दीर्घायु होने की कामना की



बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र में सावन पूर्णिमा और भाई बहन का अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का त्योहार रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के कलाईयों पर रक्षासूत्र बांधकर भाई के दीर्घायु होने की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को रक्षाबंधन पर खूब उपहार देकर बहनों का आशीर्वाद लिया। वहीं दूसरी तरफ सावन पूर्णिमा को लेकर शिवालयों और मंदिरों में भक्तों की खूब भीड़ उमड़ी। शिवभक्तों ने पूर्णिमा को लेकर भगवान भोलेनाथ की पूजा और जलाभिषेक किया। महिलाएं भी शिवालय समेत कई मंदिरों में जाकर पूजा आराधना कर परिवार के कुशलता की कामना की। वहीं कई शिवालयों में हरिकीर्तन किया गया। महिलाएं भी पूरे दिन शिवचर्चा कर भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा।

## हेठली बोदरा की जर्जर सड़क में धनरोपनी कर विरोध जताया

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के अलपीटो पंचायत अंतर्गत हेठली बोदरा जाने वाली सड़क वर्षों से जर्जर है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढ़े उभर आए हैं। बारिश में इस सड़क पर चलना ग्रामीणों को दूभर हो गया है। सड़क की इस बदहाली से तंग आकर शुक्रवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने बारिश के पानी से भरे सड़क के कीचड़युक्त गड्ढ़ों में धनरोपनी कर विरोध जताया। ग्रामीणों ने धनरोपनी के माध्यम से न सिर्फ बदहाल सड़क की स्थिति पर नाराजगी जताई बल्कि जनप्रतिनिधियों का भी विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 522 के अलपीटो से हेठली बोदरा गांव की दूरी दो किमी है। यह कच्ची सड़क कोनार नहर के सर्विस रोड़ से होकर गुजरी है। बारिश के मौसम में सड़क की स्थिति काफी बिगड़ गई है। फोर व्हीलर और बाइक से आवागमन की बात तो दूर पैदल चलना भी इस सड़क पर खतरे को निमंत्रण देने के समान है। करीब दो किमी लंबी यह सड़क दो विधानसभा क्षेत्र क्रमशः मांडू एवं बगोदर तथा दो लोकसभा क्षेत्र क्रमशः हजारीबाग एवं कोडरमा में बंटा हुआ है। इसके बावजूद किसी जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस सड़क की ओर नहीं है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि कोनार नहर सिंचाई प्रमंडल के द्वारा सड़क की तत्काल मरम्मती नहीं कराई जाती है तो एक सप्ताह के बाद बगोदर स्थित कोनार नहर सबडिवीजन कार्यालय का घेराव किया जाएगा। धनरोपनी कार्यक्रम का नेतृत्व अलपीटो पूर्वी पंसस घनश्याम पाठक कर रहे थे।

## भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प




**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड में हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर करगालो स्थित एंजल पब्लिक स्कूल परिसर में भाजपा पूर्वी मंडल की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रभारी सह कोडरमा लोस के हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार तथा संचालन महामंत्री सुशील मंडल ने किया। बैठक में तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इसके लिए मंडल अंतर्गत सभी 11 पंचायतों में पंचायत प्रभारी का मनोनयन किया गया। प्रभारी ने बताया कि 10-14 अगस्त तक पार्टी द्वारा प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा निकालने का निर्देश है। वहीं, 12-14 अगस्त तक अपने क्षेत्र में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े लोगों को सम्मानित करने के अलावा महापुरूषों की प्रतिमा के आसपास स्वच्छता अभियान चलाना है। 14 अगस्त को विभाजन दिवस के अवसर पर मंडल क्षेत्र में कार्यशाला का आयोजन कर विभिषिका से अवगत कराना है। 13-15 तक मंडल क्षेत्र के सभी घरों, चौक-चौराहों में तिरंगा फहराना है। तिरंगा को सूर्यास्त के पूर्व उतारने की प्रक्रिया से अवगत कराने की जानकारी दी गई। कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता गांव के टोले-मुहल्ले में घूम-घूमकर लोगों को तिरंगा लाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में पूर्वी सांसद प्रतिनिधि नागेश्वर महतो, पूर्व प्रमुख अशोक गुप्ता, डुमरचंद महतो, रामचंद्र यादव, दिनेश्वर साव, निरंजन मिस्त्री, रविन्द्र कुमार महतो, लखन कुमार आदि मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने स्कूटी शो रूम का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही ।** रक्षाबंधन के पवित्र अवसर पर विजैया चौक मोदी टोला में अकुजा स्कूटी शो रूम की शुरुआत हुई. जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने फीता काटकर किया. इस दौरान अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के बरही विस अध्यक्ष कयूम अंसारी सहित कई समाजसेवी व प्रबुद्धजन मौजूद रहे. पूर्व विधायक ने शो रूम संचालक को बधाई व शुभकामनाएं दी. उन्होंने बताया कि समय बदलें है, गांव विकसित हुआ है. विजैया जैसे पंचायत में शो रूम खुलना इसका उदाहरण है. यह शो रूम सिर्फ विकसित गांव या पंचायत की पहचान के साथ ग्रामीणों के आर्थिक विकास का परिचायक है. जो उन्नत व विकसित झारखंड की पहचान है. आज हमारा राज्य विकास की पथ पर अग्रसर है. ग्रामीण जागरूक हुए है और स्वरोजगार के लिए प्रेरित हो रहे है. अल्पसंख्यक मोर्चा के विस अध्यक्ष ने भी संचालक को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके पंचायत में शो रूम का उद्घाटन होना हर्ष की बात है. इससे आस पास के कई गांव लाभान्वित होंगे. उनका पंचायत एक विकसित पंचायत है, जहां लगभग सभी सुविधाए है और प्रखंड निर्माण की सारी अहर्ताएं रखता है. जनहित में इस दिशा में यहां के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को मुखर होने की आवश्यकता है. उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथियों का संचालक विश्वनाथ मोदी ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए सबों का अभार जताया. मौके पर उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, कुणाल कटरियार ,पूर्व सरपंच बैजनाथ यादव, पप्पू खान, सुरेश यादव, अनिल कुमार यादव रणजीत कुमार ,चंद्रिका प्रसाद ,उमेश महतो मुख्तार मियां ,संतोष प्रसाद आदि कई लोग मौजूद थे.

## भाकपा माले ने क्रांति दिवस मनाया

**गिद्दी।** भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने शानिवार को गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी में 9 अगस्त क्रांति दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृत राणा ने की। जबकि राजेंद्र गोप, शइद अंसारी, बहादूर बेदिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए 9 अगस्त क्रांति दिवस मनाए जाने उदेश्यों के बारे बताया। कहा क्रांति दिवस को उदेश्य पूरा नहीं हुआ है। वर्तमान में फासीवाद, तानाशाही साम्राज्यवाद के खिलाफ नई आजादी के लिए संघर्ष तेज करके ही इसे पूरा किया जा सकता है।

वक्ताओं ने 11 अगस्त को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम को केंद्र कर रांची चुनाव कार्यालय में प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील किया। मौके पर सुंदरलाल बेदिया, महेश बेदिया, हरकू बेदिया, सोमर महली, शक्ति बेदिया, सुरेश बेदिया, मजहर अंसारी, गोपाल मांझी, लालजी महतो, जयलाल महतो, खेमलाल बेदिया, हकीम अंसारी, आजाद अंसारी, जहुर अंसारी, महेंद्र महतो, फूलचंद बेदिया, सहदेव बेदिया, परमेश्वर गंझू गंजू राजेश महतो पूसन गंझू आदि उपस्थित थे।

## जेएलकेएम ने शहीद निर्मल महतो को किया याद

**रामगढ़।** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता अमर शहीद निर्मल महतो की 38वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को कोठार में मनाई गई। इस दौरान काफी संख्या में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता कोठार स्थित निर्मल महतो चौक पर जुटे। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव संतोष महतो, उपाध्यक्ष भारती कुशवाहा की अगुवाई में निर्मल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण हुआ। संतोष महतो ने कहा कि निर्मल महतो का जीवन झारखंड के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उनका एकमात्र सपना एक ऐसे झारखंड का निर्माण था, जहां सभी को समान अधिकार और सम्मान मिले। जेएलकेएम निर्मल महतो के विचारों को आगे बढ़ा रही है। वहीं भारती कुशवाहा ने कहा कि पार्टी, निर्मल महतो के सपनों को साकार करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। स्व. निर्मल महतो का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

### संस्कृत दिवस और रक्षा बंधन एक साथ मनाया गया

# संस्कृत भारतीय संस्कृति की आत्मा है: डॉ सुनील कश्यप



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।**9 अगस्त शनिवार को संस्कृत दिवस और रक्षाबंधन प्रतिमा कश्यप सदन शिव मंदिर कैथा शिवनगरम में डॉ सुनील कुमार कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत कुमारी प्रतिमा और ईशा उमंग कश्यप ने किया। सर्वप्रथम अपने भाइयों की कलाई पर बहनों ने राखी बांधी। तत्पश्चात संस्कृत दिवस मनाया गया। इसके पूर्व डॉ सुनील कुमार कश्यप ने संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृति हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा है। संस्कृत के कारण हमारा भारत एक सूत्र में बंधा हुआ है। हमारे वेद पुराण भारतीय ग्रंथ संस्कृत में लिखे गए हैं। विज्ञान और कंप्यूटर के लिए संस्कृत अति उपयोगी और वरदान साबित हो रहा है। हम सभी लोगों को अपने बच्चों को बाल्यकाल से ही संस्कृत की शिक्षा देना चाहिए। संस्कृत के उच्चारण से हमारी तंत्रिका तंत्र जागृत होती है और रक्त संचार निरंतर बना रहता है। जिसके कारण हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। हमारे ऋषि मुनि लोग बाल्य काल से ही संस्कृत का व्यवहार करते थे और संस्कृत को पूरे जीवन में अपनाते थे। तभी तो वे स्वस्थ और निरोग रहते थे और दीर्घायु होते थे। इस अवसर पर विनय कुमार बैंक मैनेजर बैंक ऑफ़ इंडिया बादम बड़कागांव, दीपिका बाला बैंक ऑफ इंडिया रामगढ़, अरुण कुमार महतो सब इंस्पेक्टर झारखंड पुलिस, शिवम कुमार, हर्ष आनंद, हर्षित कुमार, काव्या रानी, कृष कुमार, वैभव किशोर, विद्या रानी, दीक्षा कुमारी, आदि उपस्थित रहे।

## खेलो झारखंड में रामवि नंबर 12 के खिलाड़ियों ने झटके 7 पदक

**रामगढ़।** खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता 4 अगस्त से 7 अगस्त तक मांडू प्रखंड में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय मध्य विद्यालय वेस्ट बोकारो नंबर-12 के छात्र-छात्राओं ने प्रधानाध्यापिक प्रिस्का मिंज एवं संजय रविदास के नेतृत्व में भाग लिया। अंडर-14 आयु वर्ग के बालक-बालिका के विभिन्न प्रतिस्पर्द्धाओं में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। रस्सा कस्सी टीम प्रतियोगिता में मुस्कान मुर्मू एंड टीम को स्वर्ण, खो-खो में मुस्कान मुर्मू एंड टीम को रजत, 600 मीटर दौड़ में सचिन कुमार को स्वर्ण, 100 मीटर दौड़ में मुनिया मुर्मू को रजत, 200 मीटर दौड़ में मुस्कान मुर्मू को रजत, अनिशा कुमारी को कांस्य, 400 मीटर दौड़ में मोहित कुमार को कांस्य और शॉट पुट में मानी कुमारी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ियों को प्रधानाध्यापिका प्रिस्का मिंज एवं सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए अगले वर्ष और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।

### दुर्गावाहिनी सेना ने अधिकारियों व कर्मियों को बांधी राखी

## स्वच्छ शासन व स्वस्थ्य जीवन की कामना की



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** दुर्गावाहिनी सेना ने प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों में भ्रमण कर अधिकारियों व कर्मियों का राखी बांधकर रक्षा बंधन का त्योहार मनाया. उनके लंबे व सुरक्षित जीवन के साथ बरही में स्वच्छ और विकसित स्वच्छ व विकसित प्रशासन को कामना किया . इस दौरान वाहिनी के दर्जनों बहनें शामिल थी. जिनका अगुवाई जिप सदस्या प्रीति कुमारी ने किया. कार्यक्रम विहिप के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम के दौरान वाहिनी की मातृशक्तियों ने एसडीओ जोहान टुडू, एलआरडीसी अजय भगत, बीडीओ जयपाल महतो, पूर्व सीओ अमित किस्कू, इस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, सब इंस्पेक्टर सुमित साव आदि को राखी बांधा और मिठाई खिलाकर स्वस्थ व लंबी उम्र के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया. अधिकारियों व कर्मियों ने भी श्रद्धा भाव से रक्षा बंधन करवाया और महिलाओं की सुरक्षा और सरकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीकों से क्रियान्वित करवाने का आश्वासन दिया. इस दौरान विहिप के जिला कोषाध्यक्ष नंद किशोर कुमार आदि सहित दुर्गावाहिनी व विहिप के कई कार्यकर्ता शामिल थे.

# न्यूज बॉक्स

## कुलाधिपति बीएनसाह नेमरा गांव पहुंचकर शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि




**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद आदरणीय शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण ,भावपूर्ण श्रद्धांजलि एवं उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई । इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, पदाधिकारीगण एवं शिक्षकगण लगभग 150 की संख्या में नेमरा गांव पहुंचकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात हुई। कुलाधिपति बी एन साह ने कहा की परम आदरणीय शिबू सोरेन ग केवल एक राजनेता नहीं थे- वे झारखंड की आत्मा ,उसकी चेतना और संघर्षशील जन भावनाओं के प्रतीक थे। झारखंड ने केवल एक नेता नहीं ,अपना पथदर्शक, जननायक अभिभावक खो दिया है। उन्होंने जनजातीय समाज के उत्थान में संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया है। मौके पर विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलाधिपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण उपस्थित रहे।

## आजसू जिला कार्यालय में मनाई गई रिझूनाथ चौधरी की 11 वी पुण्यतिथि




**रामगढ़।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में 9 अगस्त को अलग झारखंड राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जुझारू नेता सह रामगढ़ प्रखंड के पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी की 11 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए.मुख्य अतिथि श्री महतो ने स्व रिझूनाथ चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. इसके उपरांत उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्व रिझूनाथ चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. मौके पर अपने सम्बोधन में मनोज कुमार महतो ने कहा की पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी अलग झारखंड राज्य के बहुत बड़े समर्थक थे. यही कारण है की झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उन्होंने बढ़ चढ़कर भाग लिया था. कहा की पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी रामगढ़ जिला को शिक्षा के हब के रूप में देखना चाहते थे. साथ ही वे चाहते थे के समाज में सभी लोग शिक्षित हों. उनका मानना था की एक शिक्षित व्यक्ति ही अपने अधिकारों को समझ सकता है इसलिए सभी का शिक्षित होना जरूरी है. उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा के लिए 1995 ई में रजरप्पा प्रोजेक्ट में बालिका उच्च विद्यालय की शुरुवात की. साथ की सांडी स्थित राजबल्लभ उच्च विद्यालय की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया. श्री महतो ने कहा की पूर्व प्रमुख स्व रिझूनाथ चौधरी युवा अवस्था से ही आम लोगों के हक और अधिकार के लिए कार्य किया. कहा की जब सीसीएल रजरप्पा में मशीन से कोयला लोड किया जाने लगा तो मजदूरों के हित को ध्यान में रखकर उन्होंने इसका विरोध किया. जिसके बाद मजदूरों द्वारा कोयला लोड किया जाने लगा. कहा की स्व रिझूनाथ चौधरी राज्य की महान विभूति थे. जिन्हें हम सभी नमन करते हैं. मौके पर धर्मेन्द्र साव

## दिशोम गुरु को भारत रत्न से नवाजा जाना चाहिए: अमित साहू

**रामगढ़ ।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने शनिवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग किया है कि झारखंड के दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को भारत रत्न से नवाजा जाना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि जिस तरह से अलग झारखंड के लिए स्वर्गीय शिबू सोरेन ने अर्श से फर्श तक की लड़ाई लड़ी है एवं दिशोम गुरु के बलिदान एवं त्याग का जो ऐतिहासिक सफर रहा है। इस ऐतिहासिक सफर के लिए झारखंड वासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। कहा की दिशोम गुरु ने जिस तरह से अपने जीवन काल में झारखंड के मूलवासी एवं आदिवासियों को महाजनों एवं सूदखोरो के जाल से मुक्त करने के लिए अपनी महती भूमिका निभायी है। जो आने वाले दिनों में झारखंड वासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अतः हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह है कि ऐसे व्यक्तित्व को भारत रत्न से नवाज कर झारखण्ड वासियों को गौरवान्वित करें।

## ओपी जिंदल बाऊजी की 95वीं जयंती पर जिंदल स्टील पतरातू में हुए कई कार्यक्रम

**भुरकुंडा।** जिंदल स्टील पतरातू परिसर में ओपी जिंदल बाऊजी की 95वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को भव्य रूप से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना और सुंदरकांड पाठ के साथ हुई, जहां बाऊजी को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात जिंदल क्लब में जिंदल आशा के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और बिरहोर समुदाय के बच्चों के साथ मिलकर प्लांट प्रमुख कृष्ण वल्लभ सिंह, एचआर प्रमुख सहित अन्य विभागीय प्रमुखों ने केक काटा और बच्चों के बीच उपहारों का वितरण किया। वहीं देवरिया पंचायत भवन में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। साथ ही ओपीजेसीसी कैंपस में भी ओपी जिंदल बाबूजी का जन्मदिवस मनाया गया। साथ ही जिंदल फाउंडेशन ने बालिकाओं के लिए तिरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। गर्ल्स और ओपीजेएस स्कूल के ब्यॉज के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन भी किया गया। मौके पर प्लांट प्रमुखकृष्ण वल्लभ सिंह ने कहा कि बाऊजी एक महान दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने आत्मनिर्भर भारत की कल्पना दशकों पहले ही कर ली थी और उसे साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि बाऊजी का जीवन समर्पण, मेहनत और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। उन्होंने जीवनभर दलित, पिछड़े, महिलाओं और युवाओं के लिए संघर्ष किया। ओपी जिंदल स्कूल परिसर में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

# दिशोम गुरु के निधन पर विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिमडेगा।** 9 अगस्त 2025, शनिवार को संयुक्त आदिवासी मोर्चा के तत्वावधान में सिमडेगा जिला में धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाने की योजना थी, लेकिन झारखंड राज्य के सबसे बड़े नेता, जननायक और आदिवासी अस्मिता के प्रतीक, दिशूम गुरू वीर शिबू सोरेन के आकस्मिक निधन से पूरा आदिवासी समाज शोकाकुल है। इस कारण पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को स्थगित कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई ।कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त आदिवासी मोर्चा के अध्यक्ष अनुप लकड़ा की अगुवाई में हुई। बाबूलाल पहान और बिरसा पहान ने पूजा-पाठ कर दिवंगत नेता की आत्मा की शांति और आदिवासी समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धांजलि स्वरूप वीर तेंलगा खड़िया, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा भीमराव अंबेडकर, भगवान बिरसा मुंडा, झांसी की रानी, रानी दुर्गावती, बीर बुद्धू भगत और प्यारा केरकेट्टा की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए गए ।विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल और पाव का वितरण भी किया गया ।श्रद्धांजलि सभा में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी, पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा, अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद सहित हरिश्चंद्र भगत, अजित नवरंगी, विशल तिर्की, प्यारा मुंडू, किशोर डांग, अनिल कंडुलना, रावेल लकड़ा, नुवस केरकेट्टा, साधु मलवा, मतियस कुल्लू, जगनमोहन भोय, सोहन बड़ाइक, रितेश बड़ाईक, शिशिर टोप्पो, बिपिन पंकज मिंज, राजेंद्र मिंज, स्तानिस लकड़ा, पीटर बागे, सुनील मिंज, रोशन डुंगडुंग, नील जस्टिन बेक, अशिषन बिलुंग, रेजिना टोप्पो, इसीदोर केरकेट्टा, शिला टोप्पो, मीरा लोंगा, फलिन्द्र खेरवार, प्रदीप टोप्पो, मरकुस कुजूर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रशासनिक व शैक्षणिक संचालन में भारी बाधा, स्कूल 'सिर' के बिना

# बिना प्रधानाध्यापक और सुविधाओं के लड़खड़ाती शिक्षा व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

- **बिना प्रधानाध्यापक चल रहे अधिकांश विद्यालय :** प्रशासनिक और शैक्षणिक संचालन पूरी तरह प्रभावित।
- **शिक्षा विभाग में भारी स्टाफ की कमी :** एक प्रखंड में 10 पदाधिकारी होने चाहिए, मौजूद हैं केवल 1-2।
- **शिक्षकों पर गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ :** पढ़ाई के साथ-साथ भोजन, रिपोर्टिंग और अन्य प्रशासनिक कार्य।
- **जर्जर भवन, प्रयोगशाला और पुस्तकालयों का अभाव :** मूलभूत सुविधाओं की कमी से शिक्षा की गुणवत्ता लगातार गिर रही।



**सिमडेगा।** जिले के मध्य विद्यालयों की मौजूदा स्थिति शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। आज अधिकांश विद्यालय बिना प्रधानाध्यापक के संचालित हो रहे हैं। यह स्थिति उस शरीर के समान है जिसका सिर ही न हो। प्रधानाध्यापक की अनुपस्थिति में न तो शैक्षणिक गतिविधियों का सही संचालन हो पा रहा है और न ही विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था पटरी पर है। झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव अरुण कुमार सिंह कहा शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जहां प्रत्येक प्रखंड में दस प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी होने चाहिए, वहां गिनती के एक-दो ही मौजूद हैं। निरीक्षण, मार्गदर्शन और शैक्षिक मानकों की निगरानी का अभाव स्पष्ट दिखता है। ऐसे में शिक्षक अकेले ही कई जिम्मेदारियां निभाने को मजबूर हैं। जर्जर विद्यालय भवन, विज्ञान प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों की कमी, खेल मैदान का अभाव – यह सब मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता को लगातार गिरा रहे हैं।अकेले शिक्षक वाले विद्यालयों की स्थिति तो और भी दयनीय है। यदि सच में शिक्षा को प्राथमिकता देनी है, तो सबसे पहले हर विद्यालय में प्रधानाध्यापक और पर्याप्त शिक्षक की नियुक्ति अनिवार्य की जाए। साथ ही, भवनों की मरम्मत, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और खेल मैदानों जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था तत्काल होनी चाहिए। प्रखंड स्तर पर निरीक्षण और मार्गदर्शन तंत्र को मजबूत करना भी जरूरी है, ताकि विद्यालय केवल नाम के लिए न चलें, बल्कि वास्तव में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें।अन्यथा, हम रिपोर्टों और भाषणों में 'शिक्षा सुधार' की बातें करते रहेंगे, जबकि वास्तविकता यह होगी कि हमारे बच्चे आधी-अधूरी पढ़ाई और टूटी उम्मीदों के साथ विद्यालय से निकलेंगे और यह असफलता पूरे समाज की होगी।

### शिक्षकों पर बढ़ता बोझ, पढ़ाई पीछे छूट रही है

एक शिक्षक को बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ मध्यान्ह भोजन योजना का प्रबंधन, रसोइयों की देखरेख, विभागीय रिपोर्टिंग, आधार कार्ड और प्रमाणपत्र का कार्य, यहां तक कि गोदाम से चावल ढोने का इंतजाम भी करना पड़ता है। समय पर अनुदान न मिलने की वजह से कई बार ये खर्च शिक्षक की जेब से जाता है। इस गैर-शैक्षणिक बोझ ने शिक्षण कार्य को हाशिये पर डाल दिया है।शिक्षा सुधार की योजनाएं अक्सर कागजों और बैठकों तक सीमित रह जाती हैं। जमीनी हकीकत यह है कि विद्यालयों में न तो पर्याप्त स्टाफ है, न ही आधारभूत सुविधाएं। कई जगहों पर बच्चों को बैठने के लिए उचित फर्नीचर तक उपलब्ध नहीं है, जबकि स्मार्ट क्लास और डिजिटल शिक्षा की घोषणाएं अखबारों में सुर्खियां बटोरती रहती हैं।यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि शिक्षा विभाग कब तक इस व्यवस्था को 'जैसे-तैसे चलने' के भरोसे छोड़ देगा? बच्चों का भविष्य प्रयोगशाला में प्रयोग की तरह क्यों बना दिया गया है? यह भी विचारणीय है कि जब नींव ही कमजोर होगी, तो उच्च शिक्षा और कौशल विकास की इमारत कैसे खड़ी होगी?

## बानो बीडीओ को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बानो रत्न से सम्मानित किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बानो प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी को बिरसा मुंडा खेल समिति के द्वारा बानो रत्न से नवाजा जाएगा ।बानो बिरसा मुंडा खेल समिति के द्वारा हर वर्ष 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाज हित में बेहतर कार्य करने वालों को बानो रत्न के रूप में सम्मानित किया जाता है। 15 अगस्त 2025 को बानो रत्न के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी का चयन किया गया है उक्त जानकारी देते हुए बिरसा मुंडा खेल समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने बताया कि 15 अगस्त के अवसर पर बानो प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी को बानो रत्न के रूप में सम्मानित किया जाएगा।

## विश्व आदिवासी दिवस पर बानो में बिरसा मुंडा और जयपाल सिंह मुंडा को नमन



**बानो।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बानो के बिरसा मुंडा चौक में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड बानो के पदाधिकारियों, सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा एवं मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस दौरान उपस्थित लोगों ने दोनों महान नेताओं के जीवन, संघर्ष और योगदान को याद किया और आदिवासी समाज के अधिकारों एवं अस्मिता के लिए उनके प्रयासों को नमन किया ।कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना, प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग, उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, सचिव अमित बडिंग, कोषाध्यक्ष जगदीश बागे, सोय पंचायत अध्यक्ष संदीप समद, मसीह तोपनो और पहान प्रमोद लुगुन समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

### ठेठईटांगर प्रखंड में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से संपन्न

**ठेठईटांगर।** पूरे ठेठईटाँगर प्रखंड में रक्षाबंधन का पर्व हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। थाना मुख्यालय सहित सलगापोस, ताराबोगा, केरिया, जोराम, टुकुपानी, कसडेगा, पंडरीपानी समेत विभिन्न पंचायतों के गांवों में सुबह से ही त्योहार की रौनक देखी गई ।त्योहार के अवसर पर बहनों ने पारंपरिक परिधान पहनकर और सजे-धजे रूप में राखी की थाली सजाई। शुभ मुहूर्त में उन्होंने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, कलाई पर राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य तथा सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार देकर हर परिस्थिति में उनकी रक्षा और साथ निभाने का वचन दिया ।कई स्थानों पर परिवार एकत्र होकर सामूहिक रूप से त्योहार मनाते नजर आए। घरों में मिठाइयों की खुशबू फैली रही और बच्चे भी नए कपड़े पहनकर उत्सव का आनंद लेते दिखे ।रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते में अटूट विश्वास और स्नेह का प्रतीक है, जो सामाजिक सौहार्द और पारिवारिक एकता को मजबूत करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिन का विशेष महत्व है, क्योंकि यह न केवल पारिवारिक बंधन को मजबूत करता है, बल्कि आपसी प्रेम और सम्मान की परंपरा को भी आगे बढ़ाता है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग का शुभारंभ, बड़केतुंगा की टीम विजयी



**कोलेबिरा।** कोम्बाकेरा के बसंत टांड़ मैदान में स्वर्गीय मुनेश्वर सिंह स्मृति चार दिवसीय पुरुष-महिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 (सीजन-5) के बालिका वर्ग का उद्घाटन मैच खेला गया। उद्घाटन मुकाबले में बड़केतुंगा की टीम ने कारीमाटी को 1-0 से पराजित कर जीत दर्ज की ।मुख्य अतिथि पत्रकार धर्मवीर सिंह, नवीन मेल के पत्रकार अनुज कुमार साहू और विक्रम सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलें, क्योंकि सिमडेगा जिला खेल के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है। खेल के माध्यम से युवा अपना करियर भी बना सकते हैं, इसके लिए संघर्ष और मेहनत जरूरी है रेफरी की भूमिका निलय प्रेम तिर्की ने निभाई। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 10 अगस्त को दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा ।इस अवसर पर अध्यक्ष आनंद साहू, उपाध्यक्ष निर्मल टेटे, सचिव निलय प्रेम तिर्की, कोषाध्यक्ष पवन टेटे सहित कमेटी सदस्य और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### नशामुक्ति अभियान के तहत सेवई सिमडेगा विद्यालय में तंबाकू व नशामुक्ति की शपथ

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सदर अस्पताल सिमडेगा के चिकित्सा दल ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सेवई सिमडेगा में नशामुक्ति अभियान सह कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंजनी कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को तंबाकू एवं नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई ।इस अवसर पर चिकित्सा दल ने तंबाकू और नशे के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा इसकी रोकथाम के प्रभावी उपाय बताए। विद्यालय में पूर्व से गठित नशा विरोधी सिपाही टीम के कार्यों की सराहना की गई, जो विद्यालय परिसर के साथ-साथ आसपास के समुदाय में भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। साथ ही विद्यालय में बच्चों की सतर्कता टीम भी गठित है, जो अभियान की निगरानी कर नशामुक्त वातावरण सुनिश्चित करती है।अभियान के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

### आदिकला मंच के 15 दिवसीय चावर पाइका लोक नृत्य निशुल्क प्रशिक्षण शुरू

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखण्ड नवाटोली अंतर्गत हरिजन क्लोनी में सांस्कृतिक कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड सरकार के सौजन्य से जिला की सांस्कृतिक संस्था आदिकला मंच द्वारा आयोजित 15 दिवसीय चावर पाईका लोक नृत्य का निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया ।इस कार्यशाला में कोलेबिरा प्रखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायत के ग्रामीण युवा प्रतिभागियों का चयन कर नृत्य प्रशिक्षण के लिए शामिल किया गया ।कार्यशाला का उद्घाटन लोक संगीत के गुरु एवं संगीत नाटक आकादेमी नई दिल्ली द्वारा संचालित वाद्ययंत्र निर्माण सह संगीत प्रशिक्षण केन्द्र कोलेबिरा के गुरु सक्रती नायक के द्वारा दीप जलाकर एवं पारंपरिक वाद्ययंत्र नगाड़ा बजाकर विधिवत उद्घाटन किया गया, इस मौके पर कार्यशाला में शामिल होने वाले 19 चयनित प्रतिभागियों को आदिकला मंच द्वारा रिहर्सल पोशाक वितरण किया गया ।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान के साथ हुआ विदाई समारोह



**सिमडेगा।** गोंडवाना विकास विद्यालय सह खेल छात्रावास परिसर में जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार के गुमला तबादले पर स्नेहिल विदाई समारोह आयोजित हुआ। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति व विदाई गीत से उनका स्वागत किया और फूल-मालाओं के साथ सम्मानित किया ।विद्यालय के संस्थापक एवं हॉकी सिमडेगा के कोषाध्यक्ष कमलेश्वर मांझी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और कहा कि प्रवीण कुमार के नेतृत्व में जिले की खेल गतिविधियों में वृद्धि हुई, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिले तथा खेल संघ प्रशासन के साथ मधुर संबंध स्थापित हुए ।समारोह में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, उपाध्यक्ष कमलेश्वर मांझी, राजू मांझी, रघुनाथ मांझी, अनुज बेसरा समेत विद्यालय परिवार व खिलाड़ी मौजूद रहे। वक्ताओं ने उनके योगदान और खेल के प्रति समर्पण को याद किया ।अपने संबोधन में प्रवीण कुमार ने कहा कि सिमडेगा ने देश-राज्य को कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं और आगे भी नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने सहयोग व स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को अनुशासन, मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में उद्घाटन मैच में एलेवन स्टार बालिका टीम की जीत



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत शनिवार बालिका मैच से हुई। उद्घाटन मुकाबले में एलेवन स्टार बालिका टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कोंनेदेडेगा स्टार टीम को 2–0 से पराजित किया ।मैच से पूर्व मुख्य अतिथि, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष मो. कयूम, असफाक आलम और मो. हासिम ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और खेल भावना का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा ।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रखंड प्रशासन के साथ-साथ आयोजन समिति के सभी सदस्यों का अहम योगदान रहा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस की भावना के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेलों के प्रति उत्साह और जागरूकता बढ़े।

### सिमडेगा फिटनेस स्टूडियो का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

**सिमडेगा।** फिटनेस स्टूडियो जिम सिमडेगा का पहला वार्षिकोत्स शनिवार को बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिम के सदस्यों और प्रशिक्षकों ने मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें फिटनेस से जुड़े प्रदर्शन, गेम्स और सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल थीं। पूरे आयोजन के दौरान जिम सदस्यों में गजब का जोश और ऊर्जा देखने को मिली ।वार्षिकोत्स में जिम सदस्य अपने दोस्तों और परिवार के साथ शामिल हुए और इस खास दिन का भरपूर आनंद लिया। जिम के आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बोंगेरा में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**



**बांसजोर।** प्रखंड के कोम्बाकेरा पंचायत अंतर्गत बोंगेरा हाई स्कूल मैदान में शनिवार को शहीद विलियम लुगुन युवा मोर्चा के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण और सामूहिक दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद हाल ही में दिवंगत झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के योगदान को याद करते हुए उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया ।मुख्य अतिथि विजय जोजो ने अपने संबोधन में आदिवासी और मूलनिवासी समुदायों से एकजुट रहने, अपने हक-हकूक के प्रति सजग रहने और जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि अपने अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा का संकल्प लेने का अवसर भी है ।कोम्बाकेरा पंचायत के मुखिया प्रसन्न लुगुन ने कहा कि यह दिन हमारे लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है। आदिवासी न केवल अपनी संस्कृति और परंपरा को सहेजकर रखे हुए हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि इस दिवस पर आदिवासी समाज के अधिकारों के सम्मान, परंपराओं के संरक्षण और उनके सर्वांगीण विकास का संकल्प लें ।कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी आदिवासी पहचान, परंपरागत ज्ञान और सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा पर जोर दिया। इस मौके पर विलियम तोपनो, विश्राम कंडुलना, प्रभात लुगुन, मुंगेश्वर साहु, बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## विधायक ने हाथी प्रभावित गांव का किया दौरा, ग्रामीणों को बाटें टॉर्च

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत जोराम पंचायत के खुडेढ़बहार गांव का दौरा कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने शनिवार को किया। हाल के दिनों में हाथियों के झुंड ने क्षेत्र के कई गांवों में घरों को क्षतिग्रस्त किया, घरों में रखे अनाज खा गए और फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया ।दौरे के दौरान विधायक ने प्रभावित ग्रामीणों को टॉर्च, तेल मोबिल और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हाथियों की गतिविधि या किसी भी तरह की आपदा की सूचना तुरंत उन्हें दें, ताकि समय रहते जान-माल की रक्षा के लिए कदम उठाए जा सकें ।विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ग्रामीणों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएं और लगातार संपर्क में रहकर स्थिति पर नजर रखें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सूचना देने के बाद भी विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता है, तो संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने पीड़ित परिवारों को सरकार द्वारा मिलने वाले मुआवजे को जल्द से जल्द दिलाने का आश्वासन दिया ।इस मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारु, पावल बागे, नोनिता समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## रक्षाबंधन पर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बिजली बहाल होने से ग्रामीणों में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** केरसई प्रखंड के ठेसुटोली में पिछले एक महीने से खराब पड़े 25 केवीए ट्रांसफार्मर को आखिरकार बदल दिया गया। पूर्व सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया, जिसका उद्घाटन रक्षाबंधन के दिन गांव के पहान धीरू बैगा ने धूप-अगरबत्ती जलाकर और नारियल फोड़कर किया ।बिजली बहाल होने पर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने बिजली विभाग के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी का भी आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि त्योहार के दिन बिजली मिलना उनके लिए खास तोहफा है ।इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि भाजपा शासनकाल में खराब ट्रांसफार्मर 24 घंटे के भीतर बदल दिए जाते थे, लेकिन वर्तमान गठबंधन सरकार में जनता को महीनों अंधेरे में रहना पड़ रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार मंडल, महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी गौतम कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास कुमार, मनोज कुमार, और राधेश्याम प्रसाद उपस्थित थे।

**आदिवासी दिवस** विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन

# संस्कृति और आत्मसम्मान पर दिया जोर : जोसिमा खाखा

- **आदिवासी नृत्य और नाटक प्रतियोगिता आयोजित**
- **जिले के कई स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। यह कार्यक्रम एआईसीयूएफ़ के तत्वावधान में आयोजित हुआ। जिसमें आदिवासी नृत्य और नाटक प्रतियोगिता भी हुई। प्रतियोगिता में जिले के कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा और मुख्य वक्ता के रूप में जिला परिषद सदस्य अजय एक्का उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद गुरुजी स्व. शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि आज हम गर्व और आत्मसम्मान के साथ विश्व आदिवासी दिवस मना रहे हैं। यह सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व, हमारी संस्कृति और हमारे अधिकारों का प्रतीक है। हमारी भाषा, पहनावा, नृत्य, गीत, त्योहार और परंपरा केवल रीति-रिवाज नहीं, बल्कि हमारी पहचान हैं। जोसिमा ने कहा कि सिमडेगा खेलों की धरती है। जिसने देश को ओलंपियन सलीमा टेटे, असुंता लकड़ा, सिल्बानुश जैसे होनहार खिलाड़ी दिए हैं। आज विधायक भूषण बाड़ा के प्रयासों से गांव-गांव में सड़क और पुल का निर्माण हो रहा है। स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हो रही हैं। खेल और युवाओं को सम्मान मिल रहा है तथा संस्कृति का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आदिवासी दिवस पर हम सब संकल्प लें कि अपनी भाषा और संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचाएंगे। बच्चों को पढ़ाएंगे। बेटियों को आगे बढ़ाएंगे। विकास की हर योजना में हिस्सेदारी लेंगे और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहेंगे।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बच्चों दिखा जोश

मौके पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बच्चों के जोश, पारंपरिक परिधानों और नृत्य-गीतों ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फा. रोशन बा:, उप प्राचार्य फा. समीर भंवरा, ट्रेजर सह उप प्राचार्य फा. ब्रूनो टोप्पो, रेक्टर फा पीयूष खलखो, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, सदर प्रखंड प्रमुख सरस्वती देवी, पाकरटांड प्रमुख रजत लकड़ा, ठेठाईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, उप प्रमुख सिल्बेस्तर बघवार, यूथ कांग्रेस के अरविंद एक्का व संजय तिर्की, संत मेरिज इंग्लिश मीडियम स्कूल के एचएम फा. पात्रिक खलखो, संत मेरिज के प्राचार्य फा. फ्लोरेंस गुड़िया, फा. जेम्स बालमुचू, जिला सेवादल महासचिव विजय किंडो, तमाडा पंचायत अध्यक्ष संदीप तिग्गा, जिला प्रवक्ता अरविन्द लुगुन, प्रतिमा कुजूर, अनूप मिंज, उर्मिला केरकेट्टा, सोबेन तिग्गा, जुली लुगुन, अंजली रानी टोप्पो, राजेंद्र केरकेट्टा, अन्थोनी तिग्गा सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, अभिभावक और आमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा समिति नव युवक संघ की बैठक

**बानो।** लचरागढ़ स्थित धर्मशाला परिसर में दुर्गा पूजा समिति नव युवक संघ की बैठक समिति के संरक्षक नरेश अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। साथ ही, दशमी के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन भी होगा ।बैठक में संरक्षक राजेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, रामावतार अग्रवाल और पवन अग्रवाल, अध्यक्ष अमित कुमार साहू, कोषाध्यक्ष रिकी अग्रवाल, सचिव मनीष सिंगोदिया, कार्यकारिणी सदस्य प्रभात सेठिया, टोनी अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, नीतीश अग्रवाल, धनुर्जय सोनी, गौतम जैन, गोलू अग्रवाल, दीनदयाल बागड़ी, विनय अग्रवाल समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# साहिबगंज में उफान पर गंगा नदी, पानी में डूबा दियारा क्षेत्र 50 हजार से अधिक परिवार हुए प्रभावित





**नवीन मेल संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिला का दियारा क्षेत्र पूरी तरह जलमग्न हो चुका है. जिला के मिर्जाचौकी छोर से लेकर बंगाल के फरक्का बराज तक करीब 83 किमी तक बहने वाली गंगा नदी के किनारे बसने वाला गांव बाढ़ की चपेट में है. जिला में दियारा क्षेत्र के साथ रिहायशी इलाकों में पानी घुस गया है. लोग धर्मशाला में शरण लेने लगे हैं. शनिवार की सुबह छह बजे तक गंगा का जलस्तर 28.37 मीटर मापा गया जो खतरे के निशान 27.25 मीटर से करीब एक मीटर 12 सेमी ऊपर से बह रही है. इसके साथ प्रति दो घंटे में दो सेमी की रफ्तार से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है. जो चिंता विषय बना हुआ है. केंद्रीय जल आयोग के साइट इंचार्ज छोटे लाल मालतो ने बताया कि सुबह से प्रति दो घंटा में एक सेमी की रफ्तार से पानी में बढ़ोतरी है. कल यानी रविवार को गंगा पूर्वानुमान के अनुसार 28.50 मीटर तक पहुंचने की उम्मीद है. बाढ़ से चार प्रखंड मिलाकर 34 पंचायत से करीब 50 हजार से अधिक परिवार प्रभावित हो गए है. जिसमें सदर प्रखंड साहिबगंज के 11 पंचायत, तालझारी के चार पंचायत, राजमहल के छह व उधवा के 14 पंचायत सहित अन्य प्रखंड भी प्रभावित होता है. सदर प्रखंड के दियारा क्षेत्र रामपुर, टोपरा टोला, शोभनपुर, नाढ़ी दियारा बाढ़ से पूरी तरह जलमग्न हो चुका है. बाढ़ पीड़ित परिवार घर के छप्पर पर रहकर दिन काट रहे है. कुछ लोग मचान पर खाना पीना बना रहे है. कुछ मवेशी को मचान पर रखे है. पानी घटने का इंतजार कर रहे है. बाढ़ में इन क्षेत्रों में चापाकल डूब जाने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो चुकी है. हालांकि लोग मजबूरी में मवेशी को लेकर सुरक्षित स्थान पर लेकर पहुंचने लगे है. साहिबगंज नगर परिषद के आधा दर्जन से अधिक वार्ड बाढ़ की चपेट में आ चुका है. शहर के भरतिया कॉलोनी, हबीबपुर, पाइप रोड, चानन, कबूतखोपी, दहला में बाढ़ का पानी आ चुका है. भरतिया कालोनी के 54 क्वाटर में पानी घुस गया है. नीचे के आवास के निचले तल्ले में पानी घुस जाने से लोग ई-रिक्शा (टोटो) पर सामान लादकर बड़ी धर्मशाला में शरण लेने लगे हैं. हबीबपुर में में पानी घुस चुका है, पुल और गली में पानी चढ़ जाने से लोग परेशान हैं. हबीबपुर से लेकर बिजली घाट पुल तक व मां बायसी स्थान के आसपास पानी हो जाने से स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ गयी है.

### 16 केवी के ट्रांसफार्मर क्वॉयल चोरी, गांव में बिजली हुई गुल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में इन दिनों आसपास के गांव में अज्ञात चोर सक्रिय हो गये हैं. जिसे आमजनों का मुश्किलें बढ़ा है.सक्रिय चोर गिरोह का सरदार कौन है.जिसे पता लगाना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है.विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव बेड़ा टोली में लगा बिजली ट्रांसफार्मर से क्वॉयल चोरी करने की वारदात सामने आया है.गौरतलब हो कि इस प्रकार की घटना पहली बार नही है.जिसे बताया जाता है.कि दो दिन पूर्व कुंदगड़ी एवं सरना टोली में भी चोरी घटना को अंजाम दिया गया था.परंतु विभागीय कारवाई नही होने के कारण अज्ञात चोरों का मनोबल काफी बढ़ गया है.और दो दिन के अंदर चोरी के दूसरी घटना को अंजाम दिया गया है.जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने सेन्हा थाना को अवगत कराते हुए बताया कि घटना स्थल पर एक प्लास,टोपी तथा कुछ दूरी पर एक पैर का चप्पल पाया गया है.ट्रांसफार्मर से क्वॉयल चुराने की घटना से गांव में बिजली गुल हो गई है.और ग्रामीण परेशान हैं.साथ ही ग्रामीणों ने विभाग को चोरी की घटना से अवगत कराते हुए बिजली आपूर्ति बहाल कराने का मांग की है.

## न्यूज बॉक्स

### चैनपुर शिव मंदिर में लगा सोलर जलमीनार

**बोकारो।** चैनपुर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की असुविधा को देखते हुए 15वें वित्त आयोग के योजना के तहत शुक्रवार को सोलर जलमीनार लगाया गया। इस मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित नावाडीह पंचायत के मुखिया संजय प्रसाद ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मंदिर में पूजा पाठ करने आने वाले श्रद्धालुओं को पानी के आभाव में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। उन्हें पूजा के लिए इधर-उधर से पानी की व्यवस्था करनी पड़ती थी। पंचायत वासियों की मांग पर मंदिर में सोलर जलमीनार की स्थापना की गई है। जिससे यहां पूजा करने आने वालों को काफी सहूलियत होगी।मौके पर मुख्य रुप से त्रिभुवन प्रसाद, वार्ड सदस्य गायत्री देवी, हरेन्द्र प्रसाद, निर्मल साव, तेजू महतो, संगीता देवी, गेंदू साव, श्यामदेव प्रसाद, मनोज प्रसाद, जनार्द्धन पांडेय, बालमुकुंद प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### लोहरदगा के 15 खिलाड़ी सिलंबम स्टेट ट्रेनिंग कैंप के लिए रवाना

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला सिलंबम संघ के 15 खिलाड़ी शुक्रवार को मास्टर श्रवण साहू एवं मास्टर ऐश्वर्या साहू के नेतृत्व में सिलंबम स्टेट ट्रेनिंग कैंप के लिए रवाना हुए। यह एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 10 अगस्त, रविवार को हरिवंश राय टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में सिलंबम एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में आयोजित होगा। इसमें लोहरदगा, रांची, रामगढ़, सरायकेला, बोकारो, लातेहार, धनबाद समेत कई जिलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद खिलाड़ी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन करेंगे। सिलंबम तमिलनाडु से प्रारंभ होकर आज 22 देशों में खेला जाता है और इसे भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) एवं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) से मान्यता प्राप्त है। खिलाड़ियों के नाम—सानिया परवीन, शिपु कुजूर, अर्पिता कुमारी, सोनम उरांव, संजना उरांव, आराधना उरांव, अंजलि गोस्वामी, संतुष्टी महली, रामचंद्र उरांव, आर्यन कुमार साहू, सोनू कुमार, अर्श अर्पित टोप्पो, आदर्श उरांव, रोनित कुजूर और प्रियांशु सिंह शामिल हैं।

### रूद्र महायज्ञ मंडप में 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

**कैरो / लोहरदगा :** शनिवार को पवित्र महिना श्रावण मास की पूर्णिमा और रक्षा बंधन को लेकर शिवभक्तों,श्रद्धालुओं एवम बहनों के बीच त्यौहार को लेकर सुबह से ही उत्साह दिखाई पड़ा। श्रद्धालु सुबह से ही स्नान कर मंदिर में पूजा अर्चना की, वहीं रक्षा बंधन के अवसर पर बहनों ने राखी व रक्षा सूत्र बांधकर भाई के ललाट पर तिलक लगा आरती उतारकर ईश्वर से भाई की हर संकटों से रक्षा करने का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर कैरो के उतका शिव मंदिर परिसर स्थित रूद्र महायज्ञ मंडप में 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन का आयोजन स्थानीय आयोजन समिति के लोगो के द्वारा आयोजित की गई। जिसमे रांची और लोहरदगा जिले के अनेकों महिला पुरुष कीर्तन टीम जैसे, रांची जिले के चान्हो प्रखंड के गणेशपुर,बेडो प्रखंड के वेयांसी,हुरहुरी, मकूंदा, शिशई, तुतलो बाजरा,चंदलासो,खंडा, गजनी, कैरो,नरौली इत्यादि के टीम भाग लिए। इस हरि कीर्तन आयोजन मे स्थानीय समिति के अध्यक्ष अमन पांडे,समिति के रंजन सोनी,कुणाल तिवारी,सौमित्र त्रिपाठी,राजू सोनी इत्यादि लोगों ने आयोजन में सहयोग किया।

### मटन-चिकन के वर्ज्य व कूड़े पदार्थों के फेंकने वालों का विरोध, दुकानदार ने मांगी माफी



**बरही ।** एनएचएआई स्थित करसो पुल के पास मटन-चिकन के वर्ज्य व कचड़े फेंकने वाले का स्थानीय लोगों ने विरोध किया. शनिवार को स्थानीय युवकों ने वर्ज्य पदार्थ फेंकने वाले दुकानदारों को पकड़ा और ऐसा नही करने की चेतावनी दी. उन्हे स्वच्छता की सीख देते हुए वर्ज्य पदार्थ को किसी सुरक्षित स्थान पर गड्ढे में डालकर विनष्ट करने की सलाह दी. स्थानीय लोगों ने बताया कि कचड़ा फेंकने से पूरे क्षेत्र में बदबू फैल गया है.लोगों का इस क्षेत्र से गुजरना दुर्लभ हो गया है. आस पास रहने वालो की जिंदगी नरकमय होती जा रही है. क्षेत्र में संक्रमण का भय सता रहा है, कई लोग बीमार हो चुके हैं. विरोध करने पर मुर्गा दुकानदार मंटू कुमार ने अपनी गलती स्वीकारी और भविष्य में ऐसा नही करने का वायदा किया. उक्त जानकारी करसो निवासी युवा समाजसेवी अजीत कुमार सिंह ने दी. विरोध करने वाले स्थानीय युवाओं में ज्योतिष कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, अमित राणा, दिलीप यादव, प्रभात कुमार सिंह, बिनोद राणा, विजय कुमार आदि सहित करीब 20 युवक शामिल थे. इन युवाओं ने कहा कि अगली बार कूड़े फेंकने वाले दंडित किए जायेंगे.

### स्कूल के रसोईघर से सिलेंडर व चावल की चोरी, मामला थाने में दर्ज

**बरही ।** सुदूरवर्ती क्षेत्र रानीचुआ पंचायत के कुरहरियां प्राथमिकी विद्यालय के रसोई घर का ताला तोड़कर दो सिलेंडर व चावल के चोरी का मामला सामने आया है. मामले को लेकर एसएमसी अध्यक्ष राजदेव प्रसाद ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है. दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 6 अगस्त को विद्यालय बंद होने तक रसोई घर में सभी समान सुरक्षित थे. 7 अगस्त को विद्यालय खुलने पर सुबह 9 बजे विद्यालय के रसोई घर का ताला टूटा पाया गया. रसोई घर से दो गैस सिलेंडर व मध्यान्ह भोजन के लिए रखे चावल गायब थे. पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है.

### मक्का से वापसी पर जायरीन का गर्मजोशी से हुआ स्वागत, भाईचारगी व वतन तरक्की की कामना की



**बरही ।** मक्का से उमरा कर वापस वतन लौटने पर रसोईया धमना मोड़ पर जायरीनों का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया. अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के मीडिया प्रभारी तौकीर रजा ने बताया कि बीते दिन मो कमरुद्दीन अंसारी, उनकी माँ जुमनी खातून, पत्नी सैबुन निशा, मो कुदुश अंसारी, उनकी पत्नी रेहाना खातून उमरा के लिए मक्का के लिए रवाना हुए थे. जिनकी वापसी पर स्थानीय लोगों ने बाजे गाजे के साथ फूल माला पहनाकर रसोईया धमना मोड़ पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने नारा ए तकबीर लगाते हुए उमरा की नसीब होने, गुनाह की माफी और आपसी भाईचारगी के साथ मुल्क की तरक्की के लिए दुआ मांगी. स्वागत करने वालों में मीडिया प्रभारी सहित हाजी मौलाना मो इस्लाम कादरी मिस्बाही, छोटकी बरही जमा मस्जिद ईमाम मौलाना मो इनामुलहक, मो सरफराज मिस्बाही, हाफिज मो मोजाहिद, हाफिज मोअब्दुल वारिस, हाफिज मो आयूब, हाफिज मो दाऊद हाफिज, हाजी मो यूनुस अताउल्लाह सरफराज, हाजी अब्दुल वारिस, हाजी मो अलाउद्दीन, पंसस मो तैयब, मो खलील, मो गनी, मास्टर अख्तर आदि सहित कई लोग शामिल थे.

## विनोबा भाव विवि में रिसर्च एंड इनक्यूबेशन सेंटर का भूमि पूजन

# 54 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने 'रिसर्च एंड इनक्यूबेशन सेंटर' भवन का भूमि पूजन विश्वविद्यालय परिसर में किया. पूरी योजना के लिए विश्वविद्यालय को केंद्र सरकार से 99.6 करोड़ रुपए मिले हैं. यूसेट के प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में उच्च शिक्षण संस्थानों में एक्सेस इक्विटी और क्वालिटी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्र प्रायोजित योजना पीएम उषा के अवयव 'मल्टीडिसीप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी' के अंतर्गत विद्यमान राजकीय विश्वविद्यालय को बहुविषयक एवं अनुसंधान के क्षेत्र में स्थापित किया जाना है. इसी क्रम में 2024 को मेरु के अंतर्गत विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग हेतु लगभग 99 करोड़ रुपए की योजना की स्वीकृति प्रदान की गई थी. झारखंड-बिहार का यह पहला विश्वविद्यालय है जिसमें 'सेंटर आफ एक्सीलेंस' का स्थापना हुई है. मेरु के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु झारखंड राज्य में शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए विभावि हजारीबाग में सेंटर आफ एक्सीलेंस ऑन साइबर सिक्योरिटी, सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस इन रिमोट सेंसिंग एंड जी आई एस, सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस ऑन सोशल साइंस और सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस ऑन अप्लाइड साइंस की स्थापना की जानी है. यह भवन निर्माण जी-प्लस-4 का होगा. भवन एवं फर्नीचर को लेकर कुल लागत 54 करोड़ के लगभग है. इस एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट कम इनक्यूबेशन सेंटर भवन का निर्माण झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, रांची के द्वारा होना है.

# बिरसा छात्रावास के छात्रों ने प्रशासनिक अधिकारियों के कलाई में बांधी राखी



**घाघरा।** घाघरा के नवडीहा के बिरसा छात्रावास के छात्रों के द्वारा राखी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्रावास के प्रमुख अनिल कुमार यादव एवं बालिका छात्रावास के छात्रावास प्रमुख केसरी देवी एवं घाघरा नगर समिति के सदस्य के निर्देशन मे रक्षाबंधन के कार्यक्रम के दौरान बिरसा छात्रावास के छात्राओं ने घाघरा के प्रशासनिक अधिकारी वीडियो दिनेश कुमार थाना प्रभारी पुनीत कुमार मिंज एसआई विकास कुमार कल्याणकारी मानव विकास संस्था के सचिव अनिरुद्ध चौबे समाजसेवी भोला के माथे पर तिलक लगाकर और कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन की परंपरा को निभाया। इस मौके पर बच्चों में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला। बिरसा छात्रावास के प्रमुख अनिल कुमार यादव ने बताया कि भारत की सभ्यता और संस्कृति को आत्मसात कर उसे विद्यालय के वातावरण में उतारने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर बिरसा छात्रावास के छात्रावास प्रमुख अनिल कुमार यादव बालिका छात्रावास के छात्रावास प्रमुख केसरी देवी एवं घाघरा नगर समिति के सदस्य साहित काफी संख्या में छात्राएं मौजूद रहे।

# हरिकीर्तन समापन के अवसर पर विधायक व जिप उपाध्यक्ष ने किया

**नवीन मेल संवाददाता**

- **इस प्रकार के अनुष्ठान में सबों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए. इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों का मनोबल बढ़ता है**



**बरही।** रक्षाबंधन के अवसर पर प्रखंड के ग्राम श्रीनगर में बीते 24 घंटे से चल रहे अखंड हरिकीर्तन का श्रद्धापूर्वक समापन हुआ. इस अवसर पर स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव व जिप उपाध्यक्ष किसून यादव हरिकीर्तन में शामिल होकर संकीर्तन किया. क्षेत्रवासियो के लिए सुख, समृद्धि और विकास की कामना किया. विधायक ने कहा कि अखंड की ध्वनि मात्र से वातावरण शुद्ध हो जाते हैं. संकीर्तन में शामिल होना सौभाग्य की बात है. इस कलियुग में हरिकीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान हीं शांति प्राप्ति के सशक्त माध्यम हैं. इस प्रकार के अनुष्ठान में सबों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए. इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों का मनोबल बढ़ाते हुए सफल धार्मिक आयोजन के लिए बधाई दी. आयोजकों ने भी विधायक सहित उपस्थित लोगों का स्वागत किया.

### डाक टिकट संग्रह में रुचि है तो मिलेगी छात्रवृत्ति

**जमशेदपुर।** अगर आप क्लास 6 से 9वीं तक के विद्यार्थी हैं और आपकी फिलाटेली यानी डाक टिकट संग्रह में रुचि है तो आपको छात्रवृत्ति मिल सकती है। फिलाटेली में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए डाक विभाग ने दीनदयाल स्पर्श योजना के तहत छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। खास बात यह है कि इस योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी की फिलाटेली में रुचि होनी चाहिए। साथ ही उसका शैक्षणिक रिकॉर्ड भी बेहतर होना चाहिए। यानी अंतिम परीक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक या उसके समकक्ष ग्रेड होने चाहिए। विभाग की योजना के तहत छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए वैसे ही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में पढ़ रहे हों।

## धनबाद में शिक्षा का हाल बेहाल

# छात्र 112 और टीचर एक, ऐसे कैसे संवरेगा नौनिहालों का भविष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

- **अभिभावकों की मदद और बच्चों की पढ़ाई में मदद के लिए गांव की ही इंटरमीडिएट पास मुस्कान कुमारी स्कूल में पढ़ा रही हैं**




**धनबाद।** छात्रों की संख्या 112. स्कूल में शिक्षकों की संख्या - एक. जी हां, यह हाल है तोपचांची प्रखंड के नेरो पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय खुरडीह का. जहां मात्र एक शिक्षक हैं. इतना ही नहीं, जो एक शिक्षक हैं वह भी अन्य विभागीय कार्यों में व्यस्त रहते हैं. स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक भी इससे काफी परेशान हैं. उन्हें अपने बच्चों के भविष्य की चिंता सता रही है. ग्रामीण अनीता देवी का कहना है कि स्कूल में बच्चे का भविष्य उज्ज्वल होता है, लेकिन हमें अपने बच्चों का भविष्य शून्य नजर आ रहा है. हम जैसे अभिभावक बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुबह से शाम तक कड़ी मेहनत करते हैं. शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है. ऐसे में बच्चे आगे कैसे बढ़ेंगे. उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्था खत्म कर दी गई है. हम हताश हो गए हैं. बच्चों का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है. एक शिक्षिका हैं, जो प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने और अन्य विभागीय कार्यों में भी व्यस्त रहती हैं. अभिभावकों की मदद और बच्चों की पढ़ाई में मदद के लिए गांव की ही इंटरमीडिएट पास मुस्कान कुमारी स्कूल में पढ़ा रही हैं. उनका कहना है कि मैं कुछ दिनों से बच्चों को पढ़ा रही हूं. वहीं विद्या समिति के उपाध्यक्ष सुनील रजवार ने बताया कि हमारे स्कूल में बच्चों की संख्या क्षेत्र के अन्य प्राथमिक विद्यालयों जितनी नहीं है. स्कूल में केवल एक ही शिक्षक है. पहले विभाग ने स्कूल में एक शिक्षिका की प्रतिनियुक्ति की थी, लेकिन बाद में उसे दूसरे स्कूल में भेज दिया गया. यह पूरी तरह से विभाग की गलती है. उधर, स्कूल की एकमात्र प्रभारी शिक्षिका, प्रधानाध्यापक सुमंती सूरी का कहना है कि शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों को जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल पा रही है. अगर स्कूल को बच्चों की संख्या के हिसाब से शिक्षक मिलते, तो हम ग्रामीण बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे पाते. प्रखंड विकास अधिकारी एजाज हुसैन ने कहा कि यह मामला मेरी जानकारी में नहीं है. किसी ग्रामीण या पदस्थापित शिक्षक के लिखित आवेदन पर दूसरे स्कूल से किसी शिक्षक की पुनर्नियुक्ति की जा सकती है.

# फाइलेरिया जागरूकता पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**चाईबासा।** चाइबासा।शनिवार को सिविल सर्जन की अध्यक्षता में पिरामल के सहयोग से जिले के मुखिया का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।फाइलेरिया जैसी गंभीर और विकलांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी को समाप्त करने के उद्देश्य से झारखंड सरकार द्वारा एमडीए आइडीए 2025 अभियान चलाया जा रहा है। शशिभूषण महतो ने बताया कि जिले में 572 उच्च जोखिमता वाले गांवों की पहचान की गयी है ।जहाँ मिशन एम.डी.ए. स्क्वाड के माध्यम से सभी योग्य व्यक्तियों को दवा सेवन करवाने की रणनीति बनाई गयी है। यह टीम मुखिया की अध्यक्षता में गांवों में सभी को जागरूक कर दवा सेवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.। इससे 2027 तक फ़ाइलेरिया मुक्त पंचायत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। सिविल सर्जन डॉ. मांझी ने मुखिया से आग्रह किया कि वे अपने माध्य से अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान के प्रति जागरूक करें,और हर व्यक्ति दवा को स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही खाए। साथ ही अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों को फैलने से रोके।10 अगस्त से चलने वाले सर्व जन दवा सेवन कार्यक्रम में जिला के सभी मुखियाओं के सहयोग से सभी को दवा सेवन करने की शपथ दिलवाई गयी। सभी मुखिया ने " फ़ाइलेरिया मुक्त पंचायत" बनाने की शपथ ली। इस मौके पर जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. मीना कलुन्डिया, सुरजीत गोयल गाँधी ,फेलो मनीष कुमार एवं जिले के मुखियागण उपस्थित रहे।

**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
**टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान**

**राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026**

**खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर विज्ञान में**

इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 22 और 23 नवंबर, 2025 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (IASTC) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मानक परीक्षा (NSE) (विज्ञान विषयों के लिए) में शामिल होना होगा।

एनएसई में योग्यता प्राप्त करना 2026 के संबंधित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

**नामांकन के लिए:**

एनएसईः https://www.iapt.org.in (21 अगस्त - 14 सितंबर, 2025)

**अधिक जानकारी के लिए:**

https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

cbc48143/12/0005/2526

# गलतफहमी


मनीष सिंह 'वंदन'

बड़े-बूढ़े कहकर गए हैं, सबकुछ पालना मगर "गलतफहमी" को कहना ना-बाबा-ना। काहें कि यह वह निष्ठुर दीमक है जो बेहद आत्मीय रिश्तों को भी जड़ से चट कर जाता है और सामने वाले को भनक तक नहीं लगती। शुरुआती दौर में ही अगर इसके लक्षण पकड़ में आ गए तो निदान की संभावना हो सकती है अन्यथा यह असाध्य रोग बनकर उम्र भर सालता रहता है। तोता पालिए, कुत्ता पालिए, मोर, हिरण, खरगोश पालिए मगर जनाब "गलतफहमी" को पालने की हिमाकत मत कीजिए। आपको समूचा निगल जाएगी।।

गफलतों के सहारे यंत्रवत जीवन जीने की जिद बहुत भारी पड़ती है। कमबख्त यह समझ ही उम्र के आखिरी लम्हों में आती है और तबतक तो ट्रेन छूट चुकी होती है। वैसे तो गलती करना मनुष्यगत स्वभाव है और जाने-अनजाने उससे गलती हो जाने से इंकार भी नहीं किया जा सकता । जबतक जीवन है गलतियाँ होंगी ही होंगी बस शर्त एक ही है निरंतर सुधार होते रहना चाहिए। गलतियों की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए अन्यथा जीवन व्यतीत करना पशुवत जीना जैसा हो जाएगा।।

फलाने ने मेरे बारे में यह कहा, ढ़िमकाने ने मुझको इग्नोर किया । उसका इरादा मुझको जलाना था । इसने मुझको पहले क्यों नहीं बताया ? मैंने उसके लिए इतना किया बदले में उसने कुछ नहीं दिया? ऐसी-ऐसी अनौचित्यपूर्ण कामनाएं इस गलतफहमी की जनक होती हैं। यहीं से गलतफहमी के कलुषित बीज मगज में अंकुरित होते हैं। कहाँ तो बनना था रिश्तेदारों, दोस्त-यारों को सुंदर-सुकोमल कमल का फूल मगर गलतफहमी की नाव में सवार होकर बन बैठते हैं कांटेदार नागफनी बबूल।।

सामनेवाले की निष्ठा, व्यक्तित्व, इरादे पर अनावश्यक रूप से संशय के बादल मंडराने से, मिथ्या इच्छा के मोहपाश को फैलाने से दिलों में गलतफहमी की मोटी परत जमने लगती है। फिर पता ही नहीं चलता कि कौन किसकी फिरकी ले रहा है? सुई को तलवार नहीं बनने देना चाहिए अन्यथा संबंध की डोर को कटने से कोई नहीं बचा सकता है। हमेशा याद रखना है कि बड़े नाजुक होते हैं दिल के रिश्ते। इनको गलतफहमी की अग्नि में स्वाहा करना कहीं से भी नीतिपूर्ण नहीं है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। उसको रहना तो यहीं है ना, उसी समाज में, उन्हीं लोगों के साथ ना? फिर इस गलतफहमी का रोग पालकर कैसे एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर पाओगे ? इसलिए हे मर्त्य लोक वासी, आइये अपने कदम बढ़ाकर आपस में संवाद कीजिए और इस गलतफहमी से तौबा-तौबा कीजिए, तभी आपका कल्याण हो पायेगा ।।

# हिम, कांगड़ी व प्यार की ऊष्मा


अनिता रश्मि



कटरा से कश्मीर की ओर हमारी गाड़ी बढ़ रही थी और मन में घुमड़ रहा था, गर फिरदौश बर रू ए जमीं अस्त हमीं अस्तौ! हमीं अस्तौ! हमीं अस्त (पर स्वर्ग कहीं है, तो यहीं है, यहीं है, यहीं है। या पृथ्वी पर स्वर्ग कोई है, तो हम ही हैं, हम ही हैं, हम ही हैं।) मन में उल्लास, प्रसिद्ध कवयित्री ललद्यद के कश्मीर को देखने का। पूर्व में एक बार जम्मू-कश्मीर का अद्भुत सौंदर्य का दर्शन कर चुके थे। उस समय काल की परछाई भी नहीं। और अभी एक लंबी काली अँधियारी रात्रि के बाद की ताजातरीन सुबह। खैर! हम जम्मू से श्रीनगर की राह पर। दक्ष स्थानीय ड्राइवर पतली, संकरी सड़क पर फर्राटे से गाड़ी भगाते हुए मोबाइल पर बतिया भी रहा था, बिजनेस डील किये जा रहा था। हम डरे, हमने टोका और रोका । वह कत्तई मानने को तैयार नहीं। एक तरफ पर्वत, दूसरी तरफ एकदम गहरी घाटी। नीचे बहती चिनाब, झेलम नदियाँ। गिरो तो अस्थि-पंजर का भी पता नहीं। वह, उसके जैसे अन्य सारे स्थानीय ड्राइवर बेखौफ इनोवा भगाए जा रहे थे। 'पूर्व का हीरा : श्रीनगर' पहुँचाएँगे अथवा असली स्वर्ग के द्वार, कहना मुश्किल। उसे रोकने की तमाम कोशिश व्यर्थ हालांकि एक बार भेड़ों के रेवड़ को बचाने के चक्कर में इनोवा भयंकर हिचकोले खा चुकी थी। रास्ते में ढाई कि.मी. की लंबी प्रसिद्ध जवाहर टनल में घुसते ही पीताभ बल्ब ने स्वागत किया। श्रीनगर के होटल में ठिठुरती रात में पहुँचे हम। सवेरे-सवेरे मंदिर से घंटे की मधुर आवाज़, ओम नम-शिवाय का जाप तथा मस्जिद से अजान का स्वर साथ सुनाई पड़ा। मन भीगने लगा। मीठा-मीठा-सा गंगा-जमुनी एहसास। अपनी ही कविता की पंक्तियों को जीने लगी मैं मंदिरों में अजान औ हो मस्जिदों में भगवान तो क्या बात हो झील एक बार जमी तो उस पर गोल्फ खेलते थे। झील के सीने पर टेम्पो चलता था। पिछली बार शिकारे पर घूमते हुए हम फ्लोटिंग गार्डेन की हरियाली देख चुके थे, झील में तैरता बाग। टमाटर, साग के लालपन, हरेपन से भरा तरह-के सुमनों, सब्जियों से सजा। कभी भी डूबता नहीं। उस बाग में काम करनेवाले व्यक्तियों को देखते रह गए थे। शिकारेवाले ने चप्पू से उसके एक कोने को दबाकर दिखलाया था। वह सीधा हो, तैरने लगा था। चार-चिनार के बीचोंबीच स्थित रेस्तरां में पी गई की चाय की याद ताजा थी। डल झील की गहराई में गहरे धँसे चार कि चिनार के... चौकोर आकृति गढ़ते हुए। और अभी चार चिनार नजर नहीं आया। खूब अतिक्रमण कर लिया गया है। शंकराचार्य की तपोस्थली, तीनों मुग़ल गार्डन के विकसित रूप को देखने के पश्चात ट्यूलिप गार्डेन भी देखा।

## सोनमर्ग

पिछली बार गुलमर्ग में बर्फ पर स्लेज गाड़ी में बैठ लंबी सैर की सारी यादें ताजा हो रही थीं... गुलमर्ग में हर ओर झक् श्वेत चादर तुषार बर्फबारी। घोड़ों की सवारी। आठ-आठ, दस-दस रुपये में स्वेटरों को बे बर्फबारी से बचने के लिए तेजी से भागते ठेलेवाले। हिमपात देखने के लिए के कॉटेज में रुकना जरूरी है। हम नहीं रुक पाए थे। स्नो फॉल शुरू होते ही गाड़ियाँ एक साथ वापस लौट पड़ी थीं। इस बार सोनमर्ग जाने का कार्यक्रम बना। शालीमार बाग में मिले मिलेट्री अफसर की सहायता से सोनमर्ग का शौक आसानी से पूरा हो गया। ड्यूटी निभाते कर्मठ फौजी पर्यटकों की बहुत सहायता करते हैं। जगह-जगह देश की सुरक्षा के लिए चट्टानों, वनों, घाटियों पर मुस्तैद थे। चिलचिलाती धूप, कड़कड़ाती ठंड, बर्फीले तूफान या धारदार बारिश में भी सदा रहते हैं। अगले दिन स्वच्छ श्वेताभ लिद्दर नदी संग इनोवा हमें पहलगाम की ओर ले जा रही थी। निर्मल, शीतल जल, हवा, वातावरण। हरियाले मैदानों से भरे पहलगाम की पहचान अमरनाथ यात्रा के प्रवेश द्वार के रूप में जग विख्यात है। हम बैलग्राम मंदिर में रुके। यहीं तो महाकाल ने अपने नंदी... बैल को छोड़ा था और पार्वती जी के साथ अमरनाथ गुफा की ओर बढ़ गए थे। आगे चंदन बाड़ी में चंदन का त्याग किया था। वहीं आस-पास एक होटल में हम रुके। स्थानीय भोजन का आनंद मिला। वहाँ से सुदूर ट्रैकिंग स्थल दिखे, जहाँ सालों भर बर्फ रहती है। पास के गाँव लारी पोरा में पैदल घूमते हुए इधर के जीवन की झलक मिली। हुक्का पीते स्थानीय व्यक्ति ने कहवा पीने का आमंत्रण दिया। अंदर काँगड़ी (गले में लटकानेवाली अंगीठी) सेंकते लोग मिले। संयुक्त परिवार ने घेर लिया हमें। आगे मस्जिद पारकर वह स्थान है, जहाँ गाना फिल्माया गया था।

## देखा मैंने इक सपना फूलों के शहर में हो घर अपना...

शाम ढलने को तैयार। हवा में ठंडक की आमद। घोड़ेवाले, बकरी-भेड़वाले पहाड़ों से सीधे उतरकर लौटने लगे थे। कोमलांगी खूबसूरत स्त्रियाँ खेतों में अब भी कार्यरत थीं। हम लौटने लगे तो नवजवानों ने रात में रुकने का आग्रह किया. शायद होम स्टे की व्यवस्था थी। भय का कद बड़ा था, हम आग्रह स्वीकार नहीं पाए। दूसरे दिन वापसी में पश्मीने की शॉल, स्वेटर संग कई लोग घेर कर खड़े थे। एक आत्मीय ऊष्मा महसूस हो रही थी। गाड़ी पर बैठते हुए चंद बाय करते हाथ अपरिचित से नहीं लगे। मन की जमीं पर अंखुआ उठा था अनचिन्हा सा अपनापा और इनोवा वापसी पर।

# राखी : एक रिश्ता सम्मान का


चारुमित्रा

रेणु ने जैसे ही दरवाज़ा खोला, सामने खड़ी मालती को देख माथे पर बल पड़ गए।

"अभी उधार के पैसे लौटाए नहीं और आ गई राखी लेकर पैसे लेने," — वह भीतर मुड़ते हुए बुदबुदाई, पर आवाज़ इतनी धीमी भी नहीं थी कि मालती न सुन सके। "सुनो जी," रसोई की ओर जाते-जाते उसने अपने पति को पुकारा, "मालती आई है राखी लेकर। उसे कुछ पैसे दे दो। पैसे के लोभ में ही तो ये लोग राखी लेकर आती हैं। जितने घरों में काम करती है, उतने घरों से पैसे उगाती होंगी। ये भी इनका एक रोजगार है।"रेणु की आवाज़ में तल्ख़ी थी। मालती दरवाज़े के बाहर चुपचाप खड़ी रही। उसके चेहरे पर कोई शिकन नहीं, न ही कोई आत्मग्लानि। बस एक गहरी दृष्टि से उसने रेणु को देखा, और कहा- "मेमसाब, मैं पैसे लेने नहीं, देने आई हूँ।" रेणु ठिठक गई। "सुदामा की नौकरी लग गई है। पहली तनख्वाह मिली है। साहब ने ही तो फ़ॉर्म भरवाया था। आज अगर वो सरकारी चपरासी बना है, तो आपके घर से मिली मदद का ही असर है।" इतना कहते हुए मालती ने अपनी पुरानी किनारी उधड़ी साड़ी के पल्लू पांच सौ के कुछ नोट निकाले और आगे बढ़ा दिए। साथ ही एक सादी-सी राखी भी।



"ये राखी साहब के लिए है," उसने हौले से कहा, "हर साल बाँधती हूँ। इस बार सोच रही थी कि कहीं मेमसाब मना न कर दें। लेकिन सुदामा ने कहा — 'माँ, रिश्ता पैसों से नहीं निभाया जाता।' तो आ गई।"

रेणु को कुछ सूझ नहीं रहा था। उसे याद आया — दो साल पहले सुदामा को स्कूल से निकाल दिया गया था, फीस न भर पाने के कारण। मालती रोती हुई आई थी, और रेणु के पति ने चुपचाप स्कूल जाकर फीस जमा कर दी थी। फिर बेटे की पुरानी किताबें उसे दी थीं, और फॉर्म भरने में मदद की थी।

उन्हीं दिनों मालती के पति की तबीयत बिगड़ी थी। इलाज के लिए कुछ पैसे रेणु ने उधार दे दिए थे। मालती वादा करती रही, "काम करते-करते चुका दूँगी मेमसाब", पर धीरे-धीरे बात आई-गई हो गई।

आज वही मालती बिना कुछ कहे, बिना किसी ताज्जुब के, पैसे लौटाने आई थी। और साथ लाई थी राखी—जिसमें रिश्ता था, श्रद्धा थी, और एक स्त्री का आत्मसम्मान।

रेणु ने उसकी ओर देखा। एक औरत जो सुबह से शाम तक कई घरों में झाड़ू-पोंछा करती है, जिसके हाथों की नसें फूली हुई हैं, जिसकी ज़ुबान बड़ों के आगे खुलती नहीं, पर दिल में अपनापन है। वह औरत उसे आज बहुत ऊँची लगी।

"अंदर आओ मालती," रेणु की आवाज़ धीमी थी पर कोमल।

"नहीं मेमसाब," मालती मुस्कुराई, "अभी बहुत काम बाकी है। बस राखी बाँधनी थी। सुदामा ने कहा था, ज़रूरी है।"

इतना कहकर उसने नोट मेज़ पर रखे, राखी रेणु को पकड़ाई, और चुपचाप चली गई।

रेणु दरवाज़े पर खड़ी बहुत देर तक उसे जाती देखती रही। उसके हाथ में अभी भी वो राखी थी — जो केवल धागा नहीं, उसकी सोच के अहं को बाँध गई थी।

# रक्षा-बन्धन


पुष्पा पाण्डेय

रक्षा-बन्धन बड़ा ही पावन और मनभावन त्योहार है। प्रत्येक साल भाई-बहन को एक बार फिर से अपने बचपन को जीने का मौका मिल जाता है। मधुर यादों को समेटे हुए उस पल को नवीनता प्रदान हो जाती है। बहन पूरे साल इंतजार के बाद अपने भाई से मिलती है और अब-तक की जिन्दगी का पुनरावलोकन करती है। भाई की खुशहाली की कामना करती है, क्योंकि भाई से ही मायका फलता-फूलता नजर आता है। समय के साथ माता-पिता तो साथ नहीं रहते हैं, लेकिन भाई-बहन अंतिम पड़ाव तक उस दौर को जीवित रखते हैं। बहन, भाई की रक्षा के लिए रक्षा-सूत्र बान्धती है और बदले में भाई भी अपनी बहन को उपहार में रक्षा का वचन देता है। अद्भुत बंधन है यह।

रक्षा-बंधन के त्यौहार की चर्चा भले ही शास्त्रों में कम हुई हो, लेकिन लौकिक परम्परा में यह त्योहार मधुर, कोमल और अतुलनीय है। यह बंधन किसी शास्त्र का मोहताज नहीं है। अपने-आप में पूर्ण है। अप्रत्यक्ष रूप से ही सही, शास्त्रों में भी जोड़ने को सत्कर्म माना गया है। हमारा रक्षा-बन्धन तो बान्धने का कार्य करता है। इस नाते भी यह त्योहार अप्रतिम है, महान है।

शास्त्रों में सिर्फ इतना ही प्रसंग आया है कि देवासुर संग्राम में इन्द्र की पत्नी शचि ने अपने पति को संग्राम में विजयी होने के लिये रक्षा-सूत्र बान्धा था। उसके बाद ब्राह्मणों द्वारा ये सूत्र बान्धे जाने लगा। फिर आगे चलकर शायद मुगल शासनकाल में अपनी बहन-बेटियों को कुदृष्टि से बचाने के लिये राखी बान्धने का प्रचलन शुरू हुआ होगा। हिन्दू स्त्रियाँ मुगल भाईयों को राखी बांधती थी और बदले में सुरक्षा का वचन लेती थी। इसके बाद हिन्दी फिल्मों में भी इस त्यौहार को भव्य रूप में दिखाने जाने लगा और धीरे-धीरे यह त्योहार भाई-बहन का प्रमुख पर्व रक्षा बंधन के रूप में स्थापित हो गया।

जो भी हो, लौकिक परम्परा ने इस त्योहार को उस ऊचाई पर पहुँचा दिया, जहाँ होली और दीपावली है या यों कहें कि उससे भी आगे है।

# एक पाती भाई के नाम


खुशबू बरनवाल 'सीपी'

**प्रिय भाई,**

कैसे हो? आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है, कुशल होगे। मैं भी यहाँ कुशल हूँ और तुम्हारे लिए मंगल कामना करती हूँ।

"सुंदर-सुंदर राखी देखो, सजा हुआ बाजार है।
सावन पूनम दिन को हीं तो, राखी का त्यौहार है।।
रुपया-पैसा से सब तौलें, दामी तो उपहार है। जितनी महंगी राखी होगी, उतना महंगा प्यार है।।
आज समय तो बदल गया है, बनावटी घर-द्वार है।
चमक-धमक में खोया रिश्ता, उपहारों की मार है।।
समझो मतलब इस बंधन का, मानो सब संस्कार को।
कसमें-वादें रिश्ते-नाते, रख जिंदा आधार को।।"

यह स्वरचित पंक्तियाँ आधुनिक युग में लागू होती होंगी लेकिन मुझे पता है कि हमारा रिश्ता उपहार और महंगी राखियों से बहुत ऊपर है। तुम्हारा बचपना और बचपन वाली राखी मुझे अभी भी राखी त्यौहार में उत्साहित होने का अवसर देती है। तुम अपने बचपने को कभी नहीं खोना क्योंकि तुम्हारे बचपने और बचपन को हीं याद करके अपनी सभी गृहस्थ समस्याओं को भूलकर उस अमराई में जीवंत हो उठती हूँ। मैं जानती हूँ, एक धागा भी मेरी ओर से तुम्हारे लिये अनमोल है और तुम्हारा मेरे प्रति स्नेह और सम्मान अतुलनीय उपहार है। तुम सोच रहे होगे कि मैं पत्र क्यों लिख रही हूँ? मोबाइल से भी तो बात कर सकती हूँ। ......कर तो सकती हूँ लेकिन अपनी भावनाएँ लिखित उपहार में तुम्हें भेजना चाहती हूँ। "तुम दूर रहो या पास, दीदी के लिए हमेशा हो खास।""रक्षा सूत्र दीदी बाँधेगी, नटखट छुटकू प्यारा भाई।
अनुज भी साथ निभाएगा, रिश्तों में बढ़ती गहराई।।" तुम जीवन में सफलता की ऊँचाइयों को छू लो, यही तुम्हारी दीदी की ईश्वर से प्रार्थना है। तुम्हारी परीक्षा चल रही है तो मैं जानती हूँ कि तुम नहीं आ पाओगे। इस बार मैं भी तुम्हें राखी बाँधने नहीं आ पाऊँगी। मेरी जिम्मेदारी से तुम अवगत हो। जो राखी मैं भेज रही हूँ उसे बाँधकर एक तस्वीर व्हाट्सएप में भेज कर मुझे आह्लादित जरूर करना। माँ और पिताजी कैसे हैं? उन्हें मेरा चरण स्पर्श कहना। अपना और उनका ख्याल रखना।

**तुम्हारी दीदी**
**सीपी**

# बंधन यह प्रेम का


सविता गुप्ता

सावन में करती बहन, भाई तेरा ध्यान।
बंधन है यह प्रेम का, राखी का यह ज्ञान।
कुमकुम रोली से सजे, बहना का घर बार।
रेशम धागे से जुड़ा, राखी का त्योहार।
माथे पर रोली तिलक, टीका मंगल प्रीत।
प्यारा सा गठजोड़ है, सदियों की है रीत।
धागा है यह प्रेम का, रिश्ते की है डोर।
बहना गाए गीत है, होकर भाव विभोर।
बहना माँग रही उमर, भइया दे उपहार।
आई ख़ुशियों की लहर, अँगना खिला बहार।
सावन में आता सदा, स्नेहिल सा यह पर्व।
भैया पर अपनी सदा, बहना करती गर्व।
रखती है आशीष सर, माँगे लंबी उम्र।
इंतज़ार में बहन भी, वर्षों करती सब्र।

# युद्ध


डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

चला कर अहं की मिसाइलें,
गिरा कर महत्वाकांक्षाओं के बम,
उड़ा कर प्रतिशोध
के ड्रोन,
फैला कर भय का
आतंक,
घोंट कर मानवता
का गला
तुम युद्ध जीतना
चाहते हो...?
तबाही के दर्दनाक, विचलित करते
दृश्य,
मलवों में दबी साँसें,
धुएँ के गुबार से उठती चीखें,
श्मशान होते शहर और
वीरान उपवन में
कैसे खिला सकते हो जीत के पुष्प..?
उन्मादी धमाकों से तोड़ सकते हो
बेगुनाह इमारतें, लेकिन
क्या जोड सकते हो टूटी हुई चूड़ियाँ?
वापस ला सकते हो किसी बुढ़ापे की
लाठी?
दे सकते हो बचपन को कोमल हँसी?
एक टुकड़ा वर्चस्व या
एक मुट्ठी सत्ता पाकर
क्या पा सकते हो अमरत्व का वरदान?
मसल कर निर्दोष जीव - जंतुओं का
जीवन
कभी हल नहीं हो सकते वहशी मसले?
इंसानियत की हार से नहीं मिल सकता
किसी इंसान को सुकून।।

## रक्षाबंधन

# नेह भरे ये धागे


पूनम शर्मा स्नेहिल

याद दिलाते राखी के हैं, नेह भरे ये धागे।
भाई-बहन इक दूजे संग, थे पीछे-पीछे भागे।।
लाड लड़ाते रहते हर पल, इक दूजे को मारे।
कभी नहीं आ सकता था, कोई उनके आड़े।।
पर्व प्रेम का सावन की, है पूर्णिमा को आता।
भाई बहनों को ये दिन, सबसे
ज्यादा भाता।।
थाल सजाकर बैठी बहना, ले
राखी का धागे।
बचपन के वो पल मानों, आज
है फिर से जागे।।
पहन के कुर्ता देखो भाई, जचता
कितना प्यारा।
बहना की आँखों का वो, लगता
तो है तारा।।
लगा के टीका माथे पर, प्रेम के बांधे धागे।
पीछे-पीछे इक चलता था, इक चलता था आगे।।
उपहारों की खींचा-तानी, याद बहुत है आते।
कैसे थे कैसे बोलूँ वो, भाई-बहन के नाते।।
समय बना पंछी देखो जो, उड़ के फिर न आया।
सावन का यह मौसम अब तो फिर से बड़ा रुलाया।।
काश कभी हम छोड़ के बचपन, बड़े नहीं हो पाते।
संग संग रहते इक दूजे के, मिलकर बड़ा सताते।।
बात नहीं अब पहले जैसी, त्योहारों में होती।
रह रह कर उन यादों में, जाने क्यों मैं खोती।।
वही जगत है वही है रिश्ते, समय बदल से जाते।
अहसास वही सब इस दिल में, रह-रह
उभर के आते।।
मोल नहीं इन धागों का, अनमोल है ये तो नाते।
बचपन की उन गलियों में, काश कभी तो जाते।।



# संगीत की भाषा


रीना सिन्हा सलोनी



कहते हैं संगीत की कोई भाषा नही होती देश और काल की सीमाओं से परे वो तो बस अपनी सुमधुर स्वरलहरियों से हमें मुग्ध करता हृदय में उतरता चला जाता है।

दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य के मैसूर में कुछ ऐसा ही अनुभव हुआ। नितांत अपरिचित परिवेश में शहर की भीड़भाड़ से दूर एक रिज़ॉर्ट के रेस्तराँ में जब हम रात के खाने के लिए पहुँचे तो वहाँ कर्नाटक मूल के एक व्यक्ति को हिंदी गाने गाते देख मैं सुखद आश्चर्य से भर गई वह बड़ी तन्मयता से एक के बाद एक हिंदी फ़िल्मों के गाने इस आसानी से गा रहा था मानों वह स्वयं हिंदी भाषी हो। दक्षिण भारत में जहाँ हिंदी अच्छी तरह बोलने और समझने वाले कम ही मिलते हैं और जहाँ हमें हिंदी में अपनी बात समझाना थोड़ा मुश्किल होता है, ऐसे में वहाँ उस रेस्तराँ में उस गायक को पुरानी हिंदी फ़िल्मों के गाने को इस तन्मयता से गाते हुए देखना और सुनना मेरे लिए एक अलग ही अनुभव था। वह कभी अपनी पसंद के गाने गाता तो कभी वहाँ बैठे लोगों की फ़रमाइशी गाने को अपने स्वर देता देखते ही देखते एक समाँ सा बँध गया था वहाँ और सब सुनने वाले मानों उसकी आवाज़ और गीतों से ठगे से बैठे थे हिंदी गानों के साथ बीच बीच में उसने कुछ कन्नड़ या तमिल, तेलगु भाषा के गाने भी गाए जिनके बोल मुझे समझ न आने के बावजूद उतने ही सुंदर और मधुर लगे। धीरे धीरे रात गहराती जा रही थी और हमारा रात का खाना भी समाप्त हो चुका था पर उन गीतों का जादू तो खतम होने का नाम ही नहीं ले रहा था पर हमें वापस अपने होटल भी लौटना था एक के बाद एक कई गानों को सुनकर और उस गायक को बधाई देकर हम वहाँ से चल दिए। इस सुखद शाम के बाद हिंदी और गैर हिंदी भाषाओं को लेकर कई विचार रह रह कर मन में कौंध रहे थे हमारे देश में प्रादेशिक भाषाओं को लेकर लोगों का दुराग्रह आज एक बड़ी समस्या है। आज एक राज्य के व्यक्ति का अन्य राज्यों में जाकर नौकरी करना आम बात है। मगर यह जरूरी नहीं की उस राज्य की भाषा भी उसे आती हो। ऐसे में बाहर के राज्यों से आए लोगों को प्रताड़ित करना और प्रादेशिक भाषा बोलने पर बाध्य करना कहाँ तक उचित है। कई बार देखा गया है कि किसी राज्य में वहाँ की भाषा न बोल पाने पर अन्य राज्यों से आए लोगों से बुरा बर्ताव किया जाता है और मारपीट तक कि जाती है। भाषा के आधार पर लोगों को बाँटने का प्रयास न सिर्फ़ हमारी बौद्धिक पिछड़ेपन को दर्शाता है बल्कि किसी भी राज्य के विकास में भी बाधक बनता है। लौटते वक्त रास्ते भर मैं उन्हीं गानों को गुनगुनाते हुए सोच रही थी की सचमुच संगीत ही एक ऐसी कड़ी है जिससे किसी भी भाषा के लोग कितनी सरलता से जुड़ जाते हैं संगीत को समझना नही पड़ता, बस ज़रूरत होती है महसूस करने की और आज की शाम इसका सटीक उदाहरण थी।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

## काव्य कोना

# जिद का जिक्र

जिद छूटे तो बातें करेंगे
रिश्तों के उम्र की दरयाफ्त करेंगे
कभी लम्हे, कभी सालों
वक्त की धारा पर बहते चलेंगे।
मुखौटा पर मुखौटा कितने बदल लो
रंगत खुद दिख जायेगी
कुरेदोगे जितने बार नया अर्थ मिलेगा
जिद अपनी नई कहानी गढ़ेगी।
बीती बातों को याद कर नये शूल चुनेंगे
व्यथा को न भूलाने के नए बहाने गढ़ेंगे
वक्त उसमें पल-पल अपना रंग भरेगा
चाहे-अनचाहे रूप बदलता रहेगा।
जिद छूटे तो बातें करेंगे
रिश्तों के उम्र की दरयाफ्त करेंगे
कभी लम्हे, कभी सालों
वक्त की धारा पर बहते चलेंगे।

**नाग मणि**

# जश्न-ए-आजादी


कंचन सिंह

जश्न-ए-आजादी की कीमत से आज हम अंजान हैं।
भूल गए इस हिंद से ही हमारी मुकम्मल पहचान है।
एक तिरंगा लहराने को नभ में,
एक तिरंगा बदन पर लिपटा कर सो गए।
आजाद सांसें, आजाद रातें देने को हमें,
वो जिंदगी से आजाद हो गए।
ना मिला आर्थियों को कंधा,
न ही अपनों का साथ।
पहने आजादी का सेहरा
ना काटी चैन से एक भी रात।
दुर्गम था माना रास्ते,
लक्ष्य भी अभेद्य था,
सर पर आजादी का जुनून,
साहस भी अदम्य था।
धरा थी खामोश जैसे जमीं हो गई थी बंजर।
बह रहा खेतों में खूं था,
हर तरफ बस मौत का मंजर।
फिर भी ना रुकने दिया, ना झुकने दिया अपने
आजाद हौसले को।
ना ही बदला किसी के खौंफ से अपने
किसी फैसले को।
जो सच में थे आज़ादी के हकदार,
बन के रह गए किताबों के किरदार।
अखंड, अक्षुण्ण भारत आज उनका ही वरदान है।
आजाद साँसे आजाद, रातें, आजाद बातें उनका
ही एहसान है।
जश्न-ए-आजादी की कीमत से आज हम अंजान हैं।
भूल गए इस हिंद से ही हमारी मुकम्मल पहचान है।

## आज का दोहा

हिचकी, आंसू, सिसकियां, कितने दर्द संभार।
रक्खे हर तस्वीर में, लेकर नये उधार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आदिवासी भारत के पहले मालिक, उनके अधिकार की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत तमाम कांग्रेस नेताओं ने आदिवासी समाज को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए आदिवासी समाज के अधिकार और न्याय की लड़ाई लड़ने की बात दोहराई। उन्होंने लिखा, "विश्व आदिवासी दिवस पर सभी आदिवासी भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी परंपराओं और जीवन मूल्यों ने भारत की पहचान को समृद्ध किया है। आप भारत के पहले मालिक हैं और आपके अधिकार, अस्मिता और न्याय की लड़ाई में हम आपके साथ हैं।"कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी विश्व आदिवासी दिवस पर शुभकामनाएं दी।



- "आप भारत के पहले मालिक हैं... आपके अधिकार, अस्मिता और न्याय की लड़ाई में हम आपके साथ हैं।"
- आदिवासी परंपराओं और मूल्यों की प्रशंसा की
- कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई आदिवासी हितों की रक्षा में पूर्ण समर्पण

## जल-जंगल-जमीन व आदिवासी परंपराओं की रक्षा जरूरी है



खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, "विश्व आदिवासी दिवस पर हमारे आदिवासी समाज के सभी नागरिकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई। जल-जंगल-जमीन और आदिवासी सभ्यता एवं परंपराओं का संरक्षण हमारा ध्येय है और कांग्रेस पार्टी आपके हितों की सुरक्षा के लिए पूर्णत: समर्पित है। जय जोहार, जय हिंद।" छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आदिवासी समाज के साथ हो रहे शोषण और अत्याचार के खिलाफ एकजुटता से खड़े होने की बात कही।उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "जल, जंगल और जमीन के निस्वार्थ सेवक एवं संरक्षक हमारे समस्त आदिवासी भाइयों-बहनों को विश्व आदिवासी दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हम सदैव आदिवासियों पर हो रहे शोषण व अत्याचार के विरुद्ध आदिवासी समाज के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़े हैं।"

## स्वास्थ्य और शिक्षा तक आदिवासी पहुंच सुनिश्चित हो

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने लिखा, "विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रकृति पूजक आदिवासी समुदाय सदैव ही पर्यावरण संरक्षण तथा संस्कृति का रक्षक रहा है। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि आदिवासी समुदाय की भाषा, उनकी संस्कृति का संरक्षण हो तथा समावेशी विकास के जरिए उन्हें सशक्त तथा स्वावलंबी बनाया जाए एवं स्वास्थ्य तथा शिक्षा की सुविधाएं उन्हें प्राप्त हों।

### चुनाव आयोग की बड़ी कार्रवाई

# 334 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को पंजीकरण सूची से हटाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय निर्वाचन आयोग ने शनिवार को 334 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को पंजीकृत सूची से बाहर कर दिया। चुनाव आयोग के फैसले के बाद वर्तमान में सिर्फ 6 राष्ट्रीय दल और 67 क्षेत्रीय पार्टियां हैं, जबकि 2,520 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल बचे हैं।

6 राष्ट्रीय पार्टियों में भाजपा और कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी, बसपा, सीपीएमआई और एनपीपी शामिल हैं। समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल जैसे 67 प्रमुख दल चुनाव आयोग की सूची में क्षेत्रीय दलों के तौर पर पंजीकृत हैं। आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सूची से बाहर किए गए राजनीतिक दल आयकर अधिनियम-1961 और चुनाव चिह्न (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश-1968 के प्रासंगिक प्रावधानों के साथ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम- 1951 की धारा 29बी और धारा 29सी के प्रावधानों के तहत कोई भी लाभ प्राप्त करने के पात्र नहीं होंगे। हालांकि, चुनाव आयोग ने सूची से बाहर किए गए राजनीतिक दलों को अपील के लिए 30 दिन का समय दिया है।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जून 2025 में ईसीआई ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 345 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया था। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अधिकारियों ने इन दलों की जांच की, उन्हें शोकॉज नोटिस जारी किए और व्यक्तिगत सुनवाई के माध्यम से अपनी बात रखने का अवसर दिया।

## जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 29ए के तहत कार्रवाई




अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर, 345 में से 334 दलों ने शर्तों का पालन नहीं किया। आयोग ने सभी तथ्यों और अधिकारियों की सिफारिशों पर विचार करने के बाद इन 334 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है। चुनाव आयोग ने बताया कि अब कुल 2,854 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से 2,520 दल शेष रह गए हैं। निर्वाचन आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, "राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का पंजीकरण भारत निर्वाचन आयोग के जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 29ए के अंतर्गत किया जाता है। राजनीतिक दलों के पंजीकरण को लेकर यह नियम है कि यदि कोई पार्टी लगातार 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ती, तो उसका नाम रजिस्ट्रेशन सूची से हटा दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, धारा 29ए के तहत रजिस्ट्रेशन के समय राजनीतिक दलों को अपना नाम, पता, पदाधिकारियों की सूची आदि जैसी जानकारी देनी होती है और इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर तत्काल आयोग को सूचित करना होता है।

## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में जारी मुठभेड़ के दौरान दो जवान शहीद, दो घायल

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों के साथ रातभर हुई मुठभेड़ में सेना के दो जवान शहीद हो गए और दो घायल हो गए। यह मुठभेड़ शनिवार को नौवें दिन भी जारी है और घाटी में सबसे लंबे आतंकवाद रोधी अभियानों में से एक है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि अभियान अब भी जारी है। दक्षिण कश्मीर जिले के अखल में एक जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद एक अगस्त को सुरक्षाबलों ने घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया था। मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे जा चुके हैं। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। चिनार कोर ने शनिवार को 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''चिनार कोर देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों, लांस नायक प्रीतपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह को श्रद्धांजलि आपर्ति करती है।

## शराब के नशे में बेटे ने बुजुर्ग पिता की हत्या की, गिरफ्तार

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कथित तौर पर शराब के नशे में एक युवक ने चाकू व फरसे से हमलाकर अपने बुजुर्ग पिता की हत्या कर दी। थाना प्रभारी अनूप दुबे ने बताया कि कुलकुमारी गांव में शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे गोरेलाल (35) ने शराब के नशे में चाकू और फरसे से हमलाकर अपने पिता नंदलाल कुशवाहा (60) को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना के समय घर के अन्य सदस्य खेत में धान की रोपाई के लिए गए हुए थे, चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और परिजनों को घटना की सूचना दी।

# उपेंद्र कुशवाहा का राहुल और तेजस्वी पर हमला

### एसआईआर को सिर्फ जनता के बीच मुद्दा बनाना चाहता विपक्ष

**एजेंसी। पटना**



बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को लेकर सियासत जारी है। इसी बीच, राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग सबसे आपत्ति मांग रहा है, उनको वहां गड़बड़ी की शिकायत देनी चाहिए। लेकिन यह लोग एसआईआर को सिर्फ राजनीतिक मुद्दा बनाकर लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा शनिवार को पटना में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। सीतामढ़ी में सीता माता मंदिर के शिलान्यास पर विपक्ष के आरोपों को लेकर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, "यह अच्छा काम है कि सीता माता मंदिर का शिलान्यास हुआ है। इस बात के लिए खुशी मनानी चाहिए, लेकिन कुछ लोगों का काम विरोध करने का है। चुनाव तो हमेशा कहीं ना कहीं होता है। जनता से जुड़ा हुआ काम नहीं रुकना चाहिए।"एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विपक्ष की तरफ से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराने पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, "इन लोगों का मकसद समाधान नहीं, बल्कि सवाल खड़ा करना है। एसआईआर को यह लोग (विपक्ष) जनता के बीच सिर्फ मुद्दा बनाना चाहते हैं। चुनाव आयोग ने ड्राफ्ट जारी किया है। उसमें कहीं गड़बड़ी है तो आयोग ने शिकायत संबंधी प्रोविजन किया है। जिन लोगों को लगता है कि गड़बड़ी हुई है, उन्हें चुनाव आयोग में जाकर शिकायत दर्ज करनी चाहिए।"कुशवाहा ने आगे कहा, "विपक्ष शिकायत या आपत्ति दर्ज करने के बजाय संसद की कार्यवाही को बाधित करता है।

## लुटेरों ने बुजुर्ग दुकानदार की आंख में मिर्च पाउडर फेंका,नकदी लूटकर भागे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में तीन लुटेरों ने 65 वर्षीय एक दुकानदार की आंखों में लाल मिर्च पाउडर फेंका और नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान सुरेश चंद उर्फ नेख सहाय के रूप में हुई, जो जहांगीरपुरी के ई ब्लॉक में अपनी दुकान पर था। पुलिस के मुताबिक, तीन लड़के कुछ खरीदने के बहाने उसकी दुकान पर आए।अचानक उनमें से एक ने दुकानदार की आंखों में लाल मिर्च पाउडर फेंक दिया, जबकि बाकी ने उसका कैश बॉक्स, जिसमें 5,000-7,000 रुपये थे, छीन लिया और भाग गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जहांगीरपुरी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## बिहार में राजग से गठबंधन नहीं हुआ तो अलग मोर्चा बनाकर चुनाव लड़ेंगे: राजभर

**बिहार।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में उनका राजग से गठबंधन नहीं होता है तो वह मोर्चा बनाकर अवश्य चुनाव लड़ेंगे, इससे उनके मंत्री पद पर कोई खतरा नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें मंत्री पद का लालच नहीं है। राजभर ने शुक्रवार को जिले के नवानगर में सुभासपा की एक समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार में राजग से अलग चुनाव लड़ने पर उनके मंत्री पद पर कोई खतरा नहीं है। राजभर ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम कहां कह रहे हैं कि बिहार में गठबंधन नहीं करेंगे, हमारी तो पहली कोशिश यही है कि हम लोग राजग गठबंधन से मिलकर चुनाव लड़ें। उन्होंने कहा, 2025 में बिहार में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का यदि गठबंधन नहीं होता है तो फिर मोर्चा बनाकर अवश्य चुनाव लड़ेंगे।

## पूरा चुनाव आयोग अकेले राहुल गांधी से ही डिबेट कर ले: आदित्य ठाकरे

**मुंबई।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए आरोपों का शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने समर्थन किया है। साथ ही दावा किया कि उनकी पार्टी पहले से ही ये कहती आ रही है। शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "हम पहले से ही कहते आ रहे हैं कि देश में जगह-जगह वोटों की चोरी हो रही है। ऐसा हमने महाराष्ट्र चुनाव में हारने के बाद नहीं, बल्कि लोकसभा चुनाव से कहा है। कई बार तो ऐसा लगता है कि मानो भाजपा के दफ्तर से ही चुनाव आयोग चल रहा हो। ऐसे में राहुल गांधी ने जो तथ्य सामने रखे हैं, वे हवा में की गई बातें नहीं हैं, बल्कि सबूत के साथ वोट की चोरी को पकड़ा है। कुछ लोग पांच-पांच बार अलग-अलग वोटिंग कर चुके हैं। उनका फोटो और नाम एक है, लेकिन उन्होंने अलग-अलग जगहों पर वोट किया है।" उन्होंने कहा, "चुनाव आयोग चुनौती देने के बजाय एक काम करे कि राहुल गांधी के साथ डिबेट करे। पूरा चुनाव आयोग सामने आए और राहुल गांधी अकेले खड़े रहेंगे और उनके साथ डिबेट करेंगे।

## एअर इंडिया पायलटों और अन्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने पायलटों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 65 वर्ष और अन्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 60 वर्ष करने का निर्णय लिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वर्तमान में एअरलाइन में पायलटों और अन्य कर्मचारियों दोनों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 58 वर्ष है। सूत्रों ने बताया कि सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की घोषणा एअरलाइन के टाउनहॉल में सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन द्वारा की गई।

एअर इंडिया के पायलटों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाकर 65 वर्ष की जाएगी और अन्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाकर 60 वर्ष की जाएगी। एअर इंडिया की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई।टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया में लगभग 24,000 कर्मचारी हैं, जिनमें लगभग 3,600 पायलट और लगभग 9,500 केबिन क्रू सदस्य शामिल हैं। यह तुरंत पता नहीं चल सका कि केबिन क्रू की सेवानिवृत्ति आयु, जो वर्तमान में एअर इंडिया में 58 वर्ष है, बढ़ाई गई है या नहीं।

## शिक्षा का मतलब सवाल पूछने की क्षमता विकसित करना : सिंधिया

**एजेंसी। भोपाल**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल जीवन निर्माण नहीं है, बल्कि उस जीवन में अर्थ का निर्माण करने और सवाल पूछने की क्षमता विकसित करने में सक्षम होना है।केंद्रीय संचार मंत्री ने शुक्रवार को कहा , शिक्षा का उद्देश्य केवल यह प्रश्न पूछना नहीं होना चाहिए कि 'मैं कैसे सफल होऊं', बल्कि यह भी पूछना होना चाहिए कि 'मैं कैसे सेवा करूं'। सिंधिया भोपाल में ब्रिटेन से जुड़े 'श्रूसबरी इंटरनेशनल स्कूल' के 150 एकड़ के परिसर के उद्घाटन के अवसर पर एक सभा को संबोधित कर रहे थे। दक्षिण एशिया के व्यापार आयुक्त और पश्चिमी भारत में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त हरजिंदर कांग ने भी इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, मैं भारत में श्रूसबरी इंटरनेशनल स्कूल की शुरुआत के मौके पर शामिल होकर प्रसन्न हूं।

### अजित पवार से हाथ मिलाने से शरद पवार ने किया इनकार, कहा-

# बीजेपी गठबंधन का कभी नहीं करेंगे समर्थन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने भतीजे अजित पवार से हाथ मिलाने की किसी भी संभावना से इनकार करते हुए कहा कि वह भाजपा नीत गठबंधन का कभी समर्थन नहीं करेंगे। उनका यह बयान उन अटकलों के बीच आया है जो मुंबई में एक पारिवारिक समारोह में दोनों को साथ देखे जाने के बाद लगाई जा रही थीं। 3 अगस्त को शरद पवार और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार, शरद पवार के पोते युगेंद्र पवार की सगाई समारोह में शामिल हुए थे। उनकी एक साथ उपस्थिति ने दोनों प्रतिद्वंद्वी खेमों के बीच संभावित राजनीतिक सुलह की अटकलों को हवा दे दी। यह पहली बार नहीं है जब पवार सीनियर ने इस तरह के दावों का खंडन किया हो। जून में भी उन्होंने ऐसी ही बातों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया था कि उनकी पार्टी उन लोगों के साथ गठबंधन नहीं करेगी जिन्होंने सत्ता के लिए भाजपा से हाथ मिलाया है। यह पहली बार नहीं है जब शरद पवार ने अपने भतीजे के साथ पुनर्मिलन की अटकलों को खारिज किया है। जून में, पवार ने गुटों के बीच की अटकलों को खारिज करते हुए कहा था कि उनकी पार्टी सत्ता के लिए भाजपा से हाथ मिलाने वाले किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज के दिन किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में बढ़ोतरी करेगा। आज के दिन आप ऐसे काम करें जिनसे आपको ख़ुशी मिले, लेकिन दूसरों के मामलों में दख़लअंदाज़ी करने से भी बचें तो और भी अच्छा रहेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज ख़ुद को आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें, इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला बनेगा। आज अचानक आए ख़र्चे आपका आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं लेकिन जीवनसाथी की सहायता से आप हर मुश्किल से पार पा लेंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज लम्बे समय से अटके मुआवज़े और कर्ज़ आदि से आपको छुटकारा मिलने के योग बन रहे हैं। अगर आपको लगता है कि आप दूसरों की मदद के बिना महत्वपूर्ण कामों को कर सकते हैं, तो आपको बिना देरी किये काम को शुरू कर देना चाहिए।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। किसी करीबी दोस्त की मदद से आज आपको अच्छा-खासा धन लाभ होने के योग बन रहे है। जिसका उपयोग आप निजी कार्यों के लिए भी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता का मौक़ा मिलेगा। जो आपको प्रभावशाली व्यक्तियों के संपर्क में लाएगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपके विनम्र स्वभाव की सराहना होगी। आज आस - पास के व्यक्ति आपके स्वभाव की तारीफ करेंगे। आप व्यापार को मजबूती देने के लिए आज कोई अहम कदम उठा सकते हैं जिसके लिए आपका कोई करीबी आपकी आर्थिक मदद कर सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहेगा। आज किसी से भी अपने विचार व्यक्त करने में हिचकिचाएं नहीं। आज आप आत्मविश्वास की कमी को ख़ुद पर हावी न होने दें, आप पूरे फोकस के साथ काम करें तो आपको अच्छा परिणाम मिलेगा। इस राशि के छात्र आज किसी विषय को समझने के लिए अपने सीनियर की मदद ले सकते हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहेगा। आज आप किसी काम को मेहनत और लगन से पूरा करेंगे, जिसमें आपको सफलता मिलेगी। जीवन के अहम दौर में पैसा आपके काम आएगा इसलिए आज से ही अपने पैसे की बचत करने के बारे में विचार करेंगे। आज मित्रों के माध्यम से आपका ख़ास व्यक्तियों से मिलना जुलना हो सकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। स्वास्थ्य समस्या से आज आपको काफ़ी रिलैक्स होने की संभावनाए हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं। कुछ ख़रीदने से पहले उन चीज़ों का इस्तेमाल करें, जो पहले से आपके पास हैं।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। दोस्तों के साथ आज की शाम अच्छी रहेगी लेकिन समय का ख्याल आपको रखना पड़ेगा नहीं तो माता जी डांट पड़ सकती है। विवाहित दंपत्तियों को आज अपनी संतान की शिक्षा पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज मानसिक दबाव के बावजूद आपकी सेहत अच्छी रहेगी। आज ज़रूरत के वक़्त आपको दोस्तों का सहयोग मिलेगा। आज जरूरी काम में मन लगाएं और जज़्बाती बातों से बचें। जीवनसाथी के साथ यह एक बढ़िया दिन गुज़रने वाला है।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। पारिवारिक संबंधों में गहराई और अपनापन आपको महसूस हो सकता है। आज किसी समारोह के होने कारण से आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आप मनोरंजन में बाहर की गतिविधियों और खेल-कूद को शामिल करेंगे। आज घर की छोटी-छोटी खुशियों में शामिल होकर आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आकर्षण और व्यक्तित्व के ज़रिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे।

## नकवी ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों को बताया 'बुद्धि चोरी' और 'सनक' का नतीजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान उनकी "बुद्धि चोरी" और सत्ता के बिना तड़पने का परिणाम है। उन्होंने राहुल के "हिट एंड रन" के खेल को पुराना और बेनकाब हो चुका करार दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कह रहे हैं कि वोट की चोरी हुई है, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि वोटों की चोरी नहीं हुई है, बल्कि राहुल गांधी की बुद्धि की चोरी हो गई है। इसी वजह से लो इस तरह का बयान दे रहे हैं। अब राहुल गांधी सत्ता के लिए छटपटा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पिछले दस सालों से देश की संवैधानिक व्यवस्थाओं और संस्थाओं के खिलाफ अविश्वास, भय और भ्रम का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जिनकी सद्बुद्धि चरने चली गई हो, वे ऐसी ही बातें करेंगे। राहुल गांधी सत्ता के बिना मछली की तरह तड़प रहे हैं। उनकी सनक चरम पर है, इसलिए वे इस तरह के बयान दे रहे हैं। मुख्तार अब्बास नकवी ने पुरानी मतदान व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि पहले वोटिंग में अनियमितताएं आम थीं, लेकिन अब व्यवस्था पारदर्शी और सुरक्षित है। वर्तमान व्यवस्था वैध मतदाताओं की सुरक्षा और अवैध मतदाताओं की सफाई के लिए बनाई गई है। नकवी ने राहुल से सुझाव देने की बजाय साजिश रचने से बचने की सलाह दी। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं के संदर्भ में भी कांग्रेस की आलोचना की। नकवी ने कहा कि उत्तराखंड और अन्य क्षेत्रों में बाढ़ जैसी आपदाओं में लोग मदद और दुआएं कर रहे हैं, लेकिन कुछ लोग बद्दुआ और कुतर्क देने में लगे हैं।

## भारतीय रेलवे त्योहारी सीजन में यात्रा पर देगा छूट, पेश की नई स्कीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आगामी त्योहारी सीजन के दौरान परेशानी मुक्त टिकट बुकिंग अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, रेल मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने डिस्काउंटेड फेयर और रिबेट बेनिफिट पर 'राउंड ट्रिप पैकेज' तैयार करने का फैसला किया है। इस कदम से यात्रियों को सुविधा होगी और त्योहारों के व्यस्त मौसम में अधिक यातायात को व्यापक दायरे में पुनर्वितरित किया जा सकेगा और विशेष ट्रेनों सहित दोनों तरफ की ट्रेनों का अधिक उपयोग सुनिश्चित होगा। रेल मंत्रालय ने कहा, "त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ के लिए डिस्काउंटेड फेयर पर राउंड ट्रिप पैकेज नामक एक प्रायोगिक योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया है।"मंत्रालय के अनुसार, यह योजना उन यात्रियों पर लागू होगी जो निर्धारित अवधि के दौरान वापसी करना चाहते हैं। इस योजना के तहत, एक ही यात्री समूह के लिए जाने और वापसी दोनों यात्राओं की टिकट बुकिंग कराने पर छूट लागू होगी। वापसी यात्रा का विवरण जाने की यात्रा के विवरण के समान ही होना चाहिए। यात्री 14 अगस्त से 13 अक्टूबर की अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) के लिए अपनी टिकटें बुक कर सकते हैं। मंत्रालय ने कहा, "पहले 13 अक्टूबर 2025 से 26 अक्टूबर 2025 के बीच ट्रेन शुरू होने की तारीख के लिए जाने की यात्रा का टिकट बुक किया जाएगा, और उसके बाद 17 नवंबर और 1 दिसंबर 2025 के बीच ट्रेन शुरू होने की तारीख के लिए कनेक्टिंग यात्रा सुविधा का उपयोग करके वापसी यात्रा का टिकट बुक किया जाएगा।"

### विधानसभा चुनाव | राहुल देशभर में फैला रहे भ्रामक प्रचार; पहले संविधान, अब मतदाता सूची को बनाया मुद्दा

# कांग्रेस की बड़ी हार को गड़बड़ी का बहाना बना रहे

- कांग्रेस को "दिशाहीन, विफल और गुटबाज़ी में उलझी" पार्टी बताया

**एजेंसी। हरियाणा**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राहुल गांधी पर हमला तेज करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि लगातार हार से हताश कांग्रेस के 'शहजादे' अब देशभर में 'झूठा' एजेंडा फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी ने ''पहले संविधान के संबंध में 'झूठा' एजेंडा फैलाया और अब मतदाता सूची के संबंध में।'' सैनी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हरियाणा विधानसभा चुनाव की आठ सीटों पर 22,779 वोटों के अंतर से कांग्रेस की हार को वह चुनावी गड़बड़ी का बहाना बना रहे हैं।'' राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत और हार का अंतर पूरे राज्य में सिर्फ 22,779 मतों का था। सैनी ने कहा, ''महोदय, अगर यही 22 हजार वोट भाजपा को मिले होते, तो हम कम से कम 10 सीटें और जीत सकते थे। भाजपा को तो सिर्फ 12,592 वोटों के मामूली अंतर से सात सीटों पर हार झेलनी पड़ी। जिनमें लोहारू, आदमपुर, रोहतक, सढौरा, पंचकूला, फतेहाबाद और थानेसर शामिल हैं।''मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं स्पष्ट तौर पर राहुल गांधी से कहना चाहता हूं कि वे बार-बार जनता के जनादेश को अपमानित करना बंद करें और अपनी दिशाहीन, विफल और गुटबाज़ी में उलझी कांग्रेस को संभालें।' सैनी ने बृहस्पतिवार को भी कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए दावा किया था कि पिछले दो दशकों में राहुल गांधी ने राजनीति में खुद को स्थापित करने के कई प्रयास किए, लेकिन असफल रहे।

## राहुल देश को बदनाम करने पर उतारू: तरुण चुघ



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश को बदनाम करने पर उतारू हो चुके हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में राहुल गांधी को झूठ बोलने और देश की संस्थाओं को बदनाम करने का आदी करार दिया और कहा, "राहुल गांधी लगातार झूठ बोलकर भय पैदा करते हैं। वे बिना सबूत के आरोप लगाते हैं और अब अगले माफीनामे की स्क्रिप्ट लिख रहे हैं। देश की संस्थाओं पर कीचड़ उछालकर सस्ती सुर्खियां बटोरना उनकी पुरानी आदत है।" उन्होंने ने राहुल पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए कहा, "राहुल और उनके साथी वोटबैंक की राजनीति के लिए देशहित तक गिरवी रख सकते हैं। कांग्रेस का 'हिट एंड रन' फार्मूला है—झूठ बोलो, संस्थाओं को बदनाम करो और भाग जाओ।" उन्होंने आगे कहा, "जनता अब सब समझ चुकी है और आगामी बिहार चुनाव में इसका हिसाब करेगी। राहुल गांधी को तुरंत शपथ पत्र देकर देश से माफी मांगनी चाहिए।"केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए चुघ ने कहा, "गृह मंत्री का बयान कि पड़ोसी देश में पैदा हुआ बच्चा भारत के संसाधनों का हकदार नहीं हो सकता, संविधान के अनुरूप है। यह स्वागत योग्य है।"

ममता बनर्जी पर तीखी टिप्पणी करते हुए चुघ ने कहा, "ममता बनर्जी आधुनिक जिन्ना बन चुकी हैं।

## रमेश बुदियाल ने रचा इतिहास

# एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे...



**महाबलीपुरम (आईएएनएस)**

रमेश बुदियाल ने एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। वह इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं। रमेश बुदियाल को फाइनल में पहुंचने के लिए दूसरे स्थान की जरूरत थी। दो महत्वपूर्ण राइड्स, 5.50 और 5.93, ने उन्हें 11.43 पर पहुंचा दिया, जो चीन के शिदोंग वू (9.03) और हमवतन किशोर कुमार (8.10) से आगे था। इस प्रदर्शन के दम पर बुदियाल ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में पहुंचने के बाद बुदियाल ने कहा, "यह वैसी शुरुआत नहीं थी, जैसी मैं चाहता था। किसी तरह मैंने स्कोर बनाया। मैं नर्वस नहीं था, मुझे आखिरी कुछ मिनटों में अपना दिमाग लगाते हुए सही लहरों की तलाश करनी थी, जो मुझे मिल गई। इससे पहले रमेश बुदियाल और किशोर कुमार ने ओपन पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा था। दोनों सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय सर्फर रहे। बुदियाल ने 14.84 के स्कोर के साथ क्वार्टर फाइनल में दबदबा बनाया था और फिलीपींस के नील सांचेज (12.80) से आगे रहे थे। सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद रमेश बुदियाल ने इसे गर्व वाला पल बताया था। बुदियाल पिछले साल मालदीव में हुई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाए थे। उन्होंने कहा, "पिछले साल अगर मुझे मौका मिलता, तो शायद मैं बेहतर प्रदर्शन करता। मैं काफी निराश था। लेकिन इस बार, मैं यह सुनिश्चित कर रहा हूं कि मैं मौके का अच्छा इस्तेमाल करूं। फाइनल में पहुंचकर रमेश ने अपने उस बयान को सही साबित कर दिया है कि उन्हें मौके की तलाश थी।

**ऐतिहासिक उपलब्धि :** रमेश बुदियाल एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।

**क्वालिफिकेशन मानदंड :** फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें दूसरे स्थान पर रहना आवश्यक था।

**महत्वपूर्ण राइड्स :** 5.50 और 5.93 के स्कोर वाली दो राइड्स से कुल 11.43 अंक हासिल किए।

**प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त :** चीन के शिदोंग वू (9.03) और भारतीय किशोर कुमार (8.10) को पीछे छोड़ा।

**फाइनल से पहले प्रतिक्रिया :** बुदियाल ने कहा कि शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं थी, लेकिन परिणाम शानदार रहा।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय काके की 3 छात्राएं सब जूनियर राज्य स्तरीय फुटबॉल कैंप में चयनित



**रांची।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय काके खुशखबरी दिन रहा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अपना उच्च कोटि प्रदर्शन करने लगे हैं । जिसका परिणाम यह है कि आज विद्यालय के तीन छात्र सब जूनियर राज स्तरीय फुटबॉल चैयन ट्रायल जो धनबाद में आयोजन किया गया था उसे राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में अपना खेल का उच्च कोटि प्रदर्शन कर झारखंड राज्य स्तरीय कैंप में अपना स्थान हासिल किया। विद्यालय के छात्र नंदनी कुमारी सीता कुमारी शिवानी कुमारी कि इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य आनंद मिश्रा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही साथ विद्यालय के सभी शिक्षक ने यह तीनों छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना की इसकी जानकारी विद्यालय के शारीरिक शिक्षक प्रवीण कुमार ने दी है

## रांची जिला टेबल टेनिस संघ ने किया द्वितीय झारखंड राज्य रैंकिंग चैंपियनशिप-2025 का आयोजन

**रांची।** रांची जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा आयोजित द्वितीय झारखंड राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप–2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 22 अगस्त से 24 अगस्त तक नमन विद्या, हज़ारीबाग में आयोजित की जाएगी।

### प्रतियोगिता की श्रेणियां

- **बालक/बालिका एकल :** अंडर 11, 13, 15, 17 एवं 19 वर्ष
- **पुरुष एवं महिला एकल :** प्रत्येक खिलाड़ी अधिकतम तीन इवेंट्स में भाग ले सकता है।
- **प्रविष्टि की अंतिम तिथि :** 15 अगस्त 2025, दोपहर 12:30 बजे तक

### लॉन बॉल वर्ल्ड कप व हांगकांग क्लासिक चयन

## 16 में से 9 खिलाड़ी झारखंड के इंडिया कैंप में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** बोलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने वर्ल्ड कप एवं हांगकांग क्लासिक 2025 के चयन प्रक्रिया के लिए भारतीय कैंप में शामिल खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। कुल 16 खिलाड़ियों (पुरुष एवं महिला) की सूची में झारखंड के 9 खिलाड़ी शामिल है। 8 महिला में 4 झारखंड की महिला खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की, कविता कुमारी एवं रेशमा चौहान है। वहीं, लवली चौबे एवं रूपा रानी तिर्की कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट है साथ ही कई अंतरराष्ट्रीयय इवेंट में अपना परचम लहरा चुकी है। वहीं कविता ने भी अंतरराष्ट्रीय इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। रेशमा चौहान 2025 उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेल में झारखंड के लिए स्वर्ण पदक जीता था। वहीं, पुरुष वर्ग में 8 नामों में 5 खिलाड़ी झारखंड के खिलाड़ी दिनेश कुमार, सुनील बहादुर, आलोक लकड़ा, अभिषेक लकड़ा एवं प्रिंस कुमार शामिल है। चारों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है। दिनेश और सुनील बहादुर कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए रजत पदक जीता था। रूप रानी तिर्की जिला खेल पदाधिकारी पद पर कार्यरत हैं। लवली चौबे ,दिनेश, सुनील ,कविता और आलोक लकड़ा झारखंड पुलिस में है। सभी खिलाड़ियों को डीपीएस आरके पुरम नई दिल्ली में 27 अगस्त को रिपोर्ट करना है वहीं 28 से 31 अगस्त तक चयन प्रक्रिया चलेगी। परफॉर्मेंस के आधार पर सलेक्शन कमेटी 31 अगस्त को भारतीय टीम की घोषणा कर देगी।

झारखंड बोलिंग टीम के सचिव सह कोच मधुकांत पाठक ने कहा की ये पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है की भारतीय कैंप की सूची में आधे से ज्यादा झारखंड के खिलाड़ी शामिल है। उम्मीद जताई की चयन प्रक्रिया में हमारे खिलाड़ी अपना बेस्ट देंगे और भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

वहीं, संघ के कार्यकारी सचिव आशीष झा , कोषाध्यक्ष शैलेश शर्मा, बिपिन सिंह, चंद्रदेव सिंह,अजय नायक, सिकंदर महतो, आलोक मिश्र, योगेश यादव, रणबीर, परितोष सिंह, संजय त्रिपाठी, रोहि , देवेंद्र सिंह, अशोक कुमार, रंजित केशरी, सरोज यादव , प्रभाकर सहित कई ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## भारतीय स्क्वैश के 'शिखर पुरुष' सौरव जिन्होंने देश को बुलंदियों तक पहुंचाया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



सौरव घोषाल भारत के प्रसिद्ध स्क्वैश खिलाड़ी रहे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया। सौरव कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में अपने वतन को कई पदक जिता चुके हैं। अपनी तेज गति और बेहतरीन तकनीक के लिए मशहूर घोषाल भारतीय स्क्वैश को बुलंदियों तक पहुंचाने वाले खिलाड़ी रहे। 10 अगस्त 1986 को कोलकाता में जन्मे सौरव घोषाल ने अपने गृहनगर में स्थित कोलकाता रैकेट क्लब में स्क्वैश खेलना शुरू किया। अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद सौरव चेन्नई स्थित आईसीएल स्क्वैश एकेडमी पहुंचे, जहां रिटायर्ड मेजर मनियम और साइरस पोंचा से इस खेल की बारीकियां सीखीं। साल 2004 में सौरव ब्रिटिश जूनियर ओपन अंडर-19 स्क्वैश खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने। साल 2006 में उन्होंने दोहा एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। अगस्त 2007 में उन्हें 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। घोषाल यह सम्मान पाने वाले पहले स्क्वैश खिलाड़ी बने।

साल 2003 में पीएसए में डेब्यू करने वाले सौरव घोषाल ने 18 बार टूर्नामेंट का फाइनल खेला। इस दौरान उनके नाम 10 खिताब रहे। नवंबर 2021 में मलेशियन ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप के फाइनल में उन्होंने कोलंबिया के मिगुएल रोड्रिग्ज को शिकस्त देकर अपना अंतिम पीएसए खिताब हासिल किया। साल 2024 में विंडी सिटी ओपन पीएसए टूर पर आखिरी बार प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्हें राउंड ऑफ 64 में यूएसए के टिमोथी ब्राउनेल से शिकस्त झेलनी पड़ी। सौरव घोषाल वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं। उन्होंने यह कारनामा साल 2013 में मैनचेस्टर में किया था। साल 2014 में उन्होंने इंचियोन में खेले गए 17वें एशियन गेम्स के सिंगल्स इवेंट में रजत पदक अपने नाम किया। ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी थे। फाइनल में उन्हें कुवैत के अब्दुल्ला अल-मुजायेन से हार का सामना करना पड़ा।

## पाउला बडोसा ने पीठ की चोट के कारण 'यूएस ओपन' से नाम वापस लिया



**न्यूयॉर्क (आईएएनएस) ।** पूर्व विश्व नंबर 2 पाउला बडोसा को बार-बार होने वाली पीठ की चोट के कारण आगामी 'यूएस ओपन' से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसके साथ ही न्यूयॉर्क में ग्रैंड स्लैम में पिछले साल के क्वार्टर फाइनल को दोहराने या बेहतर करने की उनकी उम्मीदें खत्म हो गई हैं। वर्तमान में 12वें स्थान पर काबिज स्पेनिश खिलाड़ी ने 30 जून को विंबलडन में ब्रिटेन की केटी बौल्टर से पहले दौर में हार के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है। अमेरिकी टेनिस संघ ने शुक्रवार को पुष्टि की कि स्विट्जरलैंड की जिल टेचमैन मुख्य ड्रॉ में बडोसा की जगह लेंगी।

## झारखंड महिला टीम ने पंजाब को हरा सब जूनियर पुरुष टीम की हार का लिया बदला



**राष्ट्रीय नवीन मेल**

**रांची ।** 1 अगस्त से 12 अगस्त तक काकीनाडा आंध्रप्रदेश में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड महिला हॉकी टीम ने आज क्वाटर फाइनल मैच में हॉकी पंजाब को 3-1 गोल से पराजित कर लगातार 15वें वर्ष ( 2011) से ही सेमीफाइनल में जगह बनाई, और इस जीत के साथ ही सब जूनियर झारखंड पुरुष टीम को पंजाब से मिली हार का बदला महिला टीम ने लिया। क्वाटर फाइनल मैच में पंजाब महिला टीम मैच के 06 वे मिनट में एक गोल कर झारखंड पर बढ़त ले ली थी, परंतु झारखंड टीम एक मिनट बाद ही 07वें मिनट में स्वीटी डुंगडुंग के हाथो एक शानदार फील्ड गोल कर स्कोर 1-1 से बराबरी पर कर ली। 22वें मिनट में मिले पेनाल्टी कॉर्नर में शांति कुमारी के हाथो एक और गोल कर 2-1 से बढ़त बना ली। 46वें मिनट में रोशनी आईंद के हाथो एक और गोल कर 3-1 से निर्णायक बढ़त लेली जो अंत तक बरकरार रखते हुए मैच 3-1 से कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैच में झारखंड की रजनी केरकेट्टा को उनके शानदार खेल के प्रदर्शन पर बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया है।

## एशेज के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने एशेज खेलने की इच्छा जताई है। वह एशेज टेस्ट सीरीज तक फिट होने के लिए कंधे की चोट की सर्जरी के बजाय रिहैब करना चाहते हैं। 36 साल के क्रिस वोक्स को भारत के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के 'द ओवल' में खेले गए पांचवें टेस्ट के पहले दिन बाएं कंधे में इंजरी की समस्या हुई थी। इस वजह से उन्हें टेस्ट के बचे हुए चार दिन फील्ड से बाहर रहना पड़ा था। ओवल टेस्ट के पांचवें दिन वोक्स बाएं हाथ में स्लिंग लगाकर बल्लेबाजी करने उतरे थे। हालांकि उनके साहस का मैच के परिणाम पर असर नहीं पड़ा था और भारत ने 6 रन से जीत दर्ज कर सीरीज 2-2 से बराबर की थी।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत में छोटे ग्रामीण उद्यम सालाना 79 लाख नौकरियां पैदा कर सकते हैं



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि लघु और सूक्ष्म ग्रामीण उद्यम, जिनमें कपड़ा, निर्माण, सेवा और खुदरा जैसे क्षेत्रों के छोटे व्यवसाय शामिल हैं, सालाना लगभग 79 लाख नौकरियां पैदा कर सकते हैं। ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (टीआरआई) और डेवलपमेंट इंटेलिजेंस यूनिट (डीआईयू) की एक संयुक्त रिपोर्ट में कहा गया है, "भारत का ग्रामीण युवा समूह विशाल और विस्तारित है, जिससे यह देश के भावी कार्यबल और आर्थिक प्रगति का केंद्र बन गया है। युवा साक्षरता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 15-24 आयु वर्ग के युवाओं में राष्ट्रीय स्तर पर 97 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यद्यपि 20-24 आयु वर्ग की 88 प्रतिशत ग्रामीण महिलाएं प्राथमिक शिक्षा पूरी कर लेती हैं, उच्च शिक्षा में नामांकन में उल्लेखनीय गिरावट आई है, उच्चतर माध्यमिक शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात 53.8 प्रतिशत और 18 से 23 आयु वर्ग के युवाओं में लगभग 27.1 प्रतिशत है। संभावनाओं के बावजूद, लघु और सूक्ष्म ग्रामीण उद्यमों (एमएनआरई) का प्रतिनिधित्व कम है और रिपोर्ट के अनुसार, इस स्थिति में बदलाव होना चाहिए। "यह रिपोर्ट सूक्ष्म-स्तरीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करती है। जब हम इन्हें पढ़ते हैं, तो हमें यह भी समझ आता है कि किन प्रथाओं को बढ़ाया या दोहराया जा सकता है। ये जानकारियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये कमियों को उजागर करती हैं।

## जीईएम पर 3 करोड़ ऑर्डर्स के माध्यम से हुई करीब 15 लाख करोड़ रुपए की सरकारी खरीद : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को डिजिटल गवर्नेंस पहल के सफल 9 वर्षों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' के दृष्टिकोण को साकार करते हुए, सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पारदर्शिता, समावेशिता और दक्षता की आधारशिला बन गया है। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "भारत की सबसे प्रभावशाली डिजिटल गवर्नेंस पहलों में से एक के रूप में 9 वर्ष पूरे करने पर सरकारी ई-मार्केटप्लेस को बधाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म के जरिए वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 1.52 लाख करोड़ रुपए की खरीदारी हुई है और शुरुआत के बाद से अब तक



3 करोड़ ऑर्डर्स के माध्यम से कुल 14.91 लाख करोड़ रुपए से अधिक की संचयी खरीदारी संभव हुई है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस पहल हाशिए पर पड़े विक्रेता समूहों और दिव्यांग लोगों को सक्रिय रूप से सुविधा प्रदान करती है।

- **संख्या में वृद्धि :** योजना का विकास पथ आंकड़ों में लगातार बढ़ोतरी दर्शाता है।
- **प्रभाव का गहन होना :** स्थानीय समुदायों पर सकारात्मक और गहरा असर पड़ रहा है।
- **लागत प्रभावी खरीद :** योजना से सस्ते और बेहतर खरीद समाधान संभव हुए हैं।
- **आत्मनिर्भर भारत का समर्थन :** यह पहल देश की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "इसने एमएसई, महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), आदिवासी कारीगरों, स्टार्टअप्स, बुनकरों और दिव्यांगजनों जैसे हाशिए पर पड़े और कम प्रतिनिधित्व वाले विक्रेता समूहों की भागीदारी को भी सक्रिय रूप से सुगम बनाया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शीर्ष से निचले स्तर तक डिजिटल खरीद को विकेंद्रीकृत करने के लिए, पंचायतों द्वारा खरीद को सक्षम बनाने हेतु जीईएम को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के साथ भी एकीकृत किया गया है। गोयल के अनुसार, इस योजना का विकास पथ न केवल संख्या में वृद्धि को दर्शाता है, बल्कि प्रभाव के गहन होने को भी दर्शाता है जो स्थानीय समुदायों को सशक्त बना रहा है, लागत प्रभावी खरीद को सक्षम बना रहा है और आत्मनिर्भर भारत का समर्थन कर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, जीईएम ने वित्त वर्ष 2024-25 में सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) में 5.4 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन दर्ज किए हैं।

## सोना इस हफ्ते 2,600 से अधिक महंगा हुआ, चांदी 1.14 लाख रुपए के पार



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 2,600 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी का भाव 5,000 रुपए से अधिक बढ़ गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 1,00,942 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 98,253 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 2,689 रुपए की बढ़त को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 92,463 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 90,000 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 73,690 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 75,707 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 5,086 रुपए बढ़कर 1,14,732 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,09,646 रुपए प्रति किलो थी। चांदी अपने उच्चतम स्तर के करीब बनी हुई है। 7 अगस्त को चांदी ने 1,15,250 रुपए प्रति किलो का ऑल-टाइम हाई बनाया था। सोने और चांदी में बढ़त की वजह वैश्विक अस्थिरता माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कई देशों पर टैरिफ लगाए जाने के कारण ग्लोबल स्तर पर अनिश्चितता में इजाफा हुआ है। वैश्विक अनिश्चितता के समय सुरक्षित माने जाने के कारण दुनिया भर में सोने और चांदी की मांग बढ़ जाती है और मांग के मुकाबले सीमित आपूर्ति के कारण इनकी कीमतों में इजाफा होता है।

## संचार साथी ऐप का डाउनलोड 50 लाख के पार

### 5.35 लाख से अधिक खोए हुए मोबाइल फोन वापस पाने में मिली मदद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

संचार मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि धोखाधड़ी वाले कॉल और संदेशों की रिपोर्ट करने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) की पहल संचार साथी मोबाइल ऐप ने लॉन्च होने के छह महीने के भीतर 50 लाख डाउनलोड की संख्या को पार कर लिया है। मंत्रालय ने बताया कि इस साल जनवरी में




ऐप लॉन्च होने के बाद से, संचार साथी पहल के तहत 5.35 लाख से ज़्यादा खोए या चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट वापस मिल चुके हैं, नागरिकों की रिपोर्ट के आधार पर 1 करोड़ से ज्यादा अनधिकृत मोबाइल कनेक्शन काटे गए हैं और चक्षु फ़ीचर के ज़रिए चिह्नित 29 लाख से ज़्यादा मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय किया गया है। संचार साथी पोर्टल पर 16.7 करोड़ सेज्यादा लोग आ चुके हैं, जो इस नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म में जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

इस ऐप के ज़रिए, दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सुरक्षा बढ़ाने और नागरिकों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## सावन पूर्णिमा पर महादेव मठ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**कुंदा (चतरा)।** सावन पूर्णिमा पर महादेव मठ में भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महिला श्रद्धालुओं ने दूध, बेलपत्र और जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए और भीड़ को कतारबद्ध कर जलाभिषेक कराया। अखंड हरी कीर्तन का समापन शाम 4 बजे हुआ।

## चंदवा में सादगी से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



**चंदवा।** ख्रीस्त राजा विद्यालय और कृषि फार्म परिसर में विश्व आदिवासी दिवस का सादगीपूर्ण आयोजन हुआ। कार्यक्रम में झामुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बैधनाथ राम, विशिष्ट अतिथि वाल्टर खाखा और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हुए। अतिथियों ने गुरुजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जेपीएससी परीक्षा पास करने वाले धर्मेश भगत और अंजू माला लकड़ा को सम्मानित किया गया।

## अमडीहा में 10 अगस्त से तीन दिवसीय बालक-बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट

**बेतला (लातेहार)।** ग्राम अमडीहा स्थित चन्द्रदाहा (बाजार टांड़) मैदान में नवयुवक संघ फुटबॉल क्लब द्वारा 10 अगस्त से तीन दिवसीय बालक-बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। खेल का शुभारंभ रविवार दोपहर 12 बजे होगा। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। पुरस्कारों में विभिन्न श्रेणियों में 'खस्सी' (बकरा), कप और मेडल रखे गए हैं। नियमों के तहत सभी टीमों को अपनी फुटबॉल और जर्सी लाना अनिवार्य है तथा रेफरी का निर्णय अंतिम होगा।

# लातेहार में भाई-बहन के अटूट प्रेम के पर्व रक्षाबंधन की धूम

- सुबह से मंदिरों में पूजा-अर्चना, राखी और मिठाई की दुकानों पर रही जबरदस्त भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय लातेहार सहित आसपास के क्षेत्रों में भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन आज हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाइयों पर राखियां बांधकर उनके दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को सप्रेम उपहार भेंटकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम के इस त्योहार को लेकर छोटी-छोटी बच्चियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

सुबह से ही बच्चियां, युवतियां और महिलाएं स्नान कर सुंदर परिधानों में सुसज्जित होकर मंदिरों में जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कीं और घर आकर भाइयों की आरती उतारी, ललाट पर तिलक लगाया और कलाइयों में राखियां बांधकर भाइयों का मुंह मीठा कराया। कई बहनें मायका आकर अपने भाइयों को राखी बांधीं। बहनों ने मिठाई खिलाकर भाइयों को चिरायु का आशीर्वाद दिया। भाइयों ने भी बहनों को प्रेम से गले लगाया और छोटी बहनों को शुभाशीष दिया। इस बार सुबह से ही रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता रहा। रक्षा बंधन के कारण राखी की दुकानों के साथ ही मिठाइयों और फलों की दुकानों पर भी काफी भीड़ रही।



### चंदवा में रक्षा बंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**चंदवा।** सावन मास की पूर्णिमा पर भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भद्रा नक्षत्र समाप्त होते ही बहनों ने वर्षों पुरानी परंपरा निभाते हुए भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनके दीर्घायु व सुखमय जीवन की कामना की। भाइयों ने भी हर परिस्थिति में बहनों की रक्षा करने का संकल्प दोहराया। सुबह से ही राखी बांधने और पूजन-अर्चना का दौर जारी रहा। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों पर भी भारी भीड़ उमड़ी। रक्षा सूत्र बांधने से पहले बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया, आरती उतारी और फिर मिठाई खिलाकर अपने अटूट प्रेम और विश्वास का इज़हार किया।

## रक्षाबंधन पर छात्राओं ने बांधी राखी सुरक्षा और सम्मान का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के आवासीय परिसर में रक्षाबंधन समारोह का आयोजन विशेष अंदाज़ में हुआ, जिसमें पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर छात्रावास की बालिकाओं ने डीआईजी को राखी बांधी, वहीं परिसर में मौजूद अन्य छात्रों को भी राखी बांधकर भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीआईजी नौशाद आलम ने बच्चों को भारतीय सभ्यता, संस्कृति और मूल्यों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि राखी के इस पावन अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम दूसरे की बहन को भी अपनी बहन की तरह संरक्षण दें और किसी भी स्थिति में उनके फोटो या पहचान का गलत उपयोग न करें। हमें पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण से बचते हुए अपनी संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केवल उपहार देकर राखी की असली कीमत अदा नहीं की जा सकती, बल्कि इसके पीछे का असली भाव है ऐसा सामाजिक माहौल तैयार करना, जहां हर लड़की सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। समारोह के दौरान बच्चों ने पारंपरिक तरीके से राखी बांधने के बाद मिठाई खिलाई और भाईचारे का संदेश फैलाया।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज़्ज़ाद ख़ान के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रत्याशी और समर्पित संगठनकर्ता सज़्ज़ाद ख़ान का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। कांग्रेस जनों ने कहा कि उनके जाने से कांग्रेस परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र ने एक संघर्षशील, ईमानदार और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध नेता को खो दिया है। बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी के नेतृत्व में संगठन की ओर से उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस के ध्वज से स्नेह और श्रद्धा के साथ आच्छादित किया गया। पुष्प अर्पित कर उनके प्रति गहरी कृतज्ञता और विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त की गई। जिला कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता गोपाल सिंह ने कहा उनका पूरा जीवन जनसेवा, संघर्ष और संगठन को मजबूत करने के लिए समर्पित रहा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे, कामेश्वर तिवारी, सतेन्दर सिंह, जितेन्द्र कमलापुरी, अजय साहू, अनिल सिंह सहित अनेक लोग शामिल हुए।

## विश्व आदिवासी दिवस पर महुआडांड़ में भव्य शोभायात्रा और श्रद्धांजलि



- संविधान, संस्कृति और चेतना के संरक्षण का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** विश्व आदिवासी दिवस पर छेछाड़ी आदिवासी जागृति मंच के तत्वावधान में पकरीपाठ में भव्य शोभायात्रा सह श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महुआडांड़ के शहीद चौक, रेजिडेंशियल स्कूल, बिरसा चौक और ब्लॉक परिसर में वीर आदिवासी पूर्वज जीतू किसान और मीठू किसान की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर हुई।

27 किलोमीटर लंबी शोभायात्रा के बाद मुख्य कार्यक्रम स्थल पकरीपाठ में पाहान और बैगा द्वारा पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई। बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आदिवासी अधिकारों पर चर्चा का आयोजन भी हुआ। मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर झारखंड निर्माता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया गया।

### बाइक गार्डवाल से टकराई, दंपति गंभीर रूप से घायल

**चंदवा।** सासंग-सेरक पथ पर बारी टोंगरी में बाइक असंतुलित होकर गार्डवाल से टकरा गई। हादसे में जगेश्वर गंझु और उनकी पत्नी लालमुनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें चंदवा अस्पताल लाया गया, जहां से रिम्स रेफर किया गया।

### होमगार्ड जवान के घर लाखों की चोरी

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के चाया गांव में होमगार्ड जवान जयकुमार यादव के घर चोरों ने लगभग तीन लाख रुपये के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर लिए। घटना तब पता चली जब परिवार रक्षाबंधन पर घर लौटा और लॉकर टूटा मिला।

### पांच लाभुकों के बीच बकरी वितरण

**महुआडांड़।** प्रखंड स्थित पशुपालन विभाग परिसर में विभाग की ओर से हामी और परहाटोली पंचायत के सुमन्ती कुजूर सहित पांच लाभुकों के बीच एक यूनिट में एक बकरा और चार बकरी का सेट वितरित किया गया। मौके पर मुखिया प्रदीप बड़ाईक, मुखिया रीता खलखो और राजू कुमार मौजूद रहे।

## सावन पूर्णिमा पर सिंदूवारी श्रीराम जानकी मठ में अखंड हरिकीर्तन और भंडारा



- दशकों पुरानी परंपरा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड के सिंदूवारी श्रीराम जानकी मठ में सावन पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को अखंड हरिकीर्तन सह महाभंडारा का आयोजन किया गया। मठाधीश राजकिशोर तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर अखंड हरिकीर्तन की शुरुआत की। ग्राम दिग्ही मखरौल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में 12 घंटे तक महामंत्र ₹हरे राम हरे कृष्ण₹ का अखंड कीर्तन हुआ, जिसके बाद हवन, आरती और पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। महाभंडारे में क्षेत्रभर से आए श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मठ का ऐतिहासिक महत्व भी उल्लेखनीय है। यहां दर्जनों पूर्व मठाधीशों की समाधियां हैं और गुरु पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। आयोजन को सफल बनाने में श्याम सुंदर सिंह, संत कुमार सिंह, सीताराम सिंह, विनय सिंह, रामकुमार सिंह और दिवाकर सिंह का योगदान रहा।

## सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस रही अलर्ट, झूलों और खेलों का लिया आनंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** स्थानीय शिवाजी मैदान में चल रहे डिज़्नीलैंड मेले में रक्षाबंधन के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शाम होते-होते मैदान रंगीन रोशनी और चहल-पहल से गूंज उठा।

मेले में आए लोग विभिन्न झूलों, खेलों और दुकानों का लुत्फ उठाते रहे। बच्चों के लिए मिकी माउस, छोटे झूले, नाव, टोरा-टोरा और ब्रेक डांस जैसे आकर्षण मौजूद रहे।

विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार, यह मेला 15 से 20 दिनों तक चलता है और इससे दुकानदारों, झूला संचालकों, खाद्य विक्रेताओं और अन्य कामगारों को रोजगार मिलता है, साथ ही लोगों को मनोरंजन का सुनहरा अवसर भी प्राप्त होता है।

## बरवाडीह के पूर्व अंचलाधिकारी मनोज कुमार को भावभीनी विदाई

- स्थानांतरण शासन की प्रक्रिया, कार्यकाल में जनहित को सर्वोच्च रखा : मनोज कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह के अंचलाधिकारी रहे एवं वर्तमान में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, दुमका, मनोज कुमार को शुक्रवार को एक सादे समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित लोगों ने उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में मनोज कुमार ने कहा, "मेरी कार्यशैली सदैव जनहित में रही है। इससे कभी-कभी किसी को कष्ट हो सकता है, लेकिन मैंने हमेशा जनता के हित को प्राथमिकता दी।' उन्होंने राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, स्थानीय लोगों और पत्रकारों का सहयोग के लिए आभार जताया।

उन्होंने कहा कि स्थानांतरण शासन की नियमित प्रक्रिया है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, प्रभारी अंचल निरीक्षक फबीयानुस टोप्पो, राजस्व कर्मी बीरबल उरांव, नाजिर मनोज कुमार, नित्यानंद तिवारी, रामनाथ राम, अंचल अमीन झमन सिंह, दरोगा सिंह, हदीश अंसारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मगध सीसीएल में अवैध कोयला लदा ट्रक पकडाया

- फर्जी लोडिंग स्लिप से की गई थी कोयले की अवैध लोडिंग, जीएम ने दिए सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** मगध संघमित्रा क्षेत्र के सीसीएल महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ के नेतृत्व में कोयले की अवैध तस्करी के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार मगध कोल माइंस के स्टॉक नंबर 52 से एक ट्रक में फर्जी लोडिंग स्लिप के आधार पर अवैध रूप से कोयला भरा गया था।

पेपर जांच के दौरान सीसीएल सिक्योरिटी को गड़बड़ी का पता चला, जिसके बाद इसकी सूचना परियोजना पदाधिकारी और जीएम को दी गई। मौके पर पहुंचे जीएम नृपेन्द्र नाथ ने तुरंत कड़ा एक्शन लेते हुए ट्रक को जब्त कर अमरवाडीह पुलिस पिकेट भेजने और स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देने का निर्देश दिया। उन्होंने सीसीएल सिक्योरिटी और एसआईएसएफ को स्पष्ट आदेश दिया कि माइंस से कोयले का एक टुकड़ा भी अवैध रूप से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस कार्रवाई में परियोजना पदाधिकारी सदाला सतनारायणन, मैनेजर राकेश कुमार, डिस्पैच मैनेजर राजीव रंजन, एएसआई मुख्तार अंसारी और सुरक्षा बल के जवान मौजूद रहे।

## पेज एक के शेष

**मार गिराए पाकिस्तान...**

आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का ही एक मुखौटा है। संयुक्त राष्ट्र ने हमारे इस पक्ष को मान्यता दी है और अमेरिका ने टीआरएफ को आधिकारिक तौर पर आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। यह हमारी कूटनीतिक सफलता है।

**आपकी मदद के...**

बीज की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। किसानों ने भी खुले मन से अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। इस दौरान नेमरा के रविदास सोरेन, बिरजू सोरेन, दिलका सोरेन, विश्वनाथ बेसरा और परमेश्वर सोरेन मुख्यमंत्री के साथ थे।

**हथियार व गोलियों...**

गुप्त सूचना थी कि जमादार गंझू हथियार के साथ खामडीह जंगल में घूम रहा है। इस पर सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित अभियान चलाकर उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, जमादार गंझू लंबे समय से टंडवा, लावालौंग, सिमरिया, हजारीबाग और चतरा जिलों में रंगदारी वसूलने, हथियारबंद गतिविधियों और अन्य आपराधिक मामलों में सक्रिय था। उसके खिलाफ कई थानों में आर्म्स एक्ट और सीएलए एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं— जिनमें सदर थाना में एक, टंडवा में दो, लावालौंग में एक और सिमरिया में एक मामला शामिल है। वह पहले भी जेल जा चुका है।

छापेमारी टीम में एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के साथ लावालौंग थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस का कहना है कि उसकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में टीएसपीसी की गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ेगा और संगठन की रंगदारी वसूली नेटवर्क को झटका लगेगा।

**सरायकेला में दो...**

रेलवे अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। टक्कर के बाद इस मार्ग पर रेल यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। वैकल्पिक मार्गों से ट्रेनों को संचालित करने की कोशिश की जा रही थी। वहीं, आद्रा मंडल के चांडिल-नीमडीह रेलखंड पर मालगाड़ी के डिरेल होने की वजह से ट्रेन संख्या 20898/20897 रांची-हावड़ा-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस 09 अगस्त 2025 को रद्द कर दी गई।

**दो अंतरराज्यीय तस्कर...**

पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे सासाराम (बिहार) से ब्राउन शुगर लाकर लोहरदगा में बेचते हैं। अपराधियों के पास से 13 ग्राम ब्राउन शुगर (अनुमानित मूल्य 2,56,400 रुपए), 4,300 रुपए नकद, रेलवे टिकट (टोरी-सासाराम व सासाराम-रांची), एक विवो टी4एक्स 5जी, एक इंटेल कंपनी का कीपैड मोबाइल बरामद किया गया है। दोनों के खिलाफ लोहरदगा थाना कांड संख्या 142/25, दिनांक 08.08.2025, धारा 17(बी)/ 21(बी)/ 22(बी)/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में श्रद्धा केरकेट्टा (अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी), पुअनि सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, पुअनि रवि रंजन कुमार, पुअनि संजय कुमार, साअनि अमरनाथ पांडेय, साअनि चंद्रदीप मेहता, साअनि रमेश कुमार तिवारी, नीरज कुमार मिश्रा (तकनीकी शाखा), हवलदार विजय कुमार शर्मा, आरक्षी राजू महतो, आरक्षी जयमंगल सिंह आदि शामिल थे।

## संत जेवियर्स महाविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस का भव्य आयोजन

# आदिवासी संस्कृति प्रकृति संग सतत विकास की प्रेरणा देती है : डॉ. फादर एमके जोश

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में नागपुरी, सादरी, खोरठा, संथाली सहित विभिन्न आदिवासी नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश ने कहा कि आदिवासी समाज ने जल, जंगल और पर्यावरण के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनकी संस्कृति सतत विकास का संदेश देती है। उप-प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो ने कहा कि यह दिवस आदिवासी समुदाय के योगदान और विरासत को स्मरण करने का अवसर है।

### 11वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मनाया रक्षाबंधन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** 11वीं वाहिनी सीआरपीएफ, किनामाड़ कैम्प में शनिवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत रक्षाबंधन मनाया गया। कमांडेंट याद राम बुनकर सहित अधिकारियों और जवानों ने भाई-बहन के पवित्र बंधन का उत्सव मनाया। इस अवसर पर चित्रकारी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। ब्रह्मकुमारी बहनों ने जवानों को राखी बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की।

### शिक्षा और प्रतिभा से आदिवासी समाज का उत्थान संभव : बंधु तिर्की




**लातेहार।** विश्व आदिवासी दिवस पर लातेहार स्थित आदिवासी वासाओड़ा में आदिवासी समन्वय, जिला पड़हा व सरना समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की और विधायक रामचंद्र सिंह थे। बंधु तिर्की ने कहा कि शिक्षा, काबिलियत और प्रतिभा के माध्यम से ही आदिवासी समाज प्रगति कर सकता है। उन्होंने युवाओं को संगठित होकर अपनी परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करने का आह्वान किया।

## पूर्व अमेरिकी एनएसए बोले- ट्रंप के टैरिफ का उल्टा असर

# अमेरिका की बरसों पुरानी मेहनत बर्बाद हुई, भारत चीन-रूस के पास जा रहा

**एजेंसी । वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रंप की नीतियों से भारत, अमेरिका से दूर होता जा रहा है। उन्होंने भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाने के फैसले को 'भारी भूल' बताया। बोल्टन ने आशंका जाहिर की है कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए। उन्होंने कहा कि अमेरिका, भारत को रूस और चीन से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश कर रहा था लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है। पूर्व एनएसए ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाने का मकसद रूस को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन नतीजा यह हो सकता है कि भारत, रूस और चीन एकजुट होकर इन टैरिफ का विरोध करें। बोल्टन बोले- दोस्त-दुश्मन पर एक जैसा टैरिफ लगाना 'गलती' जॉन बोल्टन ने पहले भी अमेरिकी अखबार द हिल में लिखा था कि व्हाइट हाउस टैरिफ और अन्य शर्तों में चीन के प्रति भारत से ज्यादा नरमी दिखा रहा है, जो कि एक गंभीर गलती होगी। उनके मुताबिक, 'दोस्त और दुश्मन दोनों पर एक समान टैरिफ लगाने' से अमेरिका का वो भरोसा और आत्मविश्वास कमजोर हुआ है, जिसे बनाने में दशकों लगे थे, और बदले में बहुत कम आर्थिक फायदा मिला है, जबकि बड़े नुकसान का खतरा बढ़ गया है। बोल्टन ट्रंप के पिछले कार्यकाल में अमेरिकी सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। वे पिछले कुछ महीनों से ट्रंप की नीतियों की लगातार आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि अमेरिकी सरकार बिजनेस और सुरक्षा के मुद्दों को अलग-अलग तरीसे से देख रही है, जबकि भारत जैसे देशों के लिए दोनों चीजें जुड़ी हुई हैं। अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञ क्रिस्टोफर पैडिला ने भी चेतावनी दी कि यह टैरिफ भारत-अमेरिका संबंधों को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत हमेशा अमेरिका को शक की निगाह से देखेगा और कभी भी इन टैरिफ को नहीं भूलेगा।




### ट्रंप बोले- टैरिफ से रोज करोड़ों डॉलर आ रहे

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया था कि टैरिफ से शेयर बाजार में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है और हर दिन नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। साथ ही, सैकड़ों अरब डॉलर देश की तिजोरी में आ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर किसी अतिवादी वामपंथी कोर्ट ने इस वक्त टैरिफ के खिलाफ फैसला सुनाया तो इतनी बड़ी रकम और सम्मान को वापस पाना मुश्किल होगा। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ऐसा फैसला 1929 की तरह महामंदी ला सकता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह तबाह हो जाएगी। ट्रंप ने दावा किया कि वह कोर्ट सिस्टम को सबसे अच्छे से समझते हैं और इतिहास में कोई भी उनकी तरह चुनौतियों से नहीं गुजरा।

### चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की

वहीं, चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने गुरुवार को इसे "टैरिफ का दुरुपयोग" करार दिया। गुओ ने कहा- 'चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है।' उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक मुद्दों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। चीन का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जवाब में आया, जिसमें भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया है। इससे पहले ट्रंप ने भारत से ट्रेड डील पर बातचीत करने से इनकार कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता, बातचीत शुरू नहीं होगी।

### ट्रंप की दबाव की रणनीति के खिलाफ राष्ट्रहित में मोदी सरकार का समर्थन जरूरी : शरद पवार



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने अमेरिकी शुल्क का हवाला देते हुए शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ''दबाव की रणनीति'' के खिलाफ राष्ट्रीय हित में केंद्र सरकार का समर्थन करने का आह्वान किया। पवार ने नागपुर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ) लगाना दबाव बनाने की रणनीति है। हम भारत के लोगों को देश के हितों की रक्षा के लिए सरकार का समर्थन करना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह इस बात पर अटकलें नहीं लगाना चाहते कि मोदी सरकार की विदेश नीति विफल हो गई है या नहीं। उन्होंने कहा, ''हमने पहले कार्यकाल में भी अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की कार्यशैली देखी थी। मुझे लगता है कि उन पर किसी का नियंत्रण नहीं है। जो भी उनके दिल में आता है, वह आवेग में आकर बोल देते हैं। शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत और पड़ोसी देशों के बीच बढ़ती दूरी के संकेतों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम अपने पड़ोसी देशों के प्रति अपने रवैये को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। आज पाकिस्तान हमारे खिलाफ है, जबकि नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे देश हमसे खुश नहीं हैं। राकांपा (एसपी) प्रमुख ने कहा, ''हमारे पड़ोसी हमसे दूर जा रहे हैं। मुझे लगता है कि मोदी साहब को इस पहलू को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

# आईओसी ने खरीदा है अमेरिका, कनाडा व मध्य पूर्व से 70 लाख बैरल कच्चा तेल

## रूसी कच्चे तेल की खरीद रोकने के बाद हुई है यह खरीदारी

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ की धमकी के बाद आईओसी ने अमेरिका, कनाडा व मध्य पूर्व से कच्चा तेल खरीदा है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष रिफ़ाइनरी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने एक निविदा के मार्फ़त संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा व मध्य पूर्व से सितंबर में आने वाला 70 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा है। रॉयटर्स ने "कई व्यापारिक सूत्रों" का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। रॉयटर्स के अनुसार, आईओसी की यह खरीदारी एशिया के लिए अमेरिकी कच्चे तेल के आर्बिट्रेज विंडो खुलने व भारतीय सरकारी रिफाइनरों द्वारा छूट कम होने के कारण रूसी कच्चे तेल की खरीद रोकने के बाद हुई है। मालूम हो कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक व समुद्री मार्ग से रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार है।

अमेरिकी कच्चे तेल की खरीद की खबर तब आई जब व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने फॉक्स न्यूज को बताया: "उन्होंने (अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप) बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदकर इस युद्ध का वित्तपोषण जारी रखना स्वीकार्य नहीं है।" रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि आईओसी ने 45 लाख बैरल अमेरिकी कच्चा तेल, 5 लाख बैरल कनाडा के वेस्टर्न कैनेडियन सिलेक्ट और 20 लाख बैरल अबू धाबी में उत्पादित दास तेल खरीदा। रॉयटर्स के अनुसार, दो सूत्रों ने कहा, "सामान्य से ज़्यादा खरीद आंशिक रूप से रूसी बैरल की भरपाई के लिए है।" आईओसी की खरीद की खबर रॉयटर्स द्वारा दो भारतीय सरकारी सूत्रों के हवाले से दी गई उस रिपोर्ट के एक दिन बाद आई है जिसमें कहा गया था कि ट्रंप की दंडात्मक धमकियों के बावजूद भारत मास्को से तेल खरीदना जारी रखेगा। एक सूत्र ने तब रॉयटर्स को बताया, "ये दीर्घकालिक तेल अनुबंध हैं। रातोंरात खरीद बंद करना इतना आसान नहीं है।" न्यूयॉर्क टाइम्स ने शनिवार को दो अनाम वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा कि भारत सरकार की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एक अधिकारी ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि दिल्ली सरकार ने रूस से आयात कम करने के लिए "तेल कंपनियों को कोई निर्देश नहीं दिया है।

बीते सप्ताह की शुरुआत में, रॉयटर्स ने बताया था कि जुलाई में छूट कम होने के बाद, भारतीय सरकारी रिफाइनरियों ने हाल ही में रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग के दौरान रूसी कच्चे तेल की खरीद के बारे में पूछे जाने पर कूटनीतिक रुख अपनाया। रणधीर जायसवाल ने उस समय संवाददाताओं से कहा, "हमारी ऊर्जा स्रोत आवश्यकताओं के संबंध में... हम देखते हैं कि बाज़ार में क्या उपलब्ध है, क्या पेशकश की जा रही है, और साथ ही मौजूदा वैश्विक स्थिति या परिस्थितियाँ क्या हैं।

## खालिस्तान से जुड़े बोर्ड लगाना नियमों के खिलाफ नहीं

# चैरिटी आयोग ने ब्रिटेन के गुरुद्वारों को दी अनुमति

**एजेंसी । यूनाइटेड किंगडम (यूके)**

यूनाइटेड किंगडम (यूके) के एक गुरुद्वारे को खालिस्तान शब्द वाले बोर्ड लगाने की अनुमति मिल गई है। यूके के चैरिटी क्षेत्र की निगरानी संस्था ने फैसला सुनाया है कि स्लो स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की जाँच में पाया गया है कि खालिस्तान बोर्ड देश में संचालित चैरिटी संस्थाओं के लिए राजनीतिक दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं करते हैं। यह मामला 2019 में तब उठा जब एक भारतीय पत्रकार को पूजा स्थल परिसर में एक खालिस्तान बोर्ड दिखाई दिया। हालाँकि, गुरुद्वारे की समिति ने कथित तौर पर इन पट्टिकाओं के इस्तेमाल को राजनीतिक के बजाय धार्मिक बताते हुए इसका बचाव किया। वहीं, 2019 में दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के बर्कशायर




काउंटी स्थित स्लो स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा का दौरा करने वाली एक भारतीय पत्रकार को परिसर के अंदर एक बड़ा खालिस्तान बोर्ड मिला। उन्होंने चैरिटी कमीशन में शिकायत दर्ज कराई, जो ब्रिटेन में चैरिटी संस्थाओं का नियमन करता है। ब्रिटेन में गुरुद्वारों को चैरिटी के रूप में पंजीकृत किया जाता है क्योंकि वे जनहित के लिए होते हैं। ब्रिटिश चैरिटी कमीशन के दिशानिर्देश किसी राजनीतिक दल या राज्य का समर्थन करने की अनुमति नहीं देते हैं।

### महिलाओं के प्रति दोहरा रवैया पर यूनुस सरकार की आलोचना

**ढाका ।** ढाका विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर समीना लुत्फा ने शनिवार को बांग्लादेश में पुरुष-प्रधान निर्णय प्रक्रिया की कड़ी आलोचना की। संसद में महिलाओं की सीटें और महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण विषय पर आयोजित गोलमेज बैठक में लुत्फा ने कहा, "पार्टियां जब आयोग की बैठकों में जाती हैं, तो मैं देखती हूं कि पूरा का पूरा लड़कों का क्लब बैठा है। सभी पुरुष वहां बैठकर महिलाओं का भविष्य तय कर रहे हैं। खबरें आती हैं कि अगर आप 15 चाहते हैं, तो मैं 10 दे सकता हूं। क्या यह मछली बाजार में सौदेबाजी है? पुरुष तय करेंगे कि महिलाएं राजनीति में कैसे आएंगी। इससे बड़ी हास्यास्पद बात और क्या हो सकती है? उन्होंने कहा, "मानवाधिकार के नजरिये से देखें तो पार्टियां इसे समझने में पूरी तरह विफल रही हैं।

### मेक्सिको की राष्ट्रपति बोलीं- अमेरिकी सेना को घुसने नहीं देंगे

**मेक्सिको सिटी ।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने शुक्रवार को कहा कि वे अपने देश में अमेरिकी सेना का घुसना स्वीकार नहीं करेंगी। शिनबाम ने कहा, "अमेरिकी सेना मेक्सिको नहीं आएगी। यह किसी समझौते का हिस्सा नहीं है और पहले भी जब यह मुद्दा उठा, उन्होंने हमेशा 'नहीं' कहा है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि उन्होंने पेंटागन को मेक्सिको के उन ड्रग कार्टेल्स पर कार्रवाई का आदेश दिया है जिन्हें अमेरिका आतंकवादी संगठन मानता है। अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप का मुद्दा लैटिन अमेरिका में लंबे समय से संवेदनशील रहा है, क्योंकि इस क्षेत्र में अमेरिका के हस्तक्षेप का इतिहास सौ साल से भी पुराना है।



### अंतिम संस्कार से लौट रहे लोगों को ले जा रही बस पलटने से 21 लोगों की मौत

**केन्या ।** अफ्रीकी देश केन्या के दक्षिण-पश्चिमी इलाके में अंतिम संस्कार के बाद लोगों को वापस ले जा रही एक बस के शुक्रवार को खाई में गिर जाने से उसमें सवार कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बस पश्चिमी शहर काकमेगा से किसुमु शहर जा रही थी, जहां यह दुर्घटना हुई। न्यान्जा प्रांत (जहां किसुमु स्थित है) के क्षेत्रीय यातायात प्रवर्तन अधिकारी पीटर मायना ने बताया बस के तेज गति से गोल चक्कर के पास पहुंचने पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई। उन्होंने बताया कि पीड़ितों में 10 महिलाएं, 10 पुरुष और 10 वर्षीय एक लड़की शामिल हैं।

### रक्षा उत्पादन में भारत ने लगाई लंबी छलांग, 5 साल में 90 प्रतिशत की वृद्धि



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में रक्षा उत्पादन 1,50,590 करोड़ रुपए के साथ अपने सर्वाधिक उच्च स्तर पर रहा। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के 1.27 लाख करोड़ की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। साल 2019-20 में यह आंकड़ा 79,071 करोड़ था, यानी 5 साल में 90 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को इस ऐतिहासिक उपलब्धि की जानकारी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह निरंतर वृद्धि भारत के मजबूत होते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत है। इस मौके पर राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन में काम करने वाली कंपनियों और निजी उद्योगों के सामूहिक प्रयास की सराहना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में राजनाथ सिंह ने लिखा, "मैं इस उपलब्धि को हासिल करने में रक्षा उत्पादन विभाग और सभी हितधारकों, यानी रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के निर्माताओं और निजी उद्योग के सामूहिक प्रयासों की सराहना करता हूं। यह बढ़ती हुई प्रगति भारत के मजबूत होते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत है।"रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों का कुल उत्पादन में लगभग 77 प्रतिशत योगदान रहा, जबकि निजी क्षेत्र का योगदान 23 प्रतिशत रहा। निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2023-24 में 21 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 23 प्रतिशत हो गई, जो देश के रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में इस क्षेत्र की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है।

रक्षा मंत्रालय ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत भारत सरकार के रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सफलता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता घटाने और देश में एक मजबूत रक्षा औद्योगिक ढांचा खड़ा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो न सिर्फ घरेलू जरूरतों को पूरा करे, बल्कि निर्यात क्षमताओं को भी सशक्त बनाए।

### रूस में भीषण भूकंप के झटके, रिक्टर पैमाने पर मापी गई 6.0 की तीव्रता

**मास्को ।** रूस में भीषण भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.0 मापी गई है। यूएसजीएस भूकंपने बताया, रिक्टर पैमाने पर 6.0 तीव्रता का भूकंप आज 19:34:07 बजे रूस के सेवेरो-कुरील्स्क से 267 किमी पूर्व दक्षिण पूर्व में आया।

## 'वॉर 2' पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची

कहानी फिल्म जगत की

*सीबीएफसी ने इस फिल्म को 6 अगस्त को पास किया और फिल्म को यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। हालांकि, सर्टिफिकेट देने से पहले बोर्ड ने फिल्म पर कैंची चलाते हुए कुछ बदलाव करवाए हैं।*



### ऋतिक-जूनियर एनटीआर की फिल्म में हुए कई बदलाव...

ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'वॉर 2' 14 अगस्त को रिलीज होने जा रही है। रिलीज से पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म में कट समेत ऑडियो और वीडियो में कई बदलाव किए हैं। सीबीएफसी ने इस फिल्म को 6 अगस्त को पास किया और फिल्म को यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। हालांकि, सर्टिफिकेट देने से पहले बोर्ड ने फिल्म पर कैंची चलाते हुए कुछ बदलाव करवाए हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएफसी ने मेकर्स से 6 जगह पर ऑडियो और विजुअल दोनों में अनुचित संदर्भों को म्यूट करने के लिए कहा है। साथ ही 6 जगहों पर डायलॉग को बदला गया है। फिल्म में दो सेकंड का एक सीन भी हटाया गया है, जिसमें किरदार का इशारा सेंसर बोर्ड को गलत लगा।


